सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

04.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 25



12 रजनीकांत की फिल्म जेलर का ट्रेलर रिलीज

## परीक्षा संबंधी विधेयक सदन से पास, भाजपा ने फाड़ी बिल की कॉपी, वाकआउट

# नकल रुकेगी, स्थानीय को अधिक मौका : सीएम

**बिल के पक्ष में क्या बोले सीएम**

- सोच समझ कर नकल रोकने को लाया गया बिल
- भाजपा सदस्य पहले सभी प्रावधान पढ़ तो लें
- 20 साल तक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को झारखंड प्रतियोगी परीक्षा भर्ती एवं अनुचित साधन रोकथाम विधेयक 2023 को सदन ने बहुमत से पारित कर दिया। इससे पूर्व सदन में सीएम हेमंत सोरेन ने प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के समर्थन में कहा कि पहले यहां की नौकरियों में 75 फीसदी सीटों पर बाहरी आ जाते थे। लेकिन, अब यहां के युवाओं को इससे अधिक मौका मिलेगा। यह विधेयक केवल झारखंड ही नहीं, भाजपा शासित राज्यों में भी लाया गया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा के विधायकों को नसीहत देते हुए कहा कि विधेयक के उन प्रावधानों को भी पढ़ना चाहिए। हमलोगों ने तो कड़ी सजा को बहुत कम किया है।

राज्य में 20 सालों तक भाजपा का राज रहा पर उनलोगों ने यहां के युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ खिलवाड़ किया है। अब राज्य की नौकरियों में 20 फीसदी बाहरी ही घुस पा रहे हैं। बिल पर सीएम की सफाई पर विरोध करते हुए विपक्षी दल भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। बिल के सपोर्ट में सत्तापक्ष के विधायक भी वेल में आये। सदन का माहौल गरमा गया। इसके बाद विपक्षी विधायक विधेयक की काफी फाड़ दी और सदन से वॉक आउट कर गये।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद से अब तक नियोजन को लेकर सवाल रहा है। जेएसएससी की गलतियों को छिपाने के लिए इस तरह के विधेयक को लाया गया है। जो छात्र परीक्षा व रिजल्ट की गलतियां निकाल कर लायेंगे, उन्हें डराने, धमकाने के लिए यह सब हो रहा है। यह छात्रों के लिए सुसाइड के समान है। नवीन जायसवाल के अनुसार यह हड़बड़ी में लाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### प्रवर समिति में भेजने की मांग

इस दौरान विधायक विनोद सिंह ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा विधेयक में करोड़ों रुपये तक के जुर्माना, कारावास बगैर जांच के जेल भेजे जाने जैसे मसलों को लेकर आपत्ति रखी। इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे छात्र ही इससे सबसे अधिक प्रभावित होंगे। वास्तव में नकल के मामले में राज्य में संगठित अपराध और गिरोह काम कर रहा है। छात्र ही इसके शिकार होते हैं। उन पर निगरानी की बात हो, बिना जांच के गिरफ्तारी और आईओ को असीमित अधिकार देना गलत है। इस विधेयक के लिए नियमावली बनी नहीं है। इसमें कई कमियां हैं। वैसे नकल रोकने की सरकार की चिंता लाजिमी है, पर मूल आशय कमजोर हो रहा है।



**...क्या बोले मुख्यमंत्री :** सीएम ने कहा कि इस विधेयक में सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि परीक्षा संचालन में लगी एजेंसी, छात्र, जो भी कदाचार में शामिल होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। एक परीक्षार्थी कदाचार करता है और उसका असर लाखों के भविष्य पर पड़ता है। झारखंड गठन के बाद पहली बार यहां के छात्रों के हित में इतना अहम विधेयक लाया गया है। इससे यहां के छात्रों के अधिकार का संरक्षण होगा।

### भाजपा ने कहा- यह काला कानून

इसके पहले विपक्षी विधायकों ने बिल की कॉपी भी फाड़ दी और इसे काला कानून बताते हुए सदन से वाकआउट किया। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह जल्दबाजी में लाया गया विधेयक है। इतिहास में यह काला कानून के रूप में जाना जायेगा। गड़बड़ी की सूचना देने वाले भी फंसेंगे। छात्र हित में इसे प्रवर समिति को भेजा जाये। लंबोदर महतो ने कहा कि जब राज्य में परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 लागू है, तो ऐसे विधेयक का मतलब क्या है। तकरीबन 40 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जो गरीब वर्ग से हैं। गरीब छात्र-छात्रा नौकरी का सपना रखता है, जाने अनजाने या सरकारी अफसरों के षडयंत्र में अगर वह फंसा तो बर्बाद हो जायेगा। इस विधेयक की धारा 23 और अन्य धाराएं इसे काला कानून बनाती हैं। जो आइओ होगा, बिना किसी आदेश के और वारंट के किसी को भी जेल भेज सकता है। जेपीएससी में वैसे एजेंसी को काम दिया गया है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड हैं, जिस पर आरोप है, एफआईआर है तो उसे चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



**भारी बारिश में बढ़ी दशम फॉल की खूबसूरती, उमड़े सैलानी :** झारखंड में पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। रांची से महज 30 किमी दूर 144 फीट उंचाई से गिरते दशम फॉल का भी कुछ ऐसा ही हाल है। दशम फॉल में पानी की धार देख लोगों का मन रोमांचित हो रहा है। बारिश के पानी की अठखेलियां देखने लोग खुद को भारी बारिश में भी नहीं रोक पाये।

### टी-20 : भारत को मिला 150 का आसान लक्ष्य

**त्रिनिदाद।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच गुरुवार को पहले टी-20 मैच में मेजवान वेस्टइंडी ने भारत को जीत के लिए 150 रनों का का लक्ष्य दिया। ब्रायन लारा स्टेडियम में चल रहे इस मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रॉवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में टीम इंडिया की कमान हार्दिक पांड्या संभाल रहे हैं। वहीं वेस्टइंडीज टीम की अगुवाई रोवमैन पॉवेल कर रहे हैं। वनडे सीरीज भारत पहले ही 2-1 से जीत चुका है। जीत का लक्ष्य ले कर उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल केवल तीन रन बनाकर आउट हो गये। ईशान किशन भी दूसरे विकेट के रूप में बड़ा शॉट खेलने की फिराक में आउट हो गये। वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान पॉवेल ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाये। भारत की ओर सेअर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट हासिल किये।

### श्रद्धांजलि सभा के बाद दलादली चौक पर लगी सुभाष मुंडा की प्रतिमा

# जन-जन के नायक, सिद्धांत के पक्के थे मुंडा : बृंदा करात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी, रांची।** नगड़ी के दलादिली चौक पर गुरुवार को युवा नेता सुभाष मुंडा की स्मृति में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में सबसे पहले दो मिनट का मौन धारण कर स्व मुंडा को श्रद्धांजलि दी गयी। सीपीआइएम पोलित ब्यूरो की सदस्य सह पूर्व सांसद बृंदा करात ने परिवार के साथ दलादिली चौक में स्थापित सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण करने के बाद सभी लोगों ने उस चौक का नाम सुभाष मुंडा चौक बनाने का ऐलान किया। श्रीमती करात ने कहा कि क्षेत्र के जन-जन के नायक की नृशंस हत्या से परिवार के साथ पार्टी और समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। वह नीति और सिद्धांत के बड़े पक्के थे। (शेष पेज 11 पर)



सुभाष मुंडा की प्रतिमा का अनावरण करतीं बृंदा करात।

### हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

रांची। पुलिस ने सुभाष मुंडा हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में छोटू, बबलू व दो अन्य शामिल है। जानकारी के अनुसार हत्याकांड का मास्टरमाइंड छोटू बताया जा रहा है। उसी के इशारे पर ही सुभाष मुंडा की हत्या हुई है। छोटू मुंडा पूर्व अपराधी सरगाना रहे झींगा बॉस का बेटा बताया जा रहा है। जमीन विवाद में सुभाष मुंडा की हत्या हुई थी। यह विवाद चाय बागान के 93 डिसमिल जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा था। इसी विवाद के कारण छोटू ने सुभाष मुंडा को रास्ता से हटाने का प्लान बनाया और उसकी हत्या करा दी। हत्या के बाद छोटू भी सुभाष मुंडा की शव यात्रा में शामिल हुआ ताकि लोग उस पर शक न हो। छोटू, बबलू और सुभाष मुंडा सभी लोग एक साथ पहले जमीन का कारोबार करते थे, लेकिन कमीशन के खेल के कारण सब लोग अपना-अपना जमीन का कारोबार करने लगे थे। जिसके बाद वर्चस्व की जंग शुरू हुई, जो हत्या का कारण बना।

# नक्सलियों का आर्म्स सप्लायर पकड़ा गया

- झारखंड एटीएस ने बिहार से लालू पांडे को दबोचा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एटीएस ने पीएलएफआइ और अपराधियों को हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलर प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बिहार के नालंदा जिले के पावापुरी इलाके से की गयी। प्रभाकर झारखंड-बिहार में अवैध आर्म्स डीलिंग में एक बड़ा नाम था। प्रभाकर न सिर्फ अपराधियों को आर्म्स सप्लाइ करता था वल्कि कई उग्रवादी संगठन भी उसी से हथियार लेते थे।

**नवादा-पावापुरी में मिला था लोकेशन :** संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ एटीएस कार्रवाई तो कर ही रही है, अब उन्हें हथियार सप्लाई करने वाले आर्म्स डीलरों पर भी एटीएस की टेढ़ी नजर है। हथियार तस्करों के खिलाफ भी अब झारखंड एटीएस ने जंग छेड़ दिया है। इस कड़ी में झारखंड-बिहार में आर्म्स सप्लाई करने वाले गिरोह से जुड़े प्रभाकर उर्फ लालू पांडे को एटीएस ने धर दबोचा।

# रोक हटी, ज्ञानवापी परिसर में एएसआइ का सर्वे प्रारंभ

**दूसरा पक्ष गया सुप्रीम कोर्ट**

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अहम फैसले में ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा वैज्ञानिक सर्वे कराने पर लगी रोक हटा दी है। न्यायालय ने जिला जज वाराणसी के पिछली 21 जुलाई के आदेश को बहाल कर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि पुरातत्व विभाग एवं एएसजीआई की ओर से हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर स्पष्ट कहा गया है कि सर्वे के दौरान ढांचे में किसी भी प्रकार से कोई नुकसान नहीं होगा। इस आशय का उन्होंने हलफनामा दाखिल किया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि इससे कोर्ट को इस बयान पर संदेह करने का कोई कारण नही है। यह स्थापित विधि सिद्धान्त है कि अधीनस्थ अदालत किसी भी स्तर पर आदेश जारी कर सकती है।

उधर, उच्च न्यायालय के फैसले के बाद एएसआइ ज्ञानवापी परिसर में शुक्रवार से वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम फिर से शुरू करेगा। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने संवाददाताओं से कहा एएसआइ टीम ने जिला प्रशासन से मदद मांगी है और हम उन्हें सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# पाक आतंकमुक्त माहौल बनाये तभी वार्ता : भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के वार्ता ऑफर पर भारत ने दो टूक शब्दों में कहा कि इसके लिए पहले पाकिस्तान को आतंकमुक्त माहौल बनाना होगा। बिना आतंकमुक्त माहौल के उसके साथ कोई भी बातचीत असंभव है। वहीं भारत ने कहा कि पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा।

**शहवाज शरीफ को दो टूक जवाब**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत के लिए आंतकमुक्त माहौल बनाना जरूरी है, क्योंकि उसकी कथनी और करनी में हमेशा फर्क रहता है। वहीं सीमा पार से आयी सीमा हैदर के साथ-साथ अंजू से जुड़े मामले पर विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि सीमा हैदर का मामले को एजेंसियां देख रही हैं। वहीं, भारत से पाकिस्तान गयी अंजू के मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बागची ने कहा कि अंजू का मामला विदेश नीति से जुड़ा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि अंजू निजी तौर पर पाकिस्तान गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

# सचेत रहें युवा, तभी डाइबिटीज से बचेंगे

## तनाव, जंक फूड, देर तक जगना, समय से भोजन नहीं लेना बीमारी का प्रमुख कारण

- हर घर में 10 में से तीन लोग डाइबिटीज से पीड़ित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत आज डाइबिटीज का हब बन गया है। हर घर में दस में से तीन लोग डाइबिटीज से पीड़ित हैं। करीब चौदह करोड़ लोग इससे ग्रस्त हैं और यदि संयम का पालन नहीं किया गया तो आने वाले कुछ समय में यह संख्या दो गुनी हो जायेगी। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आज युवा पीढ़ी इस बीमारी की चपेट में आ रही है। जंक फूड का प्रचलन, देर रात तक जागना, समय पर खाना नहीं खाना, साथ ही कैरियर को लेकर हमेशा तनाव में रहने के कारण युवाओं में डाइबिटीज तेजी से फैल रही है। ऐसे में जरूरी है कि युवा अपनी जीवनशैली सुधारें, नहीं तो वे डाइबिटीज, हाईपरटेंशन के शिकार होते जायेंगे।




युवा हेल्थ कॉन्क्लेव में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक।

उक्त बातें गुरुवार को सामाजिक संगठन आस्था फाउंडेशन की ओर से चलाये जा रहे वाक फार लाइफ मुहिम के तहत आयोजित युवा हेल्थ कॉन्क्लेव में सैकड़ों युवाओं को संबोधित करते हुए मशहूर मनोचिकित्सक डॉक्टर अतुल्य रंजन ने कही। कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग में किया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

### नूंह छोड़कर भाग रहे प्रवासी मजदूर

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार डर से अपने गृहनगर जा रहे हैं। काम की तलाश में पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। इस सांप्रदायिक हिंसा में अब तक छह लोगों की जान जा चुकी है। मौजूदा स्थिति और कर्फ्यू के कारण पिछले कुछ दिनों से घर के अंदर रहने को मजबूर श्रमिकों और बच्चों सहित उनके परिवारों ने कहा कि वे खाने को मोहताज हैं। उत्तर प्रदेश के औरैया में अपने गृह नगर में बाढ़ के कारण लगभग एक महीने पहले नूंह आए प्रवासी श्रमिक सरताज ने कहा कि वह भी घर वापस जाना चाहते हैं।

# सभी सांसदों के भरोसा देने पर मान गये ओम बिरला

- आसन संभाला, कहा- ऐसे ही सदन चलाओ, अच्छा लगता है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दो दिन बाद गुरुवार 3 अगस्त को दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही का संचालन किया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने उनसे मुलाकात कर सदन की जिम्मेदारी संभालने के लिए मनाया। तब जा कर वह मान गये। विपक्षी सभी सांसदों ने एक सुर में सदन की मर्यादा रखने और आसन का सम्मान करने का आश्वासन दिया, तब जाकर स्पीकर कुर्सी पर आये। उनको देखते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। सदस्यों के स्वागत की बात सुनकर बिरला ने हंसते हुए कहा कि ऐसे ही सदन चलाओ, अच्छा लगता है।

गुरुवार को जब लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पर बहस के बाद गृह मंत्री अमित शाह सरकार का पक्ष रख रहे थे, तभी स्पीकर ओम बिरला सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे। दोनों पक्षों के सांसदों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अमित शाह ने भी विपक्ष के अच्छे मूड को लेकर चुटकी ली।

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### जिला स्कूल में लगी आग से भारी क्षति

**रांची।** जिला स्कूल में लगी भीषण आग पर काबू करीब पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद काबू पा लिया गया। आग की वजह से स्कूल को काफी नुकसान हुआ है। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्कूल के चार कमरे में 200 से अधिक बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते थे वे पूरी तरह राख हो गये।

### कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को सेवा विस्तार

**नयी दिल्ली।** कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को बृहस्पतिवार को सरकार ने 30 अगस्त, 2023 से आगे एक साल का विस्तार दिया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। यह उन्हें दिया गया तीसरा सेवा विस्तार है।

### खूंटी में डायन के शक में पत्नी को मार डाला

**खूंटी।** थाना क्षेत्र के लांदुप पंचायत के दातरोम बेड़ा टोला में एक पति ने अपनी ही पत्नी चरिया मुंडाइन (22) को डायन का आरोप लगा कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मारंगहादा थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जातीय जनगणना के खिलाफ याचिका दायर

**पटना/दिल्ली।** पटना हाईकोर्ट द्वारा जातीय सर्वेक्षण के मामले में 1 अगस्त, 2023 को दिये फैसले को अखिलेश कुमार ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट की वकील तान्याश्री व अधिवक्ता ऋतु राज ने अखिलेश कुमार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया है।

### मनोज तिवारी ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**कोलकाता।** भारत के लिए वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेल चुके मनोज तिवारी ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए रिटायरमेंट की जानकारी दी।

### कोसी के विकराल रूप से लोगों में दहशत

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले में स्थित बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के इतमादी के गांधीनगर में कोसी नदी का भीषण कटाव हो रहा है। इस कटाव की चपेट में आने से प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर धराशायी होने लगा है।

### मणिपुर में फिर हिंसा आंसू गैस के गोले छोड़े

**मणिपुर।** बिष्णुपुर जिले के कांगवई और फोउगाकचाओ इलाके में झड़पों के बाद सेना तथा त्वरित कार्रवाई बल (आरपीएफ) ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 17 लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने कर्फ्यू में दी गयी ढील को वापस ले लिया है।

### फर्जी डिग्रीधारी 225 सहायक शिक्षक नपे

**गिरिडीह।** जिला शिक्षा विभाग ने फर्जी डिग्री पर 15 साल तक सहायक अध्यापक की नौकरी करनेवाले जिले के 225 जालसाजों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### राज्यपाल से मिलीं ब्रह्मकुमारी निर्मला

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को रांची के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी निर्मला बहन ने राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल को रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## खबर एक नजर में

### ढुल्लू महतो ने अवैध कोयला खनन की सीबीआइ जांच की मांग की



**रांची।** भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद में हो रहे करोड़ों रुपये के कोयला खनन की जांच सीबीआई या ईडी से कराने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि धनबाद जिले में राष्ट्रीय संपत्ति की लूट माफियाओं द्वारा की जा रही है। अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। इस मामले में सरकार किसी भी स्तर से जल्द से जल्द जांच कराये।

### घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिए बने राष्ट्रीय नीति : चंद्रप्रकाश चौधरी

**रांची।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलकर घरेलू कामगारों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने नई दिल्ली इसे लेकर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में घरेलू कामगार दिल्ली एवं अन्य शहरों में काम करते हैं। इनमें अधिसंख्य महिलाएं होंती हैं। ऐसे कई कामगार चौबीसो घंटे नियोक्ता के घर में रहते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षाए न्यूनतम मजदूरीए सामाजिक सुरक्षाए निबंधन आदि का लाभ देने के लिए राष्ट्रीय नीति बनानी आवश्यक है ताकि उसे पूरे देश में लागू किया जा सके। श्री चौधरी ने कहा कि ऐसे कामगार अधिसंख्य दलित और आदिवासी होते हैंए जिनकी सुरक्षा जरूरी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक रूप अपनाने की बात कही।

### वन विभाग में दो पदाधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** भारतीय वन सेवा के अधिकारी कुलवंत सिंह को प्रोन्नति देते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी बनाया गया है। इस पद का प्रभार देख रहे शशिकर सामंता को प्रोन्नति देते हुए प्रधान मुख्य संरक्षक सह कार्यकारी निदेशक बंजर भूमि के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री सामंता सीइओ झारपार्क के पद पर थे। इसके अतिरिक्त उनके पास अध्यक्ष प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का भी प्रभार है। वन विभाग ने अविरूप सिन्हा को डीएफओ सारंडा और मुकेश सिन्हा को डीएफओ चतरा दक्षिणी के पद पर पदस्थापित किया है।

## बाहें चढ़ा कर भाजपा विधायक लपके इरफान अंसारी की ओर, सदन में भारी हंगामा

# सदन में कान पकड़कर माफी मांगें इरफान : कुशवाहा शशिभूषण मेहता

### पक्ष-विपक्ष के बीच हाथापाई की नौबत के बाद गरमाये स्पीकर

उदय चौहान



कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी



स्पीकर रवींद्र नाथ महतो



भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता

**रांची।** मॉनसून सत्र के पांचवें दिन गुरूवार को सदन में अजीब स्थिति देखने को मिला। प्रथम पाली में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रमुख विपक्षी दल भाजपा की ओर से बाबूलाल मरांडी को जाति सूचक शब्द कहने के लिये कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी से माफी मांगने को लेकर शोरगुल होने लगा। विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा व नारेबाजी करना शुरू कर दिया। इसी बीच भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने इरफान अंसारी के सीट की ओर कदम बढ़ाया और कुछ इशारा किया। इसके बाद इरफान अंसारी ने भी अपनी सीट से वेल की ओर कदम बढ़ाया। दोनों ओर से हाथापायी की नौबत देख कर कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने बीच में आकर बचाव किया। इस दौरान स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने दोनों पक्षों को समझाने का भरसक प्रयास किया। हंगामा कम न होता देख स्पीकर ने शशिभूषण मेहता को डांट पिलायी और कहा कि यह सदन है, अखाड़ा नहीं। मर्यादा को तार-तार करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने मार्शल को निर्देश दिया कि कुशवाहा शशिभूषण मेहता को बाहर का रास्ता दिखायें। हालांकि, स्पीकर के निर्देश पर ही शशिभूषण मेहता को मार्शल ने छोड़ भी दिया। हालांकि, हालात ऐसे हो गये कि स्पीकर अपने सीट से खड़े हो गये। दरअसल, मानसून सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, भाजपा विधायकों के निशाने पर रहे। एक वक्त ऐसा आया जब लगा कि मारपीट तक हो जायेगी। इरफान अंसारी पर भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता इस कदर आग बबूला थे कि बांह चढ़ाते हुए उनकी तरफ जा बढ़े। इसी बीच कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने शशिभूषण मेहता को रोका। दरअसल, प्रश्नकाल शुरू होते ही व्यवस्था के तहत भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने 1 अगस्त को सदन में बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ अमर्यादित बात कही थी। इस कथन के लिए उनको सदन में कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिये। नहीं तो हम उनकी ऐसी की तैसी कर देंगे। इस पर स्पीकर ने कहा कि इरफान अंसारी अभी सदन में नहीं हैं। उनसे बात की जायेगी। इधर, भाजपा के विधायक वेल में हंगामा कर रहे थे। इसी बीच इरफान अंसारी सदन में पहुंचे तो शशिभूषण मेहता उनको देखते ही भड़क गये। उन्होंने कहा कि इधर आओ तुमको बताते हैं। तब स्पीकर ने चेतावनी दी कि वह ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने मार्शल अलर्ट भी कर दिया। स्पीकर ने अविलंब शशिभूषण मेहता को अपने आसन पर जाने को कहा। इस दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि इरफान अंसारी ने जो कहा था, उस पर वह माफी मांगेंगे। लेकिन भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने जिस तरह की हरकत की है, वह बेहद गंभीर है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। तब माहौल को देखते हुये इरफान अंसारी ने सदन में सफाई दी उन्होंने कहा कि यह घटना 1 अगस्त की है, वह आदिवासी समाज के हितेषी हैं। फिर भी अगर बातों से किसी को ठेस पहुंची है तो इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने ही आदिवासी के मुंह पर पेशाब किया था। यह लोग उस बात को उठा रहे हैं, जिसको उसी दिन सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि मॉनसून सत्र के पांचवें दिन सदन में संसदीय लोकतंत्र की परंपरा को तोड़ने का काम किया गया। इसके पहले झारखंड विधानसभा में इस तरह के दृश्य देखने को कभी नहीं मिले थे। स्पीकर ने सदस्यों को सदन में मर्यादा के साथ व्यवहार करने का पाढ़ पढ़ाया। बावजूद इसके पक्ष-विपक्ष दोनों ओर के विधायक सिर्फ हंगामा करने में ही व्यस्त दिख रहे हैं।

#### इरफान अंसारी की बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी हुआ था वायरल

इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर टिप्पणी करते हुए आदिवासी समाज के खिलाफ कुछ ऐसी बातें कही थी, जिसका वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हुआ है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अपील पर बहस 17 अगस्त को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस नेता बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त निर्धारित की। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की फोटो कॉपी की प्रति प्रार्थी एवं सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। वहीं सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में निचली अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड आ चुका है।

दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है। जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।



#### टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 को

**रांची।** आम्रपाली और मगध कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी विनोद कुमार गंझू की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस जारी रही। अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि आरोपी विनोद कुमार गंझू के चतरा स्थित आवास से वर्ष 2016 में पुलिस की छापेमारी में करीब 91 लाख बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर टंडवा थाने में कांड संख्या 2/ 2016 दर्ज किया गया था। इसी मामले को लेकर एनआईए ने अपने हाथों में लेकर केस दर्ज किया था। विनोद कुमार गंझू मगध ऑगेर्नाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट है, ट्रांसपोर्ट कंपनी चलाते हैं।

### एफएमटी विभाग चल रहा है एक चिकित्सक के भरोसे : मथुरा महतो

**रांची।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने धनबाद जिले के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सक के 06 रिक्त पदों पर चिकित्सकों को पदस्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने शून्यकाल में सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय के एफएमटी विभाग; पोस्टमार्टम विभागद्ध में केवल एक ही चिकित्सक डॉ विनीत पी तिग्गा पदस्थापित हैं। उन्होंने कहा कि पदस्थापित चिकित्सक को धनबाद के साथ गिरिडीह जिला का भी पोस्टमार्टम विभाग देखना पड़ता है। साथ ही, उन्हें न्यायिक कार्यों में भी व्यस्त रहना पड़ता है। इस वजह से पोस्टमार्टम में अनावश्यक विलंब होता है। इससे लोगों पर भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने शीघ्र रिक्त पदों पर चिकित्सकों को पदस्थापित करने की आवश्यकता जताई।

## झारखंड कोयला खदानों की नीलामी में चौथे नंबर पर रहा झारखंड, मिले 130 करोड़

कोयला मंत्रालय से 6 राज्यों को मिले 704 करोड़, 199 करोड़ के साथ ओडिशा पहले स्थान पर रहा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** देश के छह राज्यों में हुए कोयला खानों की निलामी में कोयला मंत्रालय को 704 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। कोयला मंत्रालय ने नीलामी से प्राप्त राशि को सभी छह कोयला धारक राज्यों को आवंटित कर दिया। इसमें पहले नंबर पर 199 करोड़ 81 लाख 43 हजार 795 रुपये के साथ ओडिशा है। इसके बाद मध्यप्रदेश दूसरे नंबर पर है। झारखंड को कोयला खदानों की नीलामी से 130 करोड़ 99 लाख 10 हजार 684 राजस्व की प्राप्ति हुई। नीलामी राशि आवंटन में झारखंड चौथे नंबर पर रहा है।

कोयला मंत्रालय ने नीलामी से आवंटित राशि को सभी छह राज्यों, जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हस्तांतरित कर दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह राशि राज्यों में हो रहे विकास कार्य पर खर्च होंगे। सभी छह राज्यों के 18 कोयला खदानों की नीलामी हुई। नीलामी से प्राप्त होने वाली कुल राशि का 704 करोड़ पहली किस्त है। नीलामी में बोली लगाने वाली सभी सफल कंपनियों ने राशि की पहली किस्त जमा कर दी है। बोली लगाने वाली कंपनियों को तीन बार में पूरी राशि जमा करने का निर्देश गया है। मंत्रालय के अनुसार, दूसरी और तीसरी किस्त सीधे कंपनियों द्वारा राज्य सरकार के खाते में जमा किया जाएगा।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, नीलामी से प्राप्त राशि राज्य सरकारें विकास और बुनियादी ढांचों को मजबूत करने पर खर्च कर सकती हैं। इसके साथ ही शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाओं को भी बढाने में राशि का उपयोग हो सकेगा। नीलामी राशि के अलावा राज्यों में एक बार कोयला संचालित होने पर, कंपनियों द्वारा मासिक प्रीमियम और रॉयल्टी भी राज्य सरकार के खाते में जमा किया जाएगा।

#### किस राज्य को कितनी मिली राशि

**ओडिशा**-1998143795
**मध्यप्रदेश**-1888592781
**छत्तीसगढ़**-1471830625
**झारखंड**-1309910648
**महाराष्ट्र**-187500000
**पश्चिम बंगाल**- 187500000

**कुल राशि**- 7043477885

### कुरमी-कुड़मी, घटवार, तेली को एसटी सूची में करें शामिल : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से छोटानागपुर की कुरमी-कुड़मी, उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार तथा तेली ;कोल्ह को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने की वकालत की है। उन्होंने गुरूवार को शून्यकाल में पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि 23 नवंबर 2004 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद की बैठक में में प्रस्ताव संख्या ;1 में छोटानागपुर की कुरमी- कुड़मी, उत्तरी छोटानागपुर व संथाल परगना की घटवार ;घटवाल एवं राज्य की तेली ;कोल्ह को अनुसूचित जनजाति और चंद्रवंशी, कहार को अनुसूचित जाति या जनजाति की सूची में शामिल करने का निर्णय का लिया गया था। बावजूद इसके इस मामले पर अब तक राज्य सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। सदन के माध्यम से राज्य सरकार से हमारी यह मांग है की इस विषय पर राज्य सरकार तत्काल सकारात्मक रूप से कदम उठाये।

## कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर सरकार ने स्वीकारा

# झारखंड में 13 हजार जलाशय इस्तेमाल लायक नहीं, 560 जलाशय पूरी तरह अतिक्रमित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर स्वीकारा कि राज्य के 13 हजार जलाशय इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। झारखंड के 1.07 लाख जल स्त्रोत में से मानव निर्मित 13 हजार जलाशय इस्तेमाल के लायक नहीं हैं। जबकि 560 जलाशय पूरी तरह अतिक्रमित हो चुके हैं।जल संसाधन विभाग ने यह बात स्वीकार की है। दरअसल, विधायक प्रदीप यादव ने पूछा कि इन जलाशयों के जीर्णोद्धार और अतिक्रमण मुक्त करे के लिए सरकार की क्या योजना है। इस पर विभाग की ओर से बताया गया कि जल संसाधन विभाग के वृहद और मध्यम सिंचाई योजना के तहत 56 जलाशय योजना चल रहे हैं। जो अतिक्रमण मुक्त और क्रियाशील हैं। लघु सिंचाई विभाग से संबंधित जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है और आगे भी किया जायेगा।

**अंचलों, रजिस्ट्री ऑफिसों में सालों से जमे हैं कई कर्मी**

राज्यभर के ब्लॉक ऑफिस, रजिस्ट्री ऑफिस समेत कई विभागों में कई कर्मचारी 5-6 सालों से एक ही जगह पर पदस्थापित हैं। विधायक बिरंची नारायण के पूछे सवाल पर राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने यह स्वीकार किया है। भाजपा विधायक ने पूछा था कि जिला स्तर पर कर्मचारियों की ट्रांसफर.पोस्टिंग जिला स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर साल में दो बार करने का प्रावधान है। लेकिन, ऐसा नहीं हो रहा है। इस पर विभाग की ओर से बताया गया है कि जरूरत के मुताबिक कार्यहित में कर्मियों की ट्रांसफर.पोस्टिंग जिला स्थापना स्थापना समिति की बैठक के निर्णय के मुताबिक होता है।

### सोनिया-राहुल के इशारे पर कांग्रेस विधायक कर रहे आदिवासी समाज का अपमान : आशा




**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने कहा है कि सोनिया-राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासी समाज का अपमान कर रहे हैं। वह गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में आदिवासी समाज और बाबूलाल मरांडी पर विधायक इरफान अंसारी द्वारा दिए बयान कांग्रेस की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासियों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है। लेकिन, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी आदिवासियों के प्रति ओछी सोच रखते हैं। उनके बयान से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत है। कांग्रेस पार्टी के डीएनए में ही जनजातीय समाज के प्रति विरोध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो न तो आदिवासियों की हितैषी थे और ना ही हो सकते हैं। ये आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर अपना हित साधते हैं। इसलिए आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर आदिवासी विरोधी राजनीतिक पार्टियों को झारखंड की सत्ता से बेदखल करें। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक व अविनेश कुमार उपस्थित थे।

# भाजपा के लिए गले की हड्डी बन गयी है जेपी पटेल का प्रतिपक्ष के नेता पद की दावेदारी

आजसू की भी बढ़ी परेशानी, एनडीए में पड़ सकता है दरार, भाजपा पसोपेश में, मामला केंद्रीय नेतृत्व के पाले में

राजेश सिंह

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता का मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया गया है। अनुमान लगाया जा रहा था कि यह मामला चलते सत्र के दौरान भाजपा तय कर लेगी, लेकिन सत्र समाप्ति की ओर है और इसको लेकर अभी कोई सुगबुगाहट नजर नही आ रहा है। कारण है प्रतिपक्ष के नेता पद पर पार्टी विधायक जेपी पटेल की दावेदारी का। जैसे ही जेपी पटेल ने इस पद को लेकर अपनी दावेदारी पार्टी के समक्ष रखी। दिल्ली जाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले तो राज्यभर में चर्चा शुरू हो गयी, वैसे ही पूरा मामला विवादित हो गया। पार्टी के अधिकांश विधायकों ने इसका विरोध किया। उधर झारखंड में भाजपा के प्रमुख घटक दल आजसू की भी परेशानी बढ़ गयी, तब पार्टी नेतृत्व को समझ में आ गया कि पासा उल्टा पड़ गया है। ऐसे में यदि जेपी पटेल को प्रतिपक्ष का नेता बनाया जाता है, तो संगठन और विधायकों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी और यदि नही बनाया गया, तो महतो समाज नाराज हो जायेगा। स्थिति यह है कि भाजपा पूरी तरह से इस भंवर में फंस चुकी है। उसे न उगलते बन रहा है और न ही निगलते।

**दो पूर्व मुख्यमंत्री ने भी जेपी के नाम की अनुशंसा की :** दरअसल जब बाबूलाल मरांडी को प्रदेश का कमान दिया गया, तो प्रतिपक्ष के नेता पद को लेकर लॉबिंग शुरु हो गयी। कई दावेदार सामने आये। इसमे प्रमुख रूप से सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, विरंची नारायण, अमर बाउरी आदि का नाम सामने आया। इसी बीच जेपी पटेल दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले और अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी। जानकारी के अनुसार भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों ने भी जेपी पटेल के नाम की अनुशंसा की है, जिससे उनकी दावेदारी और भी मजबूत हो गयी। इसके बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के चुनाव को लेकर दिल्ली से दो पर्यवेक्षक रांची आये। विधायकों के साथ इसको लेकर रायशुमारी शुरू की, तो विधायकों ने एक स्वर से जेपी पटेल के नाम का विरोध कर दिया। नियमानुसार विपक्ष का नेता वही बनेगा, जो सबसे बड़ा विपक्षी दल है। इस दल के विधायक पहले विधायक दल के नेता चुनेंगे और वही विपक्षी दल का नेता बनेगा, लेकिन बढ़ते विरोध को देखते हुए दोनो पर्यवेक्षक बिना कोई निर्णय लिये दिल्ली वापस लौट गये।

**कुरमी समुदाय का कोई बड़ा नेता भाजपा के पास नही है :** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा कुरमी वोटरों को साधने के प्रयास में जुट गयी है। ऐसे में पार्टी के कई नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को सलाह दिया कि झारखंड कुरमी बहुल इलाका है। यहां काफी संख्या में कुरमी वोटर हैं। यदि उन वोटरों को भाजपा के पक्ष में करना है, तो जेपी पटेल का दांव सटिक साबित हो सकता है। दरअसल भाजपा के पास फिलहाल कुरमी समुदाय का कोई कद्दावर नेता नहीं है। रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो जैसे कुरमी नेता पहले ही पार्टी से दरकिनार कर दिये गये हैं। ऐसे में यदि जेपी पटेल को पद नहीं दिया गया, तो इस समुदाय में गलत संदेश जायेगा, जिसका खामियाजा पार्टी को आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

**आजसू को होगी राजनीतिक क्षति**

आजसू पूरे झारखंड में कुरमी बहुल इलाकों मे ज्यादा सक्रिय व मजबूत है। ऐसे में भाजपा यदि जेपी पटेल को विपक्ष का नेता बनाकर कुरमी कार्ड खेलती है, तो स्वभाविक है कि आजसू में नाराजगी बढ़ेगी। दरअसल आजसू एनडीए फोल्डर के तहत राज्य के कुरमी वोटरों को साधने की जिम्मेवारी अपने कंधों पर लिये हुए है। ऐसे में भाजपा की यह रणनीति एनडीए के रिश्तों पर दरार पैदा कर सकती है। इससे पूर्व भी भाजपा और आजसू के रिश्ते में सीटों के बंटवारा को लेकर खटास पैदा हुआ था, जिसका खामियाजा 2019 के चुनाव में भाजपा को उठाना पड़ा और इस कारण उसे सत्ता से बाहर रहना पड़ा।

ऐसे में भाजपा के समक्ष ऐसी परिस्थिति पैदा हो गयी है कि उसे न तो निगलते बन रहा है और न ही उगलते। जेपी पटेल का मामला ऐसा हो गया है कि एक तरफ पार्टी के विधायकों का विरोध, दूसरी तरफ आजसू की नाराजगी और इस बीच राज्य में एनडीए के रिश्तों का खतरा। यह तो वक्त ही बतायेगा।

### राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कौशल विकास से संबंधित सवाल पूछे

कौशल विकास का उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विस्तार तथा उद्योग के लिए युवा प्रतिभा तैयार करना है : राजीव चंद्रशेखर

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने अपने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालयसे केंद्र सरकार के द्वारा राज्यो को की जाने वाली मदद, कौशल विकास की श्रेणी, विषय एवं कितने मंत्रालयों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम का समन्वय से सम्बंधित जानकारी मांगी। इस पर उद्यमशीलता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार के कुशल भारत मिशन का उद्देश्य कौशल, पुनः कौशल और कौशल उन्नयन करना है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ आने वाले वृहत्त संख्या में अवसरों के लिए तैयार हैं ।भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। एसआईएम का उद्देश्य युवाओं में भावी और उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि एसईएम के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय प्रधान मंत्री कौशल विकास योजनाए जन शिक्षण संस्थानए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्किमए और आईटीआई के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्किम के तहत कौशल विकास केंद्रों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश में समाज के सभी वर्गों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## स्पीड न्यूज

### नालों की स्वीकृति के लिए सीएम को विधायक ने सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 3 बड़े नालों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति तथा आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से विधायक ने कहा की जुगसलाई नगर परिषद द्वारा तीन बड़े नालों का प्राक्कलन मेरे निर्देश के आलोक में तैयार कर उसे संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया है। परंतु नगर परिषद के पास उक्त नालों के निर्माण के लिए राशि अनुपलब्धता के कारण अपनी असमर्थता व्यक्त की गई है। उक्त नालों के निर्माण के अभाव में हमेशा क्षेत्र में जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। साथ-साथ बरसात के दिनों में पानी घरों में घुस जाता है, जिससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने की भी आशंका हमेशा बनी रहती है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र उसकी प्रशासनिक स्वीकृति के साथ-साथ आवंटन उपलब्धता हेतु अपने स्तर से आदेश देने की कृपा की जाए। इस विषय पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि आज माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत तेजाब नाला में सफीगंज मोहल्ला से परशुराम सिंह जी के घर के पास वाले पुलिया तक, स्टेशन रोड में छप्पन भोग मोड से ऋषि भवन एवं नया बाजार होते हुए तेजाब नाला तक और नया बाजार बोरा पटट्टी पुलिया से डी.बी रोड पुलिया होते हुए दिनेश अग्रवाल के घर तक आरसीसी पक्का नाले के निर्माण की स्वीकृति देने हेतु मांग पत्र सौंपा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बरसात के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है लोगों के घरों में पानी घुस जाता है जिस से निजात दिलाने के लिए इन नालों के निर्माण की आवश्यकता है।

### कथा श्रवण में शामिल होना सौभाग्य की बात : काले



**जमशेदपुर।** सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट की ओर से साकची स्थित महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। इस मौके पर आचार्य श्री राजेन्द्र श्री महाराज, श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से कथा प्रस्तुत किया गया। काले ने कहा कि शिव महापुराण कथा में शामिल होना सौभाग्य की बात है। इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा समिति द्वारा आयोजित इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख-समृद्धि होगी।

### एसएसपी से मिला जमशेदपुर नागरिक परिषद का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** पूर्व निर्धारित समयानुसार गुरुवार को जमशेदपुर नागरिक परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल सिनियर एस पी जमशेदपुर के कार्यालय में मिलकर शहर के अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त किये और शहर को कैसे अपराधमुक्त बनाया जाय तथा शान्ति व्यवस्था कायम किया जाय इस पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुनने के पश्चात एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अपराधिक घटनाएं जरूर हो रही है जिस पर हमें अफसोस है। उन्होंने जनवरी 23 से अभी तक का एक ग्राफ दिखलाया कि हर महीने अपराधिक घटनाएं कम हो रही है।

## झारखंड में महिलाएं असुरक्षित, नाइट ड्यूटी कराना उचित नहीं : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा ने हेमंत सरकार के कारखाना संशोधन अधिनियम विधेयक के उस प्रावधान पर सवाल खड़े किये हैं जिसमें महिलाओं के लिए शाम 7 से सुबह 6 बजे तक काम करने के प्रावधान को विधानसभा ने मंजूरी दी है। भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा की समानता के अधिकार के नाम पर बिना स्थानीय वास्तविकताओं पर विचार किए और उनमें सुधार किए बिना कुछ भी नियम पारित करना अप्रासंगिक है। कुणाल ने कहा की भाजपा के वॉकआउट के बाद सदन में इस विधेयक को ध्वनि मत से पारित किया गया। भाजपा की ओर से कुणाल षाड़ंगी ने सवाल करते हुए राज्य सरकार से पूछा है की जो राज्य सार्वाधिक दुष्कर्म और महिलाओं के प्रति हिंसा, उत्पीड़न के मामलों में देश भर में अव्वल हो वहां जल्दबाजी में महज वाहवाही बटोरने के लिए ऐसे निर्णयों को लेने के पहले सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करना चाहिए। सरकार चिंता करे की महिलाओं के प्रति हिंसा मामलों से कैसे निबटारा होगा। भाजपा ने मांग किया कि इस संशोधन पर शीघ्र विचार किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इसके नकारात्मक परिणामों से बचा जा सके।

## शिविर में 184 को लगा कृत्रिम अंग, 210 को मिली कान की मशीन

### 33 को मिली बैसाखी

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के शिविर के समापन सत्र में पहुंचे रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के आज तीसरे व अंतिम दिन में मंच के अध्यक्ष मोहित मुनका ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन 3 दिनों में मंच ने 210 लोगों के बीच कान की मशीन प्रदान की गई ।

इस शिविर में 38 लोगों को कैलिपर्स, 33 लोगों को वैशाखी, 43 लोगों को घुटने के ऊपर के 68 लोगों को घुटने के नीचे के अंग व 35 लोगों को कृत्रिम हाथ प्रदान की जायेगी। क्योंकि पंजीकरण अपेक्षा से अधिक हो गई थी इसलिए अंग वितरण की तिथि 1 दिन और बढ़ा दी गई है। गुरुवार को समापन समारोह की गरिमा को चार चांद लगाने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपनी उपस्थिति दी। उन्होंने मंच के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मंच जो सेवा प्रदान कर रही है वह काबिले तारीफ है यह ऐसी सेवा है जिससे ईश्वर का आशीर्वाद सीधे प्राप्त होता है मंच की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्होंने भविष्य के लिए मंच को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपने हाथों से खुद दिव्यांगों को पैर व कान की मशीन प्रदान की। मंच के समापन समारोह की महिमा को और बढ़ाने के लिए ललित केडिया (चेयरमैन भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति) नेमी अग्रवाल (सचिव भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति) दिलीप गोयल (अध्यक्ष राजस्थान सेवा समिति एवं समाजसेवी) एके श्रीवास्तव (भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष) एवं मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता की उपस्थिति सम्माननीय रही। ललित केडिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति करीब 50 से अधिक कैंप करवा चुकी है पर यह ऊर्जा इन्हे स्टील सिटी उनमें से यह शिविर अपने आप में एक मील का पत्थर साबित हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मंच के कई सदस्यों का योगदान रहा, जिनमें से मुख्यता अध्यक्ष मोहित मुनका,सचिव सौरव संथालिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल संयोजक पंकज संघी, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, दीपक पटवारी, विशाल अग्रवाल, विष्णु गोयल, मनीष बंसल,नंद किशोर अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल,नवनीत बंसल, आलोक अग्रवाल, पंकज अगीवल, अंकित मुनका, अंकुर मोदी, अनुज गुप्ता,अनीश पटवारी, राहुल बंसल, निलय अग्रवाल, राहुल चौधरी, रमेश अग्रवाल एवं मंच के अन्य सदस्यों की उपस्तिथि रही।



शिविर में लाभुक के साथ रघुवर व आयोजक।

## ओडिशा के डैम के फाटक बंद, टाटा में बाढ़ का खतरा टला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ओडिसा सरकार ने अपने बंकाबल और खरकाई डैम के दोनों फाटक बंद कर दिए हैं। इसके चलते जमशेदपुर के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। इससे पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। आपको बता दें कि शाम 6:00 बजे आदित्यपुर खरकाई नदी पुल के पास खरकाई नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही थी।

पुल के पास डेंजर लेवल 129 मीटर है जबकि खरकाई नदी आज 128.96 मीटर पर बह रही थी। इसी तरह मानगो पुल पर स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान से 121.50 मीटर की जगह 118.48 मीटर पर बह रही थी यानी दोनों नदियां खतरे के निशान से बह रही हैं, और फिलहाल बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। आज दिन में बारिश भी नाम मात्र की हुई है इससे भी नदी में उफान का खतरा कम हुआ है।



उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री गुरुवार की शाम बागबेड़ा नया बस्ती के बाढ़ प्रभावित इलाके में प्रभावितों से बात करते हुए।



### सरायकेला के डीसी ने नदी तटों पर नजर रखने के दिये निर्देश



डीसी वर्चुअल मीटिंग करते हुए।

जमशेदपुर/सरायकेला। सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आज गूगल मीट के माध्यम से जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व के बैठक में दिए गए दिशा निदेर्शों के अनुपालन का समीक्षा किया गया। इसके तत्पश्चात उपायुक्त ने लगातार हो रही बारिश से स्वर्णरेखा एवं खरकाई नदी/ब्रिज मे बढ़ते जलस्तर से प्रभावित क्षेत्रो मे की जा रही तैयारियों एवं राहत बचाव कार्य की जानकारी लेते हुए सभी वरीय पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में विशेष निगरानी रखते हुए एक्टिव मोड में रहने के निदेश दिए। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता स्वर्णरेखा एवं खरकई द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जल स्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है। इस दौरान अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम के द्वारा बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र मे प्रभावित होने वाले 10 वार्ड हेतू शेल्टर हाउस का चयन कर लिया गया है साथ ही लोगो को विभिन्न माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है। वही अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल के द्वारा बताया गया कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में प्रभावित क्षेत्रों के लिए सेंटर हाउस का चयन किया गया है साथ हि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए 4 वोट की व्यवस्था कर ली गई है। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमंडल स्तर पर तैराको की सूची तैयार करने, गोताखोरों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वही नगर निकाय क्षेत्र के सिटी मैनेजर एवं अंचलाधिकारी को मछुआरों/मत्स्य पालक के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु आवश्यकतानुसार गोताखोर, नाव, मोटर बोट, सेफ्टी कीट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निदेश दिए, उपायुक्त ने कहा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बनाए गए शेल्टर हाउस में रह रहे लोगों के लिए भोजन-पानी बच्चों के लिए दूध-बिस्किट/ब्रेड तथा मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार धारा 144 लगाने के निदेश दिए वही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के पानी घटते ही ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा लगातार हो रही बारिश से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को विभिन्न माध्यम से जागरूक करें ताकि किसी भी प्रकार से होने वाली जान-माल की क्षति को रोका जा सके।

## विधायक संजीव सरदार ने विस में उठाया भूमिज भाषा का मामला



जमशेदपुर। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने झारखंड विधानसभा के अल्पसूचित पश्न मे भूमिज भाषा को झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड प्राथमिक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली-2023 मे शामिल करने की मांग का मामला विधानसभा मे रखा, जिसके जबाव झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा दिया गया। विधायक सरदार ने अपने प्रश्न मे कहा है कि झारखंड मे सहायक आचार्य नियुक्त का आवेदन लिया जा रहा है, जिसमें भूमिज भाषा को शामिल नही किया गया है, जबकि बहुत सारे अभ्यर्थी ऐसे है जो पूर्व मे जेटेट परीक्षा भूमिज भाषा मे पास किये है, जिन्हें आवेदन भरने का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए भूमिज भाषा को विकल्प के रूप मे शामिल किया जाये। इस मामले मे विभाग के द्वारा कहा गया है कि कार्मिक प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक-1427, दिनांक-10.3.23 मे भूमिज भाषा को शामिल नहीं किया गया है।

## व्यक्तिगत व व्यावसायिक ईमानदारी दोनों महत्वपूर्ण : टीवी नरेंद्रन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एथिक्स मंथ 2023 का समापन समारोह गुरुवार को स्टीलेनियम हॉल में आयोजित किया गया। नैतिकता माह 2023 का विषय 'अखंडता के माध्यम से उत्कृष्टता' था। यह दिन टाटा स्टील की नैतिकता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए एक महीने तक चलने वाले उत्सव के अंत का प्रतीक है। कार्यस्थल में नैतिक प्रथाओं को विकसित करने की परंपरा को ध्यान में रखते हुए, टाटा स्टील में हर साल जुलाई महीने को नैतिकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर टाटा स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व, टीआईएस समूह की कंपनियों के प्रमुख और यूनियन के वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, टीवी नरेंद्रन ने कहा, नैतिकता का विषय बहुत महत्वपूर्ण है। इस साल की थीम एक्सीलेंस विद इंटीग्रिटी अपने आप में एक मजबूत संदेश देती है। व्यक्तिगत और व्यावसायिक ईमानदारी दोनों महत्वपूर्ण हैं और हमें दोनों को प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। सत्यनिष्ठा के माध्यम से उत्कृष्टता की प्रतिष्ठा बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेतृत्व और विश्वास टाटा समूह की सबसे बड़ी ताकत रही है और हमें इसे और मजबूत करने की जरूरत है। मैं नैतिकता माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को बधाई देता हूं। अपने भाषण के दौरान, टीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने सुझाव दिया कि आज की दुनिया में अनैतिक लोगों को तत्काल परिणाम भुगतना पड़ता है और इसलिए सभी के लिए सही काम करना महत्वपूर्ण है और इस विषय पर जागरूकता फैलाने में टाटा स्टील में नैतिकता विभाग की भूमिका सराहनीय रही है।




नैतिकता माह के समापन सत्र को संबोधित करते टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन।

## इंटक ने स्व. माइकल जॉन को किया याद

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** इंटक की यूनियनों ने अपने दिवंगत नेता स्व. माइकल जॉन की 46 वीं पुण्य तिथि पर शिद्दत से याद किया बल्कि बेल्डीह कब्रिस्तान स्थित उनके कब्र पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। शहर के सबसे बड़े टाटा वर्कर्स यूनियन ने अपने पूर्व अध्यक्ष स्व. माइकल जॉन की 46 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें शिद्दत से याद किया। यूनियन के वर्तमान अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महासचिव सतीश सिंह व डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह अपने साथियों के साथ बेल्डीह कब्रिस्तान पहुंच कर स्व. माइकल जॉन की कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शाहनवाज आलम, संजय कुमार सिंह, सह सचिव अजय कुमार चौधरी, वरीय प्रशासनिक प्रभारी धर्मबीर कुमार सिंह व अन्य कमेटी मेंबर उपस्थित थे। इसके पश्चात यूनियन परिसर में भी एक शोक सभा कर स्व. जॉन को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर माइकल जॉन सेंटर के फैकल्टी डा एमएस सिंह मानस ने स्व. जॉन के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में दो मिनट का मौन रख कर स्व. जॉन की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की ओर से भी आज हर साल की तरह इस साल भी मजदूर नेता स्व माइकल जॉन साहब की 44वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस क्रम में पहले यूनियन आफिस फिर उनके आवास स्थान और उनकी कब्रगाह में फूल चढ़ा और मोमबत्तियां जला कर की गई। इसमें अध्यक्ष गुरमीत सिंह महामंत्री आरके सिंह सभी आफिस बेयरर और कमिटी मेम्बर शामिल हुए।

## तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन कमेटी की आपात बैठक आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरु गोविंद सिंह की जन्मस्थली तखत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी चुनाव 2023 की मतदाता सूची को लेकर महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह कल शुक्रवार को आपातकालीन बैठक बुलाई है जबकि अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही रविवार को बैठक बुला चुके हैं। इधर इंदरजीत सिंह ने बैठक बुलाने की जानकारी कस्टोडियन सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश पटना, एसडीओ सिटी पटना से निर्वाचन पदाधिकारी और बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को दे दी है। कल की बैठक में महासचिव मतदाता सूची को अंतिम रूप दे देंगे। उनके अनुसार पटना हाई कोर्ट के पूर्व में दिए गए फैसले को ध्यान में रखते हुए सारे काम किए जा रहे हैं और कुछ भी असंवैधानिक और गैरकानूनी नहीं है। इधर अध्यक्ष जगजीत सिंह सोही ने शुक्रवार की बैठक को असंवैधानिक बताया है और बैठक में शामिल नहीं होने की अपील पद धारियों से की है। तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन कमेटी चुनाव 2023 को लेकर मामला गरमाया हुआ है और इसे लेकर विधानसभा में विधायक सरयू राय मामला उठा चुके हैं और झारखंड का स्थान सुरक्षित रखने के लिए विधानसभा के मार्फत से मुख्यमंत्री को आग्रह कर चुके हैं।

## भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण करने टीम के साथ पहुंचे टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन

टाटा वर्कर्स यूनियन कावंरिया संघ ने किया था आयोजन

इंदू सोनाली के भजनों पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सावन के पवित्र महीने में टाटा वर्कर्स यूनियन कावरिया संघ ने 2 अगस्त 2023 को भगवान शिव के लिए भजन संध्या और महाभोग का आयोजन किया, टाटा स्टील के एमडी और सीईओ टी. वी. नरेंद्रन, टीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी और डिप्टी शैलेश कुमार सिंह राष्ट्रपति ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और टीडब्ल्यूयू के महासचिव और टाटा वर्कर्स यूनियन कावरिया संघ के संरक्षक सतीश कुमार सिंह ने गुलदस्ता और मोमेंटो देकर उनका अभिनंदन किया।



टीवी नरेंद्रन को सम्मानित करते यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह व अन्य।



भजन सुनातीं इंदू सोनाली।

देबाशीष चौधरी, टाटा स्टील के पीइओ, राजीव मंगल टाटा स्टील के वीपी सेफ्टी, पीयूष गुप्ता वीपी स्टील मार्केटिंग, टाटा स्टील, चाणक्य चौधरी वीपी कॉर्पोरेट सर्विसेज टाटा स्टील, चैतन्य भानु वीपी स्टील मैन्युफैक्चरिंग टाटा स्टील, रितु राज एमडी, टीएसयूआईएसएल (जुस्को), विनीत कुमार साह मुख्य विनिर्माण एलपी, संजय साहनी ईआईसी ट्यूब, सुधीर राय महाप्रबंधक टीएमएच, विनिता सिंह चीफ इंडोर मेडिकल सर्विसेज टीएमएच, मुकेश अग्रवाल चीफ एचआर स्टील और राहुल दुबे चीफ आईआर भी उपस्थित थे और उन्होंने अपनी उपस्थिति से इस शुभ अवसर की शोभा बढ़ाई और उन्हें टाटा वर्कर्स यूनियन कावड्रय संघ द्वारा गुलदस्ता और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारी शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, सहायक। सचिव संजीव कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष, हरि शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष और लेखाकार, संजय सिंह उपाध्यक्ष, नितेश कुमार, सहायक। टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष आरबीबी सिंह, रघुनाथ पांडे, पीएन सिंह, राकेश्वर पांडे और कई अन्य टाटा स्टील कॉर्पोरेशन अधिकारी और स्थानीय सरकार। इस मौके पर संगठन के लोग मौजूद रहे। भजन संध्या के शुभ अवसर पर इंदु सोनाली जी ने अपनी सुरीली आवाज और सत्यम शिवम सुंदरत, भोले जी को भावे बैल पतिया और कैलाशी जैसे गानों से समां बांध दिया।

## खबर एक नजर में

### हॉर्टिकल्चर सोसायटी का पौधों के प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन पर सेमिनार कल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी 5 अगस्त, 2023 को बिस्टुपुर के एसएनटीआई ऑडिटोरियम में पौधा प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन पर एक रोमांचक कार्यशाला का आयोजन कर रही है। चूंकि समाज पौधों के प्रसार और संरक्षण के लिए समर्पित है, इसलिए यह कार्यशाला इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए जानकारीपूर्ण और फायदेमंद होने का वादा करती है। कार्यशाला का नेतृत्व कोलकाता और जमशेदपुर के प्रतिष्ठित संकायों द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को पौधों के प्रसार और पोषक तत्व प्रबंधन से संबंधित कई विषयों पर मार्गदर्शन करेंगे। पौधों के प्रसार की तकनीक से लेकर टिकाऊ पोषक तत्व प्रबंधन तक, उपस्थित लोगों को क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का विवरण व्यापक है, जिसमें प्रतिभागियों के लिए आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल है। पंजीकरण सुबह 8:30 बजे खुलेगा, और शुल्क बहुत उचित है, सदस्य मात्र 100 में भाग ले सकते हैं, जबकि गैर-सदस्य 200 में भाग ले सकते हैं। छात्रों और बागवानों को ?50 के शुल्क पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत,स्वागत भाषण और मुख्य अतिथि द्वारा कार्यशाला का उद्घाटन शामिल है।

### गोपाल मैदान में धूमधाम से मनाया जायेगा 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिल में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्यता से मनाया जाएगा। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला स्तरीय मुख्य समारोह की तैयारी को लेकर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना, जमशेदपुर अभिषेक कुमार, डीएफओ ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा समेत अन्य वरीय एवं विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर बैठक में विमर्श किया गया एवं संबधित पदाधिकारियों को आयोजन से संबंधी जिम्मेदारी दी गई। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है। गौपाल मैदान में पूर्वा. 09:05 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सिदगोड़ा टाउन हॉल में किया गया है जिसमें विभिन्न सरकारी स्कूलों के बच्चे अपनी प्रस्तुति देंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/नगर निकाय पदाधिकारी को स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर उनके घर जाकर सम्मानित करने का निदेश दिया गया। वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई, माल्यार्पण का निदेश संबंधित नगर निकाय पदाधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग/ड्रॉइंग आदि कंप्टिशन कराये जाएंगे, प्रभात फेरी निकाली जाएगी। गोपाल मैदान स्थित मुख्य समारोह स्थल की तैयारी एवं इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी विशेष पदाधिकारी-जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को देते हुए एनडीसी एवं जुस्को के प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई। जुस्को प्रबंधन को मैदान की साफ-सफाई एवं रखरखाव तथा डीएसपी ट्रैफिक को सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल में अग्निशामक वाहन तथा एंबुलेंस की तैनाती रहेगी।

**10 अगस्त से शुरू होगा परेड का पूर्वाभ्यास**

परेड में 8 टुकड़ियां शामिल होंगी जिनमें आर.ए.एफ, डी.ए.पी(महिला/पुरुष), जैप-6, होमगार्ड, एनसीसी (महिला/पुरूष ), स्कॉउट एंड गाइड को शामिल किया जाएगा। रिहर्सल कार्यक्रम चार दिनों का होगा जिसमें 10, 11, 12 को अभ्यास के पश्चात 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा।

**बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी :** बैठक में निदेशक डीआरडीएसौरभ सिन्हा, एनईपी निदेशक ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गगरई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, ट्रैफिक डीएसपी, एलडीएम, रैफ, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड, टाटा स्टील, नुवोको, जुस्को के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए।

### सरायकेला : बिरसा मुंडा स्टेडियम में धूमधाम से मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**सरायकेला,जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त रविशंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे उप विकास आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला-चांडिल, उप समाहर्ता सामान्य शाखा एवं अन्य सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान आगामी 15 अगस्त 2023 को 76वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों के निमित्त बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, समतलीकरण, पंडाल निर्माण, ध्वनि यंत्र स्थापित करने को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक उपरांत उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है, इस निमित्त जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों और महापुरुषों के प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं उस पर माल्यार्पण, क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों को सम्मानित किया जाएगा वहीं पुलिस लाइन में आयोजित समारोह के दौरान कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा समारोह आयोजन के पूर्व 11,12 और 13 को पूर्वा पूर्वाभ्यास के दौरान भी पेयजल एवं की व्यवस्था एवं चिकित्सीय दल की उपस्थिति रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो (एनएच एवं राजमार्ग छोड़कर) ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जायेगा।

### महिला इंटक की नवमनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह का कांग्रेस ने किया अभिनंदन



जमशेदपुर । पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की गई। जिसमें नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक देविका सिंह के बनने पर जिला कमिटी के द्वारा बुके प्रदान कर तथा शॉल प्रदान कर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने स्वागत सह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुबे ने कहा कि जमशेदपुर के वासी तथा कांग्रेस कार्यकत्ताओं के लिए गर्व की बात है कि प्रथम बार जमशेदपुर का एक नेत्री मजदूर क्षेत्र में सेवा प्रदान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इंटक बनी है। हम सभी जिला कांग्रेस कमिटी के तरफ से सफला के लिए कामना करते है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, एल बी सिंह, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, राकेश तिवारी, सामंता कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र तिवारी, राजकिशोर यादव, संजय सिंह आजाद, जिला महामंत्री अशोक सिंह क्रांतिकारी, रंजीत सिंह, उदय कुमार सिंह, ज्योति मिश्र, सलीम खान कोषाध्यक्ष, जिला सचिव रानी राव, वरीय नेत्री ऊषा सिंह, गायत्री दास, पुनीता चौधरी, सीताराम चौधरी, जिला महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, चांदनी तिवारी, रमाशंकर पाण्डेय, चौबेजी, जिला महामंत्री युवा सन्नी सिंह, एनएसयुआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने एसपी रिष्मा रमेशन का किया स्वागत



मेदिनीनगर। गुरुवार को झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन पलामू इकाई की ओर से पलामू जिला समाहरणालय के एसपी के कार्यालय के कक्ष में पलामू एसपी को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। एसपी रिष्मा रमेशन ने झारखंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद करते हुए कहा की प्रेस के साथियों का हमेशा सहयोग इसी तरीके से मिले जिस तरीके से पूर्व के एसपी के समय भी पुलिस को मिलता रहा है। पुलिस और प्रेस के साथ समन्वय बनाकर समाज हित मे काम करते है। मौके पर जेजेए के प्रदेश नेता संजय सिंह उमेश, अमित कुमार बंटी, चुनाव प्रभारी दीपक तिवारी, मुरारी, दिवाकर कुमार, सोनू कुमार शर्मा, मनोहर कुमार, विकास विश्वकर्मा, ताराचंद यादव, शशिकांत ओझा, सौरभ कुमार, मिथिलेश यादव सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

### कारगिल विजय दिवस समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चे पुरष्कृत



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जाकर कारगिल विजय दिवस में बेहतर प्रस्तुती देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर महासचिव दिनेश गुप्ता ने सभी बच्चों, संगीत शिक्षक अंजनी और स्कूल प्रबंधन को इस प्रस्तुति के लिए बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, सचिव समता प्रसाद और पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह शामिल थे।

### सुरेश सिंह चौक के पास डीप बोरिंग करने का विरोध, निगम ने कराया बंद



मेदिनीनगर। नगर निगम के क्षेत्र में डीप बोरिंग का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। पिछले रात रेड़मा सुरेश सिंह चौक के निकट (स्व.भीम तिवारी के गली में) गाड़ी संख्या 15एसी 3319 से पप्पन सिंह पिता अमरेश्वर सिंह के द्वारा बोरिंग कराया जा रहा था। बोरिंग होते देखकर मुहल्ले के लोगों के द्वारा नगर आयुक्त, निर्वतमान मेयर, डिप्टी मेयर व वार्ड आयुक्त गोल्डी शुक्ला व विवेकानंद त्रिपाठी को सूचना दी गई। मुहल्ले के लोगों द्वारा किए गए आपत्ति पर निगम ने संज्ञान लिया और नगर आयुक्त, निर्वतमान मेयर व डिप्टी मेयर व वार्ड आयुक्त के द्वारा मुहल्ले के लोगों को आश्वस्त किया गया कि डीप बोरिंग नहीं किया जाएगा। लेकिन इसके बाद भी बोरिंग गाड़ी जब देर रात तक बोरिंग करते रही, तो मुहल्ले के लोगों के द्वारा हंगामा कर बोरिंग बंद करा दिया गया। अहले सुबह निगम के जमादार विष्णु राम के निगरानी में बोरिंग से 372 फीट पाईप निकाला गया जो डीप बोरिंग को प्रमाणित कर रहा था। यहां गौरतलब है कि निर्वतमान मेयर अरुणा शंकर से तीन अप्रैल को बोरिंग गाड़ी एसोसिएशन ने घरेलू बोरिंग में तीन सौ फीट तक की क्षमता वाले बोरिंग गाड़ी को निगम क्षेत्र में बोरिंग करने का रजिस्ट्रेशन करने का मांग किया था। उक्त मांगपत्र पर मेयर अरुणा शंकर के द्वारा ही नगर आयुक्त को तीन सौ फीट से ऊपर बोरिंग करने वाले बोरिंग गाड़ी पर दंडात्मक कारवाई करने का निर्देश दिया था। मुहल्ले वासियों ने कहा कि निगम के पदाधिकारियों व निर्वाचित निर्वतमान जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बाद भी बोरिंग किया जाना कहीं न कहीं निगम की अकर्मणयता दर्शाती है।

### कांग्रेस नेता ने उपायुक्त को दी बधाई



हुसैनाबाद पलामू। झारखण्ड कांग्रेस कमिटी के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह और सचिव धनंजय तिवारी गुरुवार को पलामू के नए उपायुक्त शशि रंजन को बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान तिवारी ने उपायुक्त को झारखंड एवं पलामू में कम वर्षा होने से किसानों के दैनिक स्थिति से अवगत करवाया। वहीं झारखण्ड सरकार के द्वारा कराया गया जमीन के सर्वे में बहुत त्रुटि हैं। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने बातों को ध्यानपूर्वक सुनकर आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर हुसैनाबाद आकर मामले की जानकारी लेंगे।

### बीस सूत्री अध्यक्ष ने बाबू बीरकुंवर के चबूतरा जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



हुसैनाबाद पलामू। क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर अनुमण्डल कार्यालय परिसर में बाबू बीर कुंवर सिंह के प्रतिमा एवं चबूतरा का विधायक निधि से जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, हैदरनगर बीस सूत्री बिमलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा कर शिलान्यास किया। मौके पर लोक जन चेतना मंच अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने कहा कि विधायक का यह कदम बहुत ही सराहनीय हैं। मौके पर क्षत्रिय जागृति मंच के दुधेश्वर सिंह, प्रो संजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, हरि सिंह,चन्दन सिंह, बबन सिंह नवीन सिंह, भाजपा के उदय विश्वकर्मा, एनसीपी के विनय पासवान आदि उपस्थित थे।

### जन कल्याण ट्रस्ट ने एसपी का किया स्वागत



मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन से मुलाकात कर स्वागत किया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, उपसचिव सह प्रवक्ता अजय तिवारी, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, जिला प्रभारी बंटी गुप्ता, ट्रस्ट के अखिलेश पाठक, संतोष दुबे ने शिष्टाचार मुलाकात कर पलामू आगमन पर बधाई दी।

### सम्मान को भूला नहीं पायेंगे : पीडीजे



मेदिनीनगर। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप चौबे को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने किया। प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि मुझे इस जिले में दो बार काम करने का अवसर मिला है। यहां के अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी काफी सुलझे व समझदार हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में जो सम्मान मिला है वह हम कभी नहीं भूल पाऊंगा। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार, अमरेश कुमार, प्रेम नाथ पांडे, निरुपम, आनन्द सिंह, सन्दीप निशित बारा, निशिकांत, अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, सतीश कुमार मुंडा, रितु कुजुर, चंदन गोस्वावामी, अपेक्षा, रूबी, अमित बंसल, प्रतीक राज उपस्थित थे।

### रेड़मा ठाकुरबाड़ी में वार्षिक रामायण पूजा महोत्सव की तैयारी पूरी

मेदिनीनगर। रेडमा लव कुमार आदर्श संकीर्तन रामायण मंडली के तत्वावधान में शहर के रांची रोड स्थित राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी परिसर में पांच अगस्त को वार्षिक रामायण पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना काल के दौरान वार्षिक महोत्सव नहीं हो पाया था। इसवर्ष रामायण मंडली के सदस्यों की हुई बैठक में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि पांच अगस्त को सुबह से ही पूजा अर्चना का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

## सांसद ने लोकसभा में उठाया कसौधन जाति को केंद्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने का मामला

**कसौधन जाति के लोग पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखण्ड के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने का महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद राम ने कहा कि कसौधन जाति एकीकृत बिहार राज्य में और झारखण्ड अलग राज्य बनने के बाद भी राज्य की ओबीसी की सूची में शामिल है परंतु केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल नही है। विदित है कि उक्त जाति समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़ी हुयी है। कसौधन जाति के लोग पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखण्ड के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते है तथा उनकी काफी दिनों से मांग रही है कि केन्द्रीय ओबीसी की सूची में उन्हें सम्मिलित किया जाय। उक्त संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के सचिव वन्दना डाडेल 28 अगस्त 2020 को समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सचिव को पत्र लिखकर अन्य जातियों के साथ-साथ कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने हेतु भेजा गया हैं। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा भेजे गए उक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल की जाये। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी वार्डन के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**वार्डन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की**

**पाठ्यक्रम को ससमय पूर्ण कराने पर जोर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी वार्डन के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही कई निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान उपायुक्त रंजन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी वार्डन से प्रतिदिन उनका अटेंडेंस रिपोर्ट लेने हेतु निर्देश दिया साथ ही विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, बिजली, पानी, बेंच, कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था को दरुस्त रखने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि बालिकाओं की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए यह सभी वार्डन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी निरीक्षण हेतु जाएं, तो भी उस स्थिति में शिक्षिकाएं पढ़ाई को बाधित नहीं करें यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसे परिस्थिति में कक्षा के बाद उनको एंटरटेन किया जाना चाहिए। उन्होंने कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत बालिकाओं की शत-प्रतिशत बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। इस दौरान कई वार्डन ने कहा कि जब बालिकाओं का स्वास्थ्य खराब होता है तो कई बालिकाएं विद्यालय से अपने घर को चली जाती है इसपर उपायुक्त ने मेडिकल टीम से सभी का जांच करवाने पर बल दिया। उन्होंने पाठ्यक्रम को ससमय पूर्ण कराने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में सभी विद्यालयों में ओपन डाउट सेशन का आयोजन किया जायेगा

## हुसैनाबाद में तीस ग्रामीण सड़कों का होगा जीर्णोद्धार, स्वीकृति मिली

# ग्रामीणों का चीर प्रतिक्षित मांग पूरा हुआ : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उन्होंने दो दर्जन सड़कों को स्वीकृत कराया है। कुछ का काम पूरा हो गया, कुछ में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बची हुई सड़कों को भी ठीक कराया जायेगा। उन्होंने कहा की इन सड़कों का जीर्णोद्धार पीएमजेएसवाई से होना है। उन्होंने कहा है कि जिन सड़कों का विशेष मररमती कार्य कराया जाना है। उनमें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 30 सड़कों का मजबूतीकरण कार्य 64 करोड़ 44 लाख की लागत से कराया जाएगा। बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करा कर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इन सभी सड़को में 90 प्रतिशत राशि राज्य सरकार व 10 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी। जिन सड़कों का जीर्णोद्धार होने है उसमे हरिहरगंज (एनएच 98) पीडब्ल्यूडी रोड से चपरवार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हरिहरगंज पीडब्ल्यूडी रोड से डेमा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हरिहरगंज खाप कटैया से तेतरिया (लंगुराही)तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद के जपला- छतरपुर मेन रोड से अलीनगर तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, हुसैनाबाद जपला-छतरपुर पीडब्ल्यूडी रोड 23 किमी पर कमगारपुर मोड़ से गम्हर बीघा मेन रोड भाया कामगारपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद जपला-छतरपुर मेन रोड से हिरा सिकनी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद जपला-देवरी मेन रोड से कुशुवा भाया डिग्री कॉलेज तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद तवरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड भाया बड़हियाडीह झरहा गांव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबादजपला- छतरपुर रोड कचरा पुल से खेक्साही बैराव भाया तिनमुहान तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद जपला-छतरपुर मेन रोड से सरहु झरगाड़ा पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, जपला-छतरपुर रोड कुर्मिपुर मोड़ से चौवाचट्टान जमुआ पथ भाया कुर्मिपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, जपला-छतरपुर मेन रोड से बैराव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हुसैनाबाद सामूडीह पीडब्ल्यूडी रोड से वन्सप्ती भाया पतराक्ला चारकोल झरगाड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, जपला-छतरपुर पीडब्ल्यूडी रोड से गेडुराही भाया मोहन्दाबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, दंगवार रोड से पोखराही तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, जपला-दंगवार रोड से ददरा गांव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, हैदरनगर-परता रोड से खरगाड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य हैदरनगर-परता रोड से सोनपुरवा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य, सहित कई अन्य योजनाओं की स्वीकृति मिली है।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने उन्नत ग्राम योजना का किया औचक निरीक्षण

**साइन बोर्ड, सोलर लाइट, डीप बोरिंग, सड़क, पानी टंकी निर्माण आदि कार्य की जांच की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड के पिपरा गांव का दौरा कर उन्नत ग्राम योजना के तहत संचालित योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइन बोर्ड, सोलर लाइट, डीप बोरिंग, सड़क, पानी टंकी निर्माण आदि कार्य की जांच की। जांच के क्रम में उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर सोलर लाइट व पानी टंकी निर्माण कार्य पर संतोष जताया। इसके साथ ही उन्होंने कमेटी को गांव के प्रवेश द्वार पर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से प्राक्कलन के अनुसार साइन बोर्ड लगाने तथा योजना के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर कल्याण विभाग के जेई दिनेश प्रसाद, झारखंड फ्रेंड्स फैमिली एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सेक्रेटरी अचिंत्य पलाधि, प्रबल डे, श्यामल महतो, ग्राम कमेटी के अखिलेश पासवान, श्रीकांति देवी, अरविंद कुमार, रामकेवल पासवान, भीष्मदेव नारायण, रामजन्म राम, रामाशीष पासवान, ब्यास राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## केल्हार पंचायत का मेन रोड गड्ढा में तब्दील



**पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के केल्हार पंचायत के मेन रोड गड्ढा में तब्दील हो गया है। इस कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। इस रोड से दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। बरसात के मौसम में हल्की बारिश होने से पथ तालाब बन गया है। लोगों को बरसात में आने जाने में कठिनाई हो रही है। इस सड़क पर जनप्रतिनिधि आज तक संज्ञान नहीं लिया। केल्हार पंचायत के मुखिया ने भी खराब पथ के मरम्मति के लिए सुध नहीं लिया। दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने जर्जर पथ मरम्मति नहीं करने के लिए जनप्रतिनिधि पर आरोप लगाया है। समाजसेवी राजेंद्र सिंह समेत कई ग्रामीणों ने अविलंब जर्जर पथ मरम्मति की मांग की है।**

## बटाने मुख्य नहर पर पुल निर्माण के लिए प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**हरिहरगंज पलामू।** सिंचाई सुविधा से वंचित प्रभावित किसानों ने किसान एकता मंच के बैनर तले बटाने मुख्य नहर एनएच 98 सुलतानी के पास फोरलेन सड़क में पुल निर्माण की मांग को लेकर गुरूवार को शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुख्य गेट पर अक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने कंपनी पर उपेक्षा और मनमानी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन में झारखंड के हरिहरगंज, पिपरा और सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा, नबीनगर प्रखंड क्षेत्र से काफी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों का कहना है कि उक्त नहर में फिलहाल ह्यूम पाइप डालकर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रोड का निर्माण कर दिया गया है। जिससे पानी का बहाव रुका हुआ है। इससे हजारों एकड़ जमीन में कृषि कार्य प्रभावित है। जिस कारण किसानों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। धरना स्थल पर पहुंच कर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज पांडेय ने धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को आश्वाशन देते हुए कहा कि जल्द ही किसानों की उक्त समस्या का समाधान किया जाएगा। धरना स्थल पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआई रेणुका टुड्डू, प्रकाश गुप्ता, रंजीत कुमार, एएसआई संजय सिंह सहित पुलिस बल के साथ तैनात रहे। मौके पर बिरेंद्र यादव, संजय कुमार यादव, ललेंद्र यादव, सतेन्द्र राम, दीपक यादव, मथुरा रजक, अरुण यादव सहित सैंकड़ों किसान मौजूद थे।

### सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी को दी गयी विदाई



पाटन पलामू। पाटन वन विभाग परिसर में सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी राम सुरत प्रसाद को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मौके पर पलामू वन विभाग के पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने राम सुरत प्रसाद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर शुक्ला ने कहा कि रामसुरत प्रसाद का कार्यकाल बेदाग व सराहनीय रहा है। रामसुरत प्रसाद अपने कार्यकाल को टीम भावना के साथ किया। समारोह में राजु सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामजन्म सिंह, पारसनाथ सिंह, अरविंद प्रसाद, मनातु वन विभाग के वनपाल राजेश पाण्डेय, जयप्रकाश रंजन, अभिमन्यु कुमार, वनरक्षी मुना चौधरी। विदाई समारोह का संचालन वनपाल पंचम दुबे ने किया।

### सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक को दी गयी विदाई



मनातू पलामू। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगराहा में पदस्थापित पारा शिक्षक ब्रह्मदेव ठाकुर को सेवानिवृत के उपरांत विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन कर अंग वस्त्र छाता बुके आदि भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने कहा कि ब्रह्मदेव ठाकुर जी ने लगभग 20 वर्षों तक शिक्षक के रूप में बच्चों को शिक्षा देते हुए अपनी सेवा दी। 31 जुलाई को सेवानिवृत हो गए। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उमेश कुमार, पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजय यादव, सुजीत, अंजल यादव, धीरेंद्र, विष्णु देव यादव, बृजेश कुमार, नवीन सिंह सहित सैकड़ों पारा शिक्षक थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल



हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के निकट रहने वाल 25 वर्षीय फिरोज आलम की बुधवार की शाम औरंगाबाद में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना में मुहल्ले के ही अशरफ अली नामक युवक घायल हो गया है। मृतक औरंगाबाद में कपड़ा का व्यवसाय करता था। औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हाइवा ट्रक ने धक्का मार दिया। युवक के निधन पर समाजसेवी अतहर हुसैन, मुमताज अहमद, मो सफीक, इम्तियाज अहमद, मुस्लिम अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सहित कई लोगों ने गहरा दु:ख जताया है।

### डॉ शर्फुद्दीन अंसारी हुए सुपुर्द ए खाक



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद शहर के सैयद टोली निवासी डॉक्टर शर्फुद्दीन अंसारी 60 वर्ष का गुरुवार तीन बजे निधन हो गया। वह पिछले कई सालों से गंभीर बिमारी से जूझ रहे थे, गुरुवार को उनके परिवार के लोग इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई, इनके जनाजे को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, बसपा नेता शेर अली,जेएमएम के एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, रवींद्र कुमार सिंह ,नगर अध्यक्ष शशि कुमार, गयसुद्दिन सिद्दिकी, डॉ, कन्हैया सिंह, डॉ, नादिर अब्बास रिजवी, डॉ, एजाज आलम, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, नेहल असगर, रामेश्वर राम, समेत कई लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## नगर निगम की योजना आधारहीन साबित हो रही है : अभिषेक सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड गठन के बाद डालटनगंज नगरपालिका को अपग्रेड कर नगर निगम का दर्जा दिया गया। ताकि नगर निगम को सही तरीके से मैप तैयार कर कार्य योजना का संचालन कराया जाये। ताकि निगमवासियों को लाभ हो सके। लेकिन निगम के पहले ही कार्यकाल में आधारहीन योजनाओं का चयन किया गया जिससे न निगम वासियों को लाभ मिल रहा है और ना ही निगम क्षेत्र को सुव्यवस्थित तरीके से सजाया जा रहा है। उक्त बातें झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि निगम बनने से लोगों को एक उम्मीद की किरणें जगी थी कि निगम क्षेत्र में व्यवस्थित तरीके से सड़क, नाली, पानी व बिजली की व्यवस्था हो पायेगा। लेकिन आज यह समस्या ज्यों की त्यों सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ा है। पूर्व मेयर के कार्यकाल में जितने भी योजनाओं का चयन किया गया उसमें लूट योजना भी शामिल है। जिस कारण शहर के गांधी उद्यान, कोयल रिव्यू से लेकर अंबेडकर पार्क समेत कई योजनाएं शामिल है।

## जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जायेगा : सीएस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। सिविल सर्जन सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सिविल सर्जन डा अशोक कुमार को विदाई दी गई। जबकि नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार ने कहा कि पलामू जिला के स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने के लिए अपार संभावना है। उन्होंने जिले के चिकित्सकों समेत स्वास्थ्यकर्मियों को शुभकामना देते हुए कहा कि मेरे साथ सभी ने सहयोग कर कार्य को प्रगति पर बढ़ाया है। नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पलामू जिला मेरे लिए कोई नया नहीं है। मैं यहां विगत कई वर्षों से कार्यरत हूं। पूर्व में भी इस पद पर रहते हुए कार्य कर चुका हूं। लेकिन राज्य सरकार ने पुनः इस जिले की जवाबदेही मुझे दिया है उसे पूरी तन्मयता के साथ निभाउंगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को पलामू जिले के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप केंद्र को सुव्यवस्थित किया जायेगा। सरकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जायेगा। मौसम के अनुसार कई संक्रमित रोग फैल रहे हैं जिसके रोकथाम के लिए समुचित व्यवस्था की जायेगी।

## 'आत्मा पलामू' ने किया उंटारी बाजार और डेवडर में नुक्कड़ सभा

**नुक्कड़ सभा के माध्यम से किसानों को किया गया जागरुक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**उंटारी रोड़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत लहरबंजारी पंचायत के सिड़हा व करकटा पंचायत के डेवडर में गुरुवार को आत्मा पलामू के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कृषि विभाग (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि ऋण माफी, पीएम किसान(आधार सिडिंग लैंड सिडिंग, केवाईसी) पीएम कुसुम योजना, केसीसी, मोटे अनाज (श्री अन्न) के बारे में नाटक के माध्यम से जानकारी किसानों को दिया गया। लहरबंजारी अंतर्गत सिरहा व करकटा के डेवडर में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किसानों को जागरूक किया। आत्मा द्वारा प्रायोजित नुक्क्ड़ नाटक के मनीषा कलादल के कलाकार ने अपनी प्रस्तुति से खेती के नए नए तकनीकी के तरीके के बारे में बताया गया। जिसमे मुख्य रूप से बीडीओ ललित राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहरबंजारी के मुखिया अशोक सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार, प्रखंड सहायक तकनीकि प्रबंधक अभिमन्यु प्रसाद, जनसेवक अरविंद सिंह, किसान मित्र संतोष गुप्ता, मिथलेश सिंह, शंकर मेहता, शंकर राम, कृष्णा मेहता, पंचायत के किसान मनोज सिंह, बसंत चौधरी, सूर्यदेव तिवारी, इरफान अंसारी, अनुज सिंह, दुर्गेश कुमार सहित कई किसान मौजूद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में छात्रों के द्वारा अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ एके सिंह व शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सभी प्रतिभागियों ने काफी सुंदर और मनमोहक मेंहदी प्रदर्शन किया। जिसके उपरांत विद्यालय के नियुक्त निर्णायक दल के द्वारा घोषित परिणाम में समूह ए में - बायरन सदन से वेद परी कक्षा (छटवीं) प्रथम, इलियट सदन से सौम्या श्रुति कक्षा (आठवीं) द्वितीय, रहमत फातिमा कक्षा (आठवीं) एवं तनु कुमारी कक्षा (सातवीं) बायरन सदन से संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। उसी प्रकार समूह बी में-इलियट सदन से क्रमशः रानी वर्षा कक्षा (नवीं) प्रथम, जिया तिवारी कक्षा (ग्यारहवीं) द्वितीय स्थान में रहे। शेक्सपीयर सदन से श्रेया कुमारी कक्षा (नवीं), कीट्स सदन से नायशा मुकेश सिंह कक्षा (नवीं) इलियट सदन से समीक्षा सिंह कक्षा (दसवीं), संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। मौके परप्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि सावन महीने में मेहंदी का अपना पारंपरिक महत्व है।

## समाजसेवी बिनु प्रसाद गुप्ता का निधन

**चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर समेत कई लोगों ने जताया शोक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/रांची।** रांची में मेदनीनगर मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता के बड़े भाई समाजसेवी बीनू प्रसाद गुप्ता का मेदांता हॉस्पिटल में दिन के 10 बजे अकस्मात मृत्यु हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिवार ने इनका अंतिम संस्कार बेलवाटीका श्मशान घाट में गुरूवार को करने का निर्णय लिया है।

इस खबर के मिलते ही काफी लोग सुनील गुप्ता के आवास पर पहुंचकर अपने सहानुभूति प्रकट किये। इस दुख की घड़ी में चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि वीनू प्रसाद गुप्ता काफी मृदुभाषी, मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। मौके पर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भी शोक जताया है। शोक व्यक्त करनेवालों में चेंबर उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, अरविंद अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, निगम के कई कर्मी, शहर के व्यवसाई स वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, रितेश प्रसाद, आलोक माथुर, निलेश चंद्रा, सुबोध गुप्ता, फिरोजउद्दीन अंसारी तथा काफी संख्या में लोगों का नाम शामिल है।

स्पीड न्यूज

## जितपुर पंचायत में जदयू की पंचायत कमेटी गठित

**गोमो।** गुरुवार को जदयू तोपचांची प्रखंड अंतर्गत जितपुर पंचायत की बैठक लालूडीह में जदयू नेता फरीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवाओं ने जदयू का सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में शामिल हुआ। इस दौरान जितपुर पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष मो.अहमद, पंचायत सचिव मो.सोनू, पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश दास एवं पंचायत कोषाध्यक्ष हंसमुख अंसारी को सर्वसम्मति से चुना गया। नियामुद्दीन अंसारी, बब्लू रविदास, मो. गरीब नवाज,समसुल अंसारी,मो.राजा बाबू,समसूद्दीन अंसारी, दिलखुश अंसारी,गुलसार अंसारी,मो.कमाल,मो.सद्दाम जदयू में शामिल हुए हैं। इस मौके पर फुलचंद दास, प्रकाश नारायण मंडल, अशोक कुमार दास, अकरम अंसारी, ऐनुल अंसारी, डब्बू अंसारी, पंकज कुमार सिंह, सुभाष सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीसी ने की जेआरडीए की समीक्षा बैठक

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपायुक्त को दी। उपायुक्त वरुण रंजन द्वारा जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी कुमार बंधु कच्छप, महाप्रबंधक जेआरडीए देवेन्द्र माहापात्रा समेत संबंधित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरु गोष्ठी

**कुमारधुबी।** शैक्षणिक अंचल निरसा 3 के सभी प्राथमिक नया प्राथमिक उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक की मासिक गुरु गोष्टी एग्यारकुंड स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एग्यारकुंड विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालय में साफ सफाई शौचालय की साफ सफाई मध्यान भोजन योजना से संबंधित साफ-सफाई पोषण वाटिका रसोईया का जॉब कार्ड के लिए आधार कार्ड की छाया प्रति बैंक पासबुक की छायाप्रति जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र छात्रवृत्ति से संबंधित निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीएम पवन महतो, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ निरसा-3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह ,मनसूर रहमान ,संदीप सिन्हा चंदन मिश्रा ,कालीचरण कुमार मो सोहेल ,मुराद हुसैन , सहित आदि लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसा : माता-पिता की मौत के बाद बेटे की चली गयी याददाश्त

### कोलकाता के अस्पताल में चल रहा है इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की सड़क पर 12 जून को रफ्तार की कहर से बर्बाद हुए परिवार में बचा किशोर अभी भी जीवन और मौत के बीच झूल रहा है। मृत बीसीसीएल सर्वे अधिकारी राणा दास का बेटा ऋषभ कोमा से तो बाहर आ गया है लेकिन उसकी यादाश्त चली गई है। फिलहाल वह बीसीसीएल के खर्चे पर कोलकाता के न्यूरो अस्पताल में इलाज रत है। ऋषभ से मिलने मोहल्ले के कुछ लोग कोलकाता अस्पताल गए थे लेकिन वह उन्हें नहीं पहचान सका। उसके पालतू कुत्ते का वीडियो भी दिखाया गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### दुर्घटना में माता-पिता को खो दिया है ऋषभ

इस दुर्घटना में उसके माता-पिता की मौत हो गई थी। सिर्फ वही बचा है लेकिन लंबी इलाज के बाद के बाद भी उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं आ रहा है। धनबाद की धैया सड़क पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के मौसेरे देवर हर्ष सिंह की कंपनी की गाड़ी ने रॉन्ग साइड में दौड़ती हुई बीसीसीएल के सर्वेयर की बाइक को धक्का मार दिया था। उस बाइक पर सर्वे अधिकारी राणा दास और उनकी पत्नी मानसी दास और बेटा ऋषभ सवार थे। सर्वेयर की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पत्नी अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया, जबकि बेटा ऋषभ जीवन और मौत से अभी भी जूझ रहा है। इस घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई ढीली दिखी, हालांकि गाड़ी चलाने का दावा



करने वाले चालक ने इस मामले में न्यायालय में समर्पण कर जमानत ले ली है।

### पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप

इस घटना ने धनबाद में खूब सुर्खियां बटोरी और पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगा। जब्त दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को छुड़ाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दुर्घटना में एक परिवार को तबाह और बर्बाद कर दिया है। रात के अंधेरे में धनबाद की सड़कों पर रेस का खेल अभी चल रहा है। यह कितनों की जान लेगा, यह कहना मुश्किल है। चार पहिया वाहन की बात कौन कहे दो पहिया वाहन प्रेशर हॉर्न लगाकर जिस तरह से दौड़ते है, रोज किसी न किसी को दुर्घटना का कारण बनाते है। वैसे धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था लाइलाज बीमारी बन गई है। साथ ही सड़कों पर मनबढ़ू युवकों का आतंक भी कम नहीं है।

## बाइक सवार दो अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**धनबाद।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद है पुलिसिया कार्रवाई का डर नही है देर बुधवार रात धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत नई दिल्ली एलटी स्कूल के समीप अज्ञात लोगों ने एक युवक को गोली मार दी। जिसके बाद उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गणेश चौहान नामक युवक धनसार एचटी स्कूल के समीप खा-पीकर अपने घर नई दिल्ली कॉलोनी जा रहा था। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। जो उसके कमर में लगी है। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक कोलियरी में कोयला काटने का काम करता है। गोली किसने और क्यों चलाई, इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि पुलिस जांच में जूट गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एलटी स्कूल के एम समीप फुटबॉल ग्राउंड में असामाजिक तत्व बैठकर नशा सेवन करते हैं। जिनमें अधिकतर अवैध हथियार से लैस रहते हैं। ऐसे में आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि नशे में धुत युवकों के अवैध हथियार से फायरिंग हुई है और युवक को गोली लगी है।

## एक नजर में

### उपायुक्त ने जागरूकता रथ किया रवाना



बोकारो में हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना करते डीसी।

बोकारो। विश्व स्तनपान सप्ताह पर डीसी कुलदीप चौधरी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती मेनका ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ विभिन्न प्रखंडों के गांव.गांव में ग्रामीण महिलाओं को स्तनपान के बारे में जागरूक करेगा। गांवों में छोटे.छोटे कार्यक्रम कर गर्भवती और धात्री महिलाओं को स्तनपान से होने वाले फायदे के बारे में बताया जाएगा। जन जागरूकता के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गयी। मौके पर सीडीपीओए महिला पर्यवेक्षिकाए पिरामल फाउंडेशन के सदस्य एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के पदाधिकारीध्कर्मी उपस्थित थे।

### दहकते ओबी से झुलसीं चाची-भतीजी



**झरिया।** धनबाद जिले का झरिया जो एक तरफ देश की राजधानी में कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता हैए वहीं दूसरी ओर इसी कोयले के कारण झरिया के लोगों का जीवन नरक हो गया है। धरती के नीचे धधकती आग के ऊपर बसी झरिया की आबादी के लोगों के जीवन में आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होते ही रहती है। जहां 2 दिनों पहले एक युवक धधकती गोफ में समा गया था। जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने उसकी आधी जली हुई बॉडी को बाहर निकाला। वहीं गुरुवार को देर शाम झरिया के बनियाहील में 36 वर्षीय रिंकू देवी और उसकी भतीजी जिया कुमारी 11 वर्ष गर्म ओबी के चपेट में आ गईए और गंभीर रूप से घायल हो गई । आनन.फानन में दोनों को धनबाद के एस एन एमएमसीएच अस्पताल ले जाया गयाए जहां दोनों का इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक जिया कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### डीपीएस चास में टनल बॉल प्रतियोगिता



टनल बॉल प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

**बोकारो।** डीपीएस चास में आयोजित टनल बॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सतलज हाउस प्रथमए गंगा हाउस द्वितीयए चेनाब हाउस तृतीय व यमुना हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। वहीं लड़कियों की प्रतियोगिता में सतलज हाउस प्रथम, यमुना हाउस द्वितीय, चेनाब हाउस तृतीय व गंगा हाउस चौथे स्थान पर रहा। मौके पर स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन के लिए बल्कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शारीरिक व मानसिक खेल अति आवश्यक है। नियमित खेलने वाले बच्चे अवसाद से दूर रहते हैं। खेलने से बच्चों में धैर्य व प्रतियोगिता भावना का विकास होता है। मौके पर खेल शिक्षक निखिल दत्ता, राहुल प्रताप व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### अजमेर में मुंतसिर अंसारी ने चढ़ाई चादर

**बेरमो।** अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की मजार पर फुसरो के समाजसेवी मुन्तसिर अंसारी उर्फ पप्पू ने चादर पेश कर देश एवं प्रदेश के अमन.चैनएभाईचारे एवं खुशहाली की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि सभी मजहबों के लोग अपनी मुरादें लेकर ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने पर हाजिर होते हैं। कहा कि अजमेर शरीफ गंगा जमुना तहजीब की मिसाल है। पूरे भारत में यही भाईचारा कायम रहे।

## वेदांता इलेक्ट्रो स्टील : ड्यूटी जाते समय श्रमिक की मौत आश्रित को मिली नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/तालगड़िया।** बोकारो जिलान्तर्गत चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पाठकडीह निवासीए वेदांता.इलेक्ट्रो स्टील में कार्यरत 48 वर्षीय हरेकृष्ण पाठक प्रथम पाली में ड्यूटी के लिए सुबह पांच बजे घर से निकले थे। सिंदूरपेटी के समीप तबीयत खराब होने के कारन गिर पड़े। स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वजनों की ओर से वेदांता.इलेक्ट्रो स्टील प्रबंधन से नियोजन व मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम की तैयारी की ही जा रही थी कि चास मुफस्सिल थाना प्रभारी एनके यादव की पहल पर धनडाबर स्थित भाजपा के वरीय नेता दिलीप चौबे के आवास में वार्ता हुई, जिसमें मृतक के आश्रित को पंद्रह लाख रुपये और एक नौकरी पर सहमति बनी। मौके पर वेदांता इलेक्ट्रो स्टील के ठेका कम्पनी अधिकारी संदीप सिंहए थाना प्रभारी एनके यादव, भाजपा नेता दिलीप चौबे, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अम्बिका खवास, उप मुखिया कालाचांद महतो, बबलू चौबे, भागवत पाठक, गौर रजवार मौजूद थे।

## सरकार के खिलाफ भाजयुमो का महाधरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह ।** झारखण्ड सरकार के खिलाफ एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम में स्थानीय निति, नियोजन निति, पास झारखंडी युवाओं को भी राज्य सरकार अवसर प्रदान करें। युवाओं के साथ अत्याचार करना बंद करें बंद करें। हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण चुनावी वादों के मुताबिक युवाओं को रोजगार नहीं देने तथा रोजगार भत्ता नहीं दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गिरिडीह के अध्यक्ष श्री रंजीत राय की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय गिरिडीह के समक्ष किए गए एक दिवसीय धरना में शामिल होकर अपने



महाधरना में शामिल भाजयुमो के कार्यकर्ता।

विचार व्यक्त किए, धरनास्थल पर गिरिडीह के युवा मोर्चा प्रभारी अमित शाह जी एवं संचालन कर्ता शंभू प्रसाद शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ,जिला महामंत्री सुभाष चंद्र सिंहा , संदीप डंगैच ,भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार,सहित काफी संख्या में युवा मोर्चा सहित भाजपा एवं अन्य मोर्चा के लोग शामिल थे , धरना के माध्यम से हेमंत सरकार को सचेस्ट करते हुए मांग किया गया कि बेरोजगार युवकों को चुनावी वादे के मुताबिक शीघ्र रोजगार दिया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन पर हम सभी विवश होंगे।

## सिंदरी में खुलेगा पुस्तकालय और आर्ट सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** भारत ज्ञान विज्ञान समिति सिंदरी द्वारा के डी 95 आवासीय परिसर में दिवंगत विज्ञान शिक्षिका सुजाता की दूसरे स्मृति दिवस पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। स्वेच्छा से नेत्रदान की इच्छा रखनेवाली दिवंगत शिक्षिका की याद में स्वेच्छा से नेत्रदान के प्रति जागरूकता सभा, जे पी अस्पताल धनबाद द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर और पुस्तकों की



श्रद्धांजलि सभा में शामिल लोग।

प्रदर्शनी लगाई गई। सभा के मुख्य अतिथि भारत ज्ञान विज्ञान समिति राष्ट्रीय महासचिव डॉ काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि दिवंगत सुजाता व उनके पति विकास कुमार ठाकुर सामाजिक व कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते रहे। दिवंगत सुजाता की घर आते समय सड़क दुर्घटना में मृत्य हो गई थी। विकास ने सारी प्रकिया करते हुए सामाजिक हित में अपनी पत्नी का नेत्रदान करवाया। आज के सामाजिक परिवेश में इसकी जरूरत है। सड़कों में गड्ढे से आए दिन दुर्घटना हो रही है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रकृति प्रेमियों की डीएफओ संग बैठक

**बोकारो।** पर्यावरण प्रेमियों का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में बोकारो वन प्रमंडल के डीएफओ रजनीश रंजन से चास कार्यालय में मिला और बोकारो की विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया। बोकारो के विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों में सघन पौधरोपण कराने हेतु चर्चा की गई तथा जिले में भूमाफियाओं द्वारा वन भूमि को कब्जा किए जाने की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया गया। डीएफओ रजनीश रंजन ने पौधरोपण हेतु वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराने एवं वहां वन महोत्सव भी आयोजित करने हेतु अपनी सहमति देते हुए प्रतिनिधि मंडल के हर बात पर अपनी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, चास कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह बोकारो महिला कॉलेज के सचिव प्रो पीएल वर्णवाल, विद्या मंदिर विद्यालय के सचिव एसएन दास, प्राचार्य रण सुमन सिंह, नशा मुक्ति अभियान के संयोजक लक्ष्मण शर्मा शामिल रहे।

## कसमार प्रखंड के खैराचातर गांव में योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खैराचातर में 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायत समिति फंड से मन पूरन अड्डी के घर से लेकर चन्दन दे के घर तक तथा पारसमणि दे के घर से लेकर विशु पाल के घर तक ढक्कन समेत नाली निर्माण का शिलान्यास बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, कसमार प्रमुख नियोति कुमारी, खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल, उप मुखिया अनिल कपरदार, वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार दे के द्वारा हुआ। बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे है। इसमें स्थानीय लोगों की भी सहभागिता आवश्यक है। कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि 2026 तक कसमार प्रखंड के सभी गांवों व टोलों में सुविधा बहाल होगी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जल-जमाव से लोगों को दिक्कत हो रही थी जिसको देखते हुए दो ढक्कन समेत नाली निर्माण का कार्य होगा। मौके पर समाजसेवी लोकेश कुमार दे, निशाकर दे, यादव चन्द्र दे, पूर्व वार्ड सदस्य आनंद दे, लाभुक समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार दे, शिव राम अड्डी, सचिव सुयश कुमार दे आदि मौजूद थे।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा के गठन से ऊहापोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआइएल सिंदरी द्वारा जारी अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद सिंदरी में विभिन्न दलों के मोर्चा बनाने की होड़ मची है। वैसे मोर्चा बनाने की होड़ केन्द्र में भी मची है। एक तरफ संयुक्त मोर्चा सिंदरी में भाजपा, कॉंग्रेस सहित कई सामाजिक संगठनों ने धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह के दिशानिर्देश को सही बताते हुए राह पकड़ी है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को राजद कार्यालय सिंदरी में सक्रिय राजनीतिक दलों सीपीआईएम, एमसीसी, सीपीआइएमएल, राजद, कॉंग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी ने संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन कर लिया है। हालांकि संयुक्त मोर्चा में रहे कॉंग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार अब नये गठबंधन की ओर



नजर आ रहे हैं और अपने तरीके से भी लड़ाई लड़ने के लिए धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन को भी गुरुवार को स्मार पत्र सौंप दिया है। संयुक्त मोर्चा में झामुमो सिंदरी नगर कमेटी नजर आई तो महानगर कमेटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा में नजरे करम कर बैठी है। दो संयुक्त मोर्चा के बाद सिंदरीवासी उहापोह की स्थिति में बैठ गए हैं कि किसकी बागडोर पकड़कर राह आसान तो नहीं पर मंजिल के करीब तक पहुँचा जा सकता है।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा सिंदरी की बैठक की अध्यक्षता झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने की। वक्ताओं ने कहा कि यह लड़ाई सिंदरी के अस्तित्व की रक्षा की है। नोटिस देकर सिंदरी शहर को उजाड़ने के किसी भी प्रयास का जोरदार विरोध होगा। पहले भी सिंदरी की जनता ने भाजपा सरकार द्वारा सिंदरी के उजाड़ने के प्रयास के खिलाफ संगठित होकर आंदोलन किया था और जीत दर्ज की थी। वक्ताओं ने सिंदरी में रहने वाले सभी सिंदरीवासियों से अपील की है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल,www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गढ़वा
(जिला आपूर्ति शाखा)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद सं0-124/2022-23 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-07 के तहत जब्त 668 (छःसौ अरसठ) बोरा गेंहू वजन लगभग 40080 किलोग्राम एवं 409 (चार सौ नौ) बोरा चावल वजन लगभग 24540 किलोग्राम को Auction Sale (नीलामी बिक्री) द्वारा बिक्री किया जाना है। उक्त सामग्री के क्रय हेतु ईच्छुक क्रेता दिनांक 07.08.2023 के अपराहन 12:30 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा (सदर) के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर नीलामी बिक्री में भाग ले सकते है। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

PR 303940 Food Public Distribution and Consumer Affairs (23-24)_D

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
गढ़वा

# एम्स प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक, खुलेगा सेंट्रल स्कूल

### विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति अग्निशमन व्यवस्था पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** जिला प्रशासन द्वारा एम्स प्रबंधन को मुहैया कराई जाने वाली विभिन्न व्यस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने विद्युत आपूर्ति,



जिला प्रशासन की बैठक में शामिल अधिकारी।

जलापूर्ति, अग्निशमन व्यवस्था, एम्स परिसर हेतु यातायात की सुविधा, एम्स के हस्तांतिरत जमीन की घेराबंदी, एम्स के आसपास प्लान्ड डेवलपमेंट, सुरक्षा व्यवस्था के साथ विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे एम्स को जलापूर्ति कनेक्शन से जोड़ने के अलावा एम्स प्रांगण में अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने साथ एम्स के आसपास के क्षेत्रों में प्लांड वे में डेवलप्मेंट को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि अरबन डेवलपमेंट विभाग को पत्राचार करें, ताकि संबंधित विभाग द्वारा इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही एम्स के नजदीक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु सरकारी भवन चयनित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। आगे एम्स से जुड़े यातायात सुविधा के अलावा एम्स परिसर हेतु हस्तांतरित भूमि को सुरक्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने निदेश दिया। मौके पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़
ई-मेल- ramgarh.rmsa01@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या-03/2023-24

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति, रामगढ़ के निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, झारखण्ड, राँची के विज्ञापन संख्या 21/2016 के अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (सीधी नियुक्ति) की स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु रामगढ़ जिले के संसूचित रिक्ति के विरूद्ध अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के पूर्व काउंसलिंग हेतु निम्न कार्यक्रम का निर्धारण किया जाता है :-

| क्रमांक | विषय | अभ्यर्थियों की संख्या | कुल | काउसलिंग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षा | 05 | 05 | 05.08.2023 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 2 | संस्कृत | 14 | 14 | |
| 3 | उर्दू | 01 | 01 | |
| | कुल | 20 | 20 | |
| 2 | काउसलिंग के क्रम में आपत्ति के निराकरण एवं काउसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने की तिथि एवं समय | | | 07.08.2023 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न |

रामगढ़ जिले के लिए उपरोक्त विशय हेतु कार्यक्रम के अनुसार सभी संबंधित अभ्यर्थी निम्नांकित अभिलेख (मूल अभिलेख एवं स्वअभिप्रमाणित प्रति दो सेट फोल्डर में) के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय, रामगढ़ में उपस्थित होकर काउसलिंग में सम्मिलित होंगे :-
1. प्रवेश-पत्र। 2. शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्चतर योग्यता तक)
3. प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक प्रमाण पत्र (बी०एड०) NCTE से संस्था एवं सत्र की मान्यता से संबंधित अभिलेख।
4. आवासीय प्रमाण पत्र। 5.जाति प्रमाण पत्र। 6. आधार/पैन/वोटर आई०डी० एवं चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
7. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए)।
निर्धारित तिथि को आयोजित काउसलिंग में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 303956 District(23-24)D

## स्पीड न्यूज

### दोषियों को कड़ी सजा मिले : विधायक



**रामगढ़।** पवन यादव हत्याकांड मामले में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने प्रेस बयान जारी कर कहा की रामगढ़ में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। जिसे रोक पाने में राज्य सरकार और जिला प्रशासन नाकाम सिद्ध हो रहे हैं। विधायक ने पवन यादव हत्याकांड की निंदा करते हुए कांड में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा की शहर सहित जिलाभर में अपराधी बैखौफ हैं। उन्होंने मांग किया की राज्य सरकार और जिला प्रशासन रामगढ़ में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

### रजरप्पा में आचार्य सम्मेलन कल

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 5 अगस्त को संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन को लेकर आचार्यों की बैठक प्राचार्य उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। श्री प्रसाद ने बताया कि संकुल स्तरीय आचार्य सम्मेलन में विद्या विकास समिति, झारखंड के रामगढ़ संकुल के अंतर्गत सभी सरस्वती विद्या मंदिर के लगभग दो सौ पचास आचार्य भाग लेंगे। सम्मेलन में विद्या विकास समिति, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सम्मेलन का उद्देश्य आचार्यों का व्यक्तित्व विकास एवं अध्यापन कौशल का विकास करना है।

### पीवीयूएन में मना अंगदान दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन पतरातु में गुरूवार को भारतीय अंगदान दिवस महोत्सव के रूप में मनाया गया। कहा गया कि यह भारत में पहले सफल मृतक हृदय प्रत्यारोपण की याद दिलाता है। यह दिवस मृतक दाताओं और उनके परिवारों द्वारा समाज में किए गए योगदान के लिए मनाता है। कहा गया कि इस दिन को चिन्हित करने और जागरूकता फैलाने के लिए पीवीयूएन के चिकित्सा विभाग द्वारा एडमिन बिल्डिंग के कन्फ्रेंस हल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पीवीयूएन सीईओ रवींद्र कुमार द्वारा मृत्यु के बाद परिजनों द्वारा अंग दान करने व जागरूकता फलाने को ले अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

### रैयतों की मांगों पर विचार करे प्रबंधन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने गुरूवार को सयाल खुली खदान के मूल रैयतों के साथ बैठक की। सतीश सिन्हा ने कहा कि जहां सयाल खुली खदान चल रहा है वहां पर 3556 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया है। सिर्फ तीन लोगों को ही नौकरी मिला है। सिन्हा ने प्रबंधन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि रैयतों की मांगों पर प्रबंधन अविलंब विचार करे। अन्यथा रैयतों समर्थन में एजेकेएसएस आंदोलन करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। बैठक में सतीश सिन्हा, रणधीर साव, विनोद सिंह, रामदेव सिंह, गोवर्धन सिंह, हीरालाल सिंह, वीरू सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह, जटल सिंह, कमलेश कुमार, सनी सिंह, बबलू हेम्ब्रम आदि मौजूद थे।

### डॉ बीएन प्रसाद को दी गयी विदाई

**बड़कागांव।** स्वास्थ्य विभाग ने बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद समेत तीन डॉक्टरों का तबादला किया है। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में आशीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर बी एन प्रसाद को दी गई विदाई। लोगों ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके के भेंट कर अभिनंदन किया। डॉक्टर बीएन प्रसाद ने कहा कि 4 वर्षों के कार्यकाल में अस्पताल के डॉक्टरों एवं वर्करों के द्वारा पूरा सहयोग मिला जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

### 51 महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र

**केरेडारी।** एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा संस्कृति महिला समिति के बैनर तले 51 महिलाओं को तीन महीने की सिलाई प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र दिया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को चट्टीबारियातू के पंचायत भवन में आयोजित हुआ था। इस मौके पर उपस्थित एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना के परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन (सीजीएम) ने बताया कि एनटीपीसी परियोजना द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण सभी महिलाएं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर करती है। रोजगार सृजन का यह एक विकल्प भी है। देश की प्रगति में एनटीपीसी की ओर से प्रगतिशील प्रयास है।

### कृषि वैज्ञानिक पंचतत्व में विलीन

**बरही।** बिरसा कृषि बीज उत्पादन सह अनुसंधान केंद्र गोरिया करमा प्रक्षेत्र के दिवंगत कृषि वैज्ञानिक 55 वर्षीय शमशेर बहादुर सिंह को हजारीबाग स्थित खिरगांव मुक्तिधाम में अग्नि संस्कार किया गया। दिवंगत श्री सिंह का पार्थिव शव शहर के रामनगर स्थित शिवदयाल नगर में बने निजी आवास से दर्जनों गाड़ियों के काफिले में निकला। अंतिम यात्रा में मृतक के परिजन बिरसा कृषि से संबंधित कार्यरत लोग के साथ सामाजिक राजनैतिक प्रशासनिक शिक्षा जगत से जुड़े सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# गायब महिला का शव मिला, एक गिरफ्तार

**सोनू केशरी**

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डुमर सरौनी निवासी काजल कुमारी पति सुनील कुमार कुमार राणा का शव इटखोरी से बरामद किया गया। शव को पोस्टमॉर्टम हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां से आरोपी मणि कुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया गया।

मृतक महिला के पति सुनील ने बताया कि एक मई को उसके गांव डुमर सरौनी से पत्नी काजल को तीन लोगों ने अगवा कर लिया था। इस दौरान वे में मुंबई में थे जहां कारपेंटर का काम करते है। जानकारी के बाद गांव लौटे और घटना की सुचना मुफ्फसिल थाने को दी। इसके बाद वे अपनी पत्नी के खोजबीन में लगे रहे। तीन माह बीतने के बाद एक अगस्त को ससुराल वालों ने जानकारी दी की

**पति ने तीन लोगों के खिलाफ पत्नी को अगवा करने का दर्ज कराया केस**



काजल कुमारी (फाइल फोटो)।

काजल की मौत हो गयी है और उसका शव मिल गया है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। दोषियों को फांसी हो।

**क्या है मामला :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डुमर सरौनी निवासी सुनील कुमार राणा की शादी 2017 में इटखोरी, सिमरजाब निवासी काजल कुमारी के साथ हुआ था। पांच साल ठीक ठाक से गुजरे। एक मई 2023 को काजल कुमारी अचानक गायब हो गयी। पति ने गुमशुदगी को लेकर थाने में रिपोर्ट कराई। उन्होंने थाने में मणि कुमार चंद्रवंशी, अजीत कुमार चंद्रवंशी, आकाश कुमार चंद्रवंशी पर अपनी पत्नी को अगवा करने का आरोप लगाया था।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने कहा कि जिन तीन लड़को पर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है उसकी जांच चल रही है। जांच के बाद विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

### चरही : सड़क हादसे में सीसीएल कर्मी घायल

चरही। बुधवार रात 10 बजे चरही थाना क्षेत्र के श्यामपट्टी स्थित बोकारो नदी के पास सड़क दुर्घटना में एक सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल भेजा गया। सीसीएल कर्मी अंशु उरांव चरही कॉलोनी निवासी अपनी बाइक नंबर जेएच 24 के/9379 पर सवार होकर अपने आवास आ रहा था।इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात बस ने बोकारो नदी के समीप एनएच-33 पर पीछे से टक्कर मार दिया।जिस क्रम में बाइक सवार सीसीएल कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बरही चौक पर नहीं लगेगा पोस्टर और झंडा

**बरही।** सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बरही चौक में विभिन्न दल, संप्रदाय, धर्म विशेष तथा व्यक्तिगत पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स, झण्डा बिना अनुमति के लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आदेश जारी करते हुए बताया कि सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डिफेसमेन्ट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट 1985 के तहत बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के बिना सरकारी, सार्वजनिक स्थल, भवन तथा चौक चौराहा पर पोस्टर, बैनर लगाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने आदेश जारी कर सभी संबंधित प्राधिकार, व्यक्ति विशेष तथा संबंधित पक्षों को निदेश दिया कि बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के बिना किसी तरह का पोस्टर, बैनर, प्लैक्स, झण्डा बरही चौक चौराहे पर ना लगाए या फिर किसी तरह का विभिन्न दल, संप्रदाय, धर्म विशेष तथा व्यक्तिगत पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स, झण्डा अगर लगा हो तो अविलंब उसे हटाना सुनिश्चित करें।

# पवन यादव हत्याकांड में 4 आरोपी गिरफ्तार

## पैसे को लेकर हमास और सोनू से हुआ था विवाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के विकास नगर मोहल्ला निवासी पवन कुमार यादव की हत्या की गुत्थी पूरी तरीके से सुलझ गई है। उसकी हत्या के पीछे का कारण पैसे का लेन-देन बताया जा रहा है। एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने गुरुवार को रामगढ़ थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पवन के साथ हमास और सोनू यादव का विवाद पैसे की लेनदेन को लेकर कई दिनों से चल रहा था। एक अगस्त की रात सुनियोजित योजना के तहत जरा टोला स्थित राधा गोविंद स्कूल के पास सुनसान मैदान में पवन कुमार यादव पर जानलेवा हमला किया गया था। वहां मो हमास और सोनू यादव ने चाकू से कई बार उसके शरीर पर वार किया था।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल पवन को अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। तत्काल हत्यारोपित मो हमास उर्फ मोटा और सोनू यादव को



गिरफ्तार किया गया। इस वारदात को छुपाने में मोहम्मद आजाद सूर्या और मोहम्मद हमास की मां कौशर जहां ने उन दोनों की मदद की थी।

इन दोनों ने घटना में प्रयुक्त बाइक, खून से सना हुआ कपड़ा, वारदात में प्रयुक्त चाकू और मृतक का मोबाइल आदि छुपा दिया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद वारदात में प्रयुक्त हथियार, बाइक, कपड़े और मृतक का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, पुअनि सैनिक समद, पुअनि प्यारे हसन, पुअनि नवीन कुमार, पुअनि प्रभात कुमार, पुअनि सुरेन्द्र सिंह कुंतिया, पुअनि रौशन कुमार, पुअनि श्यामनंदन सिंह सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### विधायक ने रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज का मामला सदन में उठाया

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न के दौरान सदन में कहा की रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज को राज्य सरकार द्वारा स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त है। विधायक ने बताया कि महाविद्यालय में दानदाता सदस्य, शिक्षाविद एवं शिक्षक प्रतिनिधि चयन संबंधी मामला पिछले चार वर्ष से लंवित पड़ा है। उन्होंने जानना चाहा की रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज में अबतक शासी निकाय का गठन क्यों नही किया गया है। विधायक ने कहा कि जैक रांची के शासी निकाय में चयनित सदस्यों के साथ पुनर्गठन के लिए अनुमोदन के बिना राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान का वितरण किया जाना सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता का मामला है। मंत्री ने कहा जैक रांची के पांच सदस्यीय तदर्थ शासी निकास नियमित रूप से है। लेकिन कॉलेज दानदाता सदस्य,शिक्षक प्रतिनिधि , शिक्षाविद सहित अध्यक्ष व सचिव का चयन कर अनुमोदन के लिए प्रस्ताव जैक रांची को उपलब्ध नहीं करवाया है।

### बासल में दो किलोमीटर सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

**बासल (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत तालाटांड़ मेन रोड से भुंइया टोली तक लगभग 2 किलोमीटर पथ का निर्माण यथाशीघ्र शुरू होगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग प्रशासनिक स्वीति प्रदान हो गई हैं। उक्त सड़क के निर्माण के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल एवं अनुशंसा पर लगभग दो करोड़ 19 लाख की लागत आएगी। इस संदर्भ में विधायक अंबा प्रसाद ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर बताई की सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है। बहुत जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान व क्षेत्र का चहंमुखी विकास मरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है।

### कस्तूरबा की छात्रा ने जीता सिल्वर

चरही। चरही निवासी और कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा चांदनी ने गुरुवार को कोलकाता में आयोजित स्कूल स्तरीय राष्ट्रीय काराटे प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चुरचू की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए बुलू बेल्ट में सिल्वर मेडल प्राप्त कर चरही करमाली समाज और अपने परिवार को गवार्नुभूति होने का अवसर दिया। करमाली समाज चरही के सदस्यों ने चांदनी करमाली के घर पर जाकर इस उपलब्धि के लिए लड्डू खिलाकर बधाई दी। बधाई देने वालों में अर्जुन करमाली,बबलू करमाली, बिनोद करमाली उर्फ सीटन और विरजु करमाली शामिल हैं।

# शिक्षकों में टीचिंग मेथड का ज्ञान जरूरी : डॉ यूपी सिंह

**गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के बहुउद्देश्यीय सभागार में गुरुवार को तीन दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला के दूसरे दिन बतौर रिसोर्स पर्सन जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा, इचाक से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ यूपी सिंह ने कहा कि नॉलेज के साथ शिक्षकों में टीचिंग मैथड का ज्ञान होना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बच्चों की कक्षाएं नियंत्रित करने के लिए उनके मनोभाव को समझने की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षकों को विषय-वस्तु से संबंधित पूरी तैयारी कर वर्गकक्ष में आना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि शिक्षक प्री-प्लान और लेशन प्लान तैयार करके आएं। उन्हें विषयों से संबंधित पूरा ज्ञान अर्जित करना होगा। इसके लिए पुस्तकों या अन्य माध्यमों से अध्ययन करना काफी महत्वपूर्ण



है। यह ख्याल रखें कि बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक को ज्यादा पढ़ने की जरूरत है. देश-दुनिया और विषयों के ज्ञान के प्रति खुद को लगातार अपडेट रखें। बच्चों को होम असाइनमेंट जरूर दें। पढ़ाने में विजुअल और ऑडियो का अधिक प्रयोग करें. वर्ग कक्ष में सौ फीसदी बच्चों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित कराने की आवश्यकता है। डॉ सिंह मैनेजमेंट ऑफ क्लासरूम विद डिफरेंट टेक्निक्स ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन शिक्षकों को प्रबंधन और अध्ययन-अध्यापन का टिप्स दे रहे थे।

# लायंस क्लब का 16वां स्थापना समारोह धूमधाम से मना

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मैरेज हॉल में बुधवार रात लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का 16वां स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन, माधव लखोटिया, राहुल वर्मा, सीमा बाजपाई, संजय कुमार, क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में सत्र 2022-23 के क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार व कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने क्लब के कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही नए सत्र के पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया। और क्लब का बैच लगाया गया। मौके पर कमल जैन ने कहा कि लायंस क्लब पूरे विश्व की सबसे बड़ी




सामाजिक संस्थाओं में से एक है। इस बार क्लब की जिम्मेवारी महिलाओं के कंधे पर है। इससे हमसभी गौरवान्वित महसूसू कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि क्लब इनके नेतृत्व में नयी ऊंचाइयों को छुएगा। श्री जैन ने लायन परिवार को हमेशा सामाजिक गतिविधियों में योगदान देने की बात कही। वहीं नये सत्र की अध्यक्ष माला शर्मा व सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के क्षेत्र में क्लब कई प्रोजेक्ट चलायेंगी। सात नये सदस्य शिवा प्रसाद, रेणु जयसवाल, अनिता कुमारी, रेणु सिंह, बबनी देवी, शिवम कुमार और प्रशांत यादव ने समाज व क्लबहित कार्य करते हुए इसे और बुंलदियों पर ले जाने का शपथ लिया। वहीं सोनाराम मांझी व संजय कुमार नये मेंबर एमजेएफ बने हैं। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एचएन यादव ने किया। नए सत्र 2023-24 की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव

**पूर्व पदाधिकारियों ने अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल और कोषाध्यक्ष अंजू देवी को सौंपा पदभार**

रेखा वर्णवाल, राजेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, विमल प्रसाद, अखिलेश शर्मा, एचएन यादव, अजय सिंह, संजय सिंह, सोनाराम मांझी, संजय कुमार, शिवा प्रसाद, शोभा राय, शीला देवी, सरिता देवी, विभा रानी, आशा अग्रवाल, अनीता देवी, रामगढ़ लायंस क्लब के प्रेसिडेंट विजय हरलालका, सचिव एसएन सोंधी, रमन मेहरा, रामगढ़ चेंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, सचिव मानु चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष मंजीत साहनी, अशोक शर्मा, परमजीत सिंह धामी, भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एफिडेविट

मैं रामचंद्र मांझी पिता स्वर्गीय सुकृत मांझी उम्र करीब 50 वर्ष ग्राम मनिका, पोस्ट मनिका, थाना मनिका, जिला लातेहार, राज्य झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूं।
(1) यह कि मैं उपरोक्त पता का निवासी हूं। (2) यह कि मेरा पुकारू नाम बीरबल पासवान है।(3) यह कि मेरा सभी कागजात में मेरा नाम रामचंद्र मांझी है। (4) यह कि मैं रामचंद्र मांझी एवं बीरबल पासवान दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरा ही नाम है मैं दोनों नाम से जाना पहचाना जाता हूं। (5) यह कि मेरा बीरबल पासवान का आधार कार्ड को बंद करते हुए रामचंद्र मांझी के नाम से आधार कार्ड को चालू किया जाए। इसी आशय का मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूं। मैं रामचंद्र मांझी हलफन इकरार करता हूं कि ऊपर लिखे ब्यान मेरे ज्ञान एवं विश्वास में सही सत्य व दुरुस्त है।

उपरोक्त शपथ कर्ता ने मेरे समक्ष अपना हस्ताक्षर किया जिनका पहचान मैंने किया अधिवक्ता।
एफिडेविट नंबर – 8869
दिनांक –31/07/2023
A/2023-16674

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार**
**न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल, पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़**

**–: सूचना :–**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित थाना काण्ड में जप्त वाहन/सम्पदा के स्वामियों या दावेदारों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में निम्न जप्त वाहनों एवं उस पर लदे सामग्री के विरूद्ध राज्यसात वाद चल रहा है। एतद् द्वारा उन्हें सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा दिनांक–10.08.2023 निर्धारित तिथि को जप्त वाहन/सम्पदा के स्वामी या उस पर दावा करने वाला कोई व्यक्ति स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं कारण पृच्छा समर्पित करें। यदि उक्त तिथि तक कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया जाता है तो अभिलेख के आधार पर वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | जप्त वाहन की विवरणी (वन पदार्थ सहित) | थाना काण्ड संख्या | रामगढ़ वन प्रमंडल का राज्यसात वाद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–JH-02A-6998 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–128/2006 | 73/2006 |
| 2 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–128/2006 | 74/2006 |
| 3 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–BR-13C1278 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–128/2006 | 75/2006 |
| 4 | ट्रक संख्या–JH-09A-8717 | गोला थाना काण्ड संख्या–55/2009 | 25/2009 |
| 5 | ट्रक संख्या–PB-11G-5787 | गोला थाना काण्ड संख्या–55/2009 | 26/2009 |
| 6 | ट्रक संख्या–JH-09H-9299 | गोला थाना काण्ड संख्या–55/2009 | 27/2009 |
| 7 | ट्रक संख्या–BR-06G-1651 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–252/2011 | 92/2011 |
| 8 | ट्रक संख्या–JH-02D-3183 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–252/2011 | 93/2011 |
| 9 | ट्रक संख्या–BR-06G-6165 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–252/2011 | 94/2011 |
| 10 | ट्रैक्टर–सह–टेलर–अनिबंधित | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–10/2012 | 19/2012 |
| 11 | ट्रैक्टर–सह–टेलर–अनिबंधित | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–10/2012 | 20/2012 |
| 12 | ट्रैक्टर–सह–टेलर–अनिबंधित | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–10/2012 | 21/2012 |
| 13 | एम्बेस्डरकार संख्या–UAJ-2425 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–50/2012 | 22/2012 |
| 14 | ट्रक संख्या–MP-23D-6094 | पतरातु थाना काण्ड संख्या–32/2012 | 23/2012 |
| 15 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–48/2012 | 29/2012 |
| 16 | मरूति भान संख्या–JH-02B-7932 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–44/2012 | 31/2012 |
| 17 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | रजरप्पा थाना काण्ड संख्या–31/2010 | 32/2012 |
| 18 | ट्रक संख्या–JH-02S-5501 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–5/2012 | 33/2012 |
| 19 | मरूति भान संख्या–HR-04-2505 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–34/2012 | 55/2012 |
| 20 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–BR-14J-3822 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–100/2012 | 56/2012 |
| 21 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | गोला थाना काण्ड संख्या–41/2012 | 74/2012 |
| 22 | महिन्द्रामिनीट्रक संख्या–JH-02D-6641 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–102/2012 | 77/2012 |
| 23 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–JH-02D-7483 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्डा संख्या–159/2012 | 82/2012 |
| 24 | मरूतिभान संख्या–JH-11A-5582 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–114/2012 | 88/2012 |
| 25 | महिन्द्रापीकअपवैन–अनिबंधित | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–154/2012 | 89/2012 |
| 26 | मरूतिभान संख्या–WB-42A-9333 | चरही थाना काण्ड संख्या–32/2012 | 94/2012 |
| 27 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–134/2012 | 101/2012 |
| 28 | ट्रक संख्या–BHX-8577 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–248/2012 | 103/2012 |
| 29 | टाटामैजिक संख्या–JH-02L-5768 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–260/2012 | 106/2012 |
| 30 | ट्रक संख्या–BR-16G-7072 | माण्डू थाना काण्डा संख्या–305/2012 | 117/2012 |
| 31 | टाटा 407 संख्या–BEM-9138 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–191/2012 | 118/2012 |
| 32 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | रजरप्पा थाना काण्ड संख्या–57/2012 | 121/2012 |
| 33 | ट्रेकर संख्या–JH-02A-4295 | माण्डू थाना काण्डा संख्या–316/2012 | 122/2012 |
| 34 | टर्बो संख्या–JH-02Q-2385 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–329/2012 | 128/2012 |
| 35 | महिन्द्राट्रक संख्या–JH-05AQ-1665 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–361/2012 | 14/2013 |
| 36 | बिनानम्बरकामारूतिभान | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–362/2012 | 38/2013 |
| 37 | टाटा 407 संख्या–BIR-6357 | माण्डू थाना काण्डा संख्या–23/2013 | 41/2013 |
| 38 | स्कॉर्पियो संख्या–JH-05V-6688 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–36/2013 | 42/2013 |
| 39 | टाटा 407 संख्या–JH-05AN-3289 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–50/2013 | 47/2013 |
| 40 | टाटा 1109 संख्या–JH-05AC-3702 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–74/2013 | 54/2013 |
| 41 | टाटा 407 संख्या–BR-14G-1750 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–56/2013 | 56/2013 |
| 42 | टाटा 709 बिनानम्बरका | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–67/2013 | 58/2013 |
| 43 | टाटा 709 संख्या–JH-02E-9626 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–105/2013 | 73/2013 |
| 44 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–अनिबंधित | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–124/2013 | 75/2013 |
| 45 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–BR-14J-4777 | माण्डू(वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–148/2013 | 77/2013 |
| 46 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–JH-02M-8863 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–148/2013 | 78/2013 |
| 47 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–JH-11D-8710 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–148/2013 | 79/2013 |
| 48 | ट्रैक्टर–सह–टेलर संख्या–WB-41C-6162 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–134/2013 | 82/2013 |
| 49 | एम्बेसडरकार संख्या–JH-09C-5749 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–133/2013 | 97/2013 |
| 50 | टाटा 407 ट्रक संख्या–JH-05V-6462 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–102/2013 | 100/2013 |
| 51 | ट्रेकर संख्या–BR-14P-9613 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–191/2013 | 105/2013 |
| 52 | ट्रक संख्या–HR-63-4999 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–243/2013 | 107/2013 |
| 53 | मारूतिभान संख्या–BR-14J-5020 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–243/2013 | 108/2013 |
| 54 | ट्रेकर संख्या–BR-14P-1569 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–220/2013 | 114/2013 |
| 55 | मारूतिभान संख्या–BR-14H-2001 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–220/2013 | 115/2013 |
| 56 | 407 मिनीट्रक संख्या–BR-14G-3571 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–243/2013 | 120/2013 |
| 57 | 407 मिनीट्रक संख्या–JH-05B-6945 | गोला थाना काण्ड संख्या–77/2013 | 149/2013 |
| 58 | ट्रक संख्या–HR-38L-4553 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–438/2013 | 155/2013 |
| 59 | टाटा 709 संख्या–BR-01P-4616 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–430/2013 | 157/2013 |
| 60 | पीकअप 407 संख्या–JH-12C-9679 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–332/2012 | 01/2013 |
| 61 | ट्रक संख्या–JH-01J-6068 | माण्डू (कुजू) थानाकाण्ड संख्या–346/2012 | 10/2013 |
| 62 | ट्रैक्टर–सह–टेलरबिनानम्बरका | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–297/2012 | 11/2013 |
| 63 | एम्बेस्डरकार संख्या–WMB-6958 | माण्ड थाना काण्ड संख्या–04/2013 | 25/2013 |
| 64 | मारूतिभैन संख्या–BR-13B-0615 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–09/2013 | 43/2013 |
| 65 | मारूतिभैन संख्या–JH-09B-5493 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–09/2013 | 44/2013 |
| 66 | ट्रैकर संख्या–BR-14P-8135 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–33/2013 | 45/2013 |
| 67 | ट्रैकर संख्या–BR-14P-2862 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–33/2013 | 46/2013 |
| 68 | ट्रैक्टर–सह–टेलरअनिबंधित | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–81/2013 | 60/2013 |
| 69 | 709 ट्रक संख्या–JH-02N-2783 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–46/2013 | 61/2013 |
| 70 | ट्रैक्टर–सह–टेलरबिनानम्बरका | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–99/2013 | 71/2013 |
| 71 | ट्रक संख्या–JH-12B-2106 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–149/2013 | 90/2013 |
| 72 | ट्रक संख्या–HR-38H-5914 | माण्डू (वि0बो0) थानाकाण्ड संख्या–149/2013 | 91/2013 |
| 73 | ट्रक संख्या–UP-67T-1013 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–133/2014 | 43/2014 |
| 74 | ट्रक संख्या–UP-67T-0449 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–133/2014 | 44/2014 |
| 75 | ट्रक संख्या–JH-02L-0682 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–133/2014 | 45/2014 |
| 76 | 407 ट्रक संख्या–BR-14G-8652 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–378/2014 | 03/2015 |
| 77 | ट्रक संख्या–UP-67B-8591 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–482/2014 | 07/2015 |
| 78 | ट्रैक्टर संख्या–JH-01AE-6737 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–467/2014 | 08/2015 |
| 79 | टाटा 207 संख्या–JH-02AB-4102 | चरही थाना काण्ड संख्या–65/2014 | 09/2015 |
| 80 | ट्रैकर संख्या–BR-14P-2872 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–465/2014 | 10/2015 |
| 81 | टाटा 709 संख्या–BR-16G-9554 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–451/2014 | 12/2015 |
| 82 | टेम्पु संख्या–JH-05AV-0166 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–67/2015 | 19/2015 |
| 83 | ट्रैक्टर संख्या–JH-02H-1516 –सह–टेलर संख्या–JH-02H-1517 | माण्डू (वि0बो0) थाना काण्ड संख्या–09/2015 | 20/2015 |
| 84 | ट्रैक्टर संख्या–JH-02R-5542 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–16/2015 | 21/2015 |
| 85 | टाटा 709 संख्या–अनिबंधित | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–43/2015 | 23/2015 |
| 86 | 407 ट्रक संख्या–BR-13G-8148 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–36/2015 | 24/2015 |
| 87 | ट्रक संख्या–JH-09D-8399 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–15/2015 | 25/2015 |
| 88 | ट्रक संख्या–JH-05Y-2755 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–59/2015 | 28/2015 |
| 89 | पीकअप संख्या–JH-02G-5269 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–56/2015 | 32/2015 |
| 90 | ट्रक संख्या–BR-01GA-1245 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–70/2015 | 34/2015 |
| 91 | ट्रैक्टरबिनानम्बरका | माण्डू थाना काण्ड संख्या–126/2015 | 43/2015 |
| 92 | ट्रैक्टर–अनिबंधित | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–34/2015 | 44/2015 |
| 93 | ट्रैक्टर–अनिबंधित | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–34/2015 | 45/2015 |
| 94 | टेम्पूबिनानम्बरका | माण्डू थाना काण्ड संख्या–133/2015 | 47/2015 |
| 95 | टेम्पूबिनानम्बरका | माण्डू थाना काण्ड संख्या–133/2015 | 48/2015 |
| 96 | टेम्पू संख्या–JH-02R-0347 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–133/2015 | 49/2015 |
| 97 | टेम्पू संख्या–JH-02S-9227 | माण्ड थाना काण्ड संख्या–133/2015 | 50/2015 |
| 98 | टेम्पू संख्या–JH-01Q-4574 | माण्डू थाना काण्ड संख्या–133/2015 | 51/2015 |
| 99 | ट्रक संख्या–JH-01G-8524 | रजरप्पा थाना काण्ड संख्या–16/2015 | 60/2015 |
| 100 | ट्रक संख्या–BR-13G-4606 | रजरप्पा थाना काण्ड संख्या–16/2015 | 61/2015 |
| 101 | मोटरसाईकिल संख्या–JH-02E-9147 | गोला थाना काण्ड संख्या–78/2022 | 70/2023 |
| 102 | मोटरसाईकिल संख्या–JH-09F-5314 | गोला थाना काण्ड संख्या–78/2022 | 71/2023 |
| 103 | मोटरसाईकिल संख्या–अनिबंधित | गोला थाना काण्ड संख्या–78/2022 | 72/2023 |
| 104 | मोटरसाईकिल संख्या–अनिबंधित | गोला थाना काण्ड संख्या–78/2022 | 73/2023 |
| 105 | 709 ट्रक संख्या–JH-01T-0646 | माण्डू (कुजू) थाना काण्ड संख्या–297/2022 | 64/2023 |
| 106 | ट्रक संख्या–JH-19B-4112 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–284/2022 | 65/2023 |
| 107 | टर्बोट्रक संख्या–JH-01M-5919 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–328/2022 | 68/2023 |
| 108 | मारूति भान संख्या–JH-01R-7379 | रामगढ़ थाना काण्ड संख्या–328/2022 | 69/2023 |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,रामगढ़

PR303911 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

## स्पीड न्यूज

### सर्पदंश पीड़ित की इलाज के दौरान मौत

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सिलम निवासी बासीर खेस (37) को बुधवार की रात करीब 11:30 बजे जहरीले सांप ने डंस लिया। परिजन रात्रि करीब 12 बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराये। जहां इलाज के क्रम में गुरुवार की सुबह 7 बजे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची थी।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या

**गुमला।** महिला इंटर कॉलेज गुमला की छात्रा दीपिका कुजूर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। वहीं पूरे घटना की जानकारी गुमला पुलिस को दी गयी है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुट गयी है। सूचना के अनुसार बुधवार की रात्रि करीब 9 बजे छात्रा ने कीटनाशक खा लिया। छात्रा की बड़ी बहन अल्फा ने बताया कि उसकी बहन महिला इंटर कॉलेज की छात्रावास में रहकर पढती थी। उसने तीन दिन पूर्व फोन कर बताया था कि एक लड़का उसे बहुत परेशान कर रहा है। टॉर्चर और धमकी से वह बहुत परेशान थी।

### उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**लोहरदगा।** प्रखंड कैरो में मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें बीडीओ पवन महतो, सुनीता नीलमणि मिंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए, बीपीओ रघुनाथ मुंडा आदि उपस्थित रहे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक तकनीकी पदाधिकारी डीआरडीए ने बागवानी योजना के क्रियान्वयन व प्रबंधन की जानकारी दी।

### शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा में गुरुवार को गोष्ठी की गयी। जिसकी अध्यक्षता बीइइओ जयनाथ महतो ने की। गोष्ठी में सभी विद्यालयों के सचिवों ने प्रतिवेदन दिया। बीइइओ ने शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों के पठन-पाठन हेतु लेशन प्लान एवं टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ राम विजय खलखो, निशांत कुमार, महेश प्रसाद, मनीष उरांव, सरोज उरांव, उमा शंकर शहदेव उपस्थित थे।

### बारिश से किसान खुश, धनरोपनी तेज

**भंडरा।** प्रखंड में पिछले दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया, जबकि दो चार दिन पहले उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखी। कम ही समय में हुई अच्छी बारिश से किसानों ने धान की रोपाई के लिए काम तेज कर दिया है। खरीफ में धान की फसल प्रखंड की प्रमुख फसल है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नवप्रभात कुजूर ने कहा कि बारिश धान की फसल के लिए संजीवनी है। मौजूदा समय में धान की रोपाई के लिए बारिश उपयुक्त है। खेती के लिहाज से अच्छी बारिश हुई है। बारिश से बिचड़े भी हरी-भरी हो जायेगी।

### दो दिन लगेगा दिव्यांग जांच शिविर

**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के दिव्यांग जनों के लिए माह अगस्त 2023 से प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को 10 .30 बजे से जिला मुख्यालय गुमला में दिव्यांग शिविर का आयोजित किया जायेगा। शिविर के दौरान चिन्हित दिव्यांगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने जानकारी दी कि इससे पूर्व भी जिले में दिव्यांगजनो के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें सैंकड़ों दिव्यांगों ने आकर उक्त शिविर में भाग लिया एवं दिव्यांगों का ऑन द स्पॉट दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया था।

### वन पट्टा की मांग को लेकर ज्ञापन



**चैनपुर।** प्रखंड के कुरूमगढ़ जिरमी सहित कई गांवों के दर्जनों लोगों ने वन पट्टा की मांग को लेकर चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा की अगुवाई में सीओ गौतम कुमार को ज्ञापन सौंप कर वन पट्टा दिलाने की मांग की। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग पिछले तीन पीढ़ियों से वहां खेती कर रहे हैं और पिछले 4 साल पूर्व ही वन पट्टा की मांग को लेकर आवेदन दिया गया था। जिसपर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि ये लोग किसी प्रकार खेती कर अपना गुजारा करते हैं। ऐसे में प्रशासन को जरूरत है कि वे इन्हें जल्द से जल्द वन पट्टा दिलाने का प्रयास करे।

### मणिपुर घटना पर जताया गया विरोध

**गुमला।** मणिपुर की घटना को लेकर पूरे देश में आगल सुलग रही है। अलग-अलग शहरों व राज्यों में घटना के आरोपितों को सजा दिलाने से लेकर भविष्य में ऐसी घटना को दोहराया न जाए। इसके लिए कड़े कानून बनाने को लेकर लोग मांग उठा रहे हैं। कांग्रेस ने भी इसपर सख्ती बरतने की मांग की है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि मणिपुर की घटना की जितनी निंदा की जाये कम है। मणिपुर दो माह से हिंसा में जल रहा है। वहां 150 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं। निंदा करने वालों में हेमावती देवी, कलावती देवी, रामनिवास प्रसाद, अमर प्रदीप कुजूर, मुरली मनोहर प्रसाद, हिमेश कुमार व बैजनाथ है।

### भूमि माफियाओं के खिलाफ प्रतिवाद मार्च



**घाघरा।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सरकारी अधिकारी और भू- माफियाओं के गठजोड़ के खिलाफ स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी विशुनपुर से प्रखंड मुख्यालय घाघरा तक जन प्रतिवाद मार्च कर विरोध किया। महासभा के प्रखंड प्रभारी अनिल उरांव तथा बुधवा उरांव के संयुक्त नेतृत्व में किसानों का जत्था चिंगरी से पैदल चल कर 29 किमी की दूरी तय कर घाघरा गुरुवार को दोपहर 4 बजे पहुंचा। किसानों का कहना है अंचल विभाग जमीन माफियाओं के साथ गठजोड़ कर किसानों के खिलाफ काम कर रहे हैं। जबकि सलगी लाशडांड़ की जमीन के सवाल पर वन विभाग के साथ हमारी लड़ाई विगत एक दशक से चल रही है।

# उपायुक्त ने गुमला सदर अस्पताल का लगातार चार घंटे तक किया निरीक्षण

- मरीजों के डाटा इंट्री पंजी की जांच की, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र तत्काल देने का दिया निर्देश
- अस्पताल की समस्याओं से अवगत हुए एवं आम जनों से भी लिया फीडबैक, हर वार्ड का लिया जायजा






अस्पताल में लग रही नयी मशीनों की जांच करते और मरीज के परिजनों से बातचीत करते गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व उपस्थित अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरूवार को सदर अस्पताल गुमला का चार घंटे तक लगातार निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पूरे अस्पताल का भ्रमण कर 11 से अधिक विभाग कार्यालय की जांज की। जिसमें ओपीडी, जांच केंद्र, महिला एवं पुरुष वार्ड, एमटीसी सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, दवा केंद्र, आयुष्मान केंद्र, आई चेकअप ओपीडी, ब्लड बैंक, मेंटल हेल्थ सेंटर शामिल है।

इस दौरान उन्होंने एक एक कर पूरे अस्पताल की व्यवस्थाओं का जांच किया। डॉक्टरों से प्रति दिन के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही डॉक्टर्स द्वारा किए गए मरीजों के इलाज से जुड़े डाटा एंट्री पंजी को भी ध्यान पूर्वक मिलान एवं जांच किया। डॉक्टर्स ने भी अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही जांच हेतु नए इक्विपमेंट्स की भी उपायुक्त से मांग की। उपायुक्त ने सभी इक्विपमेंट की सूची को नोट किया एवं जल्द ही सामग्रियों को उपलब्ध कराने की बात कही। उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा मृतक के परिजनों को जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर अस्पताल का चक्कर न लगाना पड़े। इसलिए जरूरी दस्तावेजों की सूची काउंटर के बाहर बड़े अक्षरों में लिखने का निर्देश दिया एवं अविलंब जन्म अथवा मृत्यु प्रमाण पत्र परिजनों को निर्गत करवाने की बात कही। इस दौरान शिशु केंद्र में उपस्थित डॉक्टर से प्रति दिन के केस के बारे में जानकारी ली एवं बच्चों को दिए जाने वाले दवाओं की भी सूची देखी। डॉक्टर ने बताया कि प्रति दिन लगभग 200 बच्चे इलाज के लिए आते हैं। जिनमें से 10 प्रतिशत बच्चे सीवियर भी होते हैं। जिनके इलाज की प्रक्रिया से उपायुक्त अवगत हुए। उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया, थैलेसिम के मरीजों को लेकर गंभीरता व्यक्त की उन्होंने एसीएमओ को इससे संबंधित अभियान चलाने हेतु नोडल पदाधिकारी बनाया।

**खास बातें :** उपायुक्त ने परिवार नियोजन परामर्श केंद्र, टीकाकरण केंद्र, फीमेल वाह्य विभाग का भी निरीक्षण किया। सभी कार्यालयों में जाकर उपायुक्त ने आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। इसके अलावा उपायुक्त ने अस्पताल में बन रहे सीटी स्कैन रूम और एक्सरे रूम का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रक्रियाओं को एक माह के अंदर पूर्ण करते हुए उक्त मशीनों का अस्पताल में अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मरीजों से उनका हाल चाल लिया एवं उन्हे अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त ने न केवल मरीजों का हाल चाल जाना बल्कि मरीजों द्वारा बताए गए अस्पताल की समस्याओं पर भी गंभीरता दिखायी एवं संबंधित पदाधिकारी को तुरंत उस पर एक्शन लेने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों से बातचीत के दौरान ये भी सुनिश्चित किया कि एंबुलेंस से लेकर अस्पताल में मिलने वाले सुविधाओं एवं निःशुल्क मिलने वाली दवाओं के लिए कोई अवैध रूप से पैसे तो नहीं ले रहे।

# गुमला की बेटी असुंता टोप्पो ने मलेशिया में दिलाया गोल्ड मेडल

- मलेशिया में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में देश को मिला स्वर्ण
- असुंता के गृह प्रखंड चैनपुर में उल्लास का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के छतरपुर गांव की दिव्यांग खिलाड़ी असुंता टोप्पो ने मलेशिया में आयोजित पैरा थ्रो बाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। जिसके बाद जारी के जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक एवं चैनपुर के बेंदोरा मुखिया सह झामुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज सहित कई लोगों ने असुंता को फोन कर उसे बधाई दी है।




गोल्ड मेडल जीतने के बाद तिरंगा झंडा के साथ असुंता टोप्पो।

**असुंता के बाद जाने के लिए किराया तक नहीं था :** बताते चलें कि मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में जाने के लिए असुंता टोप्पो के पास किराया तक नहीं था। जिसके बाद उसकी परेशानी को अखबार के माध्यम से दिखाया गया था। जिसके बाद जारी के जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक ने उसके मलेशिया जाने का पूरा खर्च उठाया था।

**क्या बोलीं असुंता**

मौके पर असुंता टोप्पो ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास था कि मैं गोल्ड मेडल जीतकर अपने देश राज्य एवं अपने गांव का नाम रौशन करूंगी। परंतु पैसे की तंगी के कारण मैं मलेशिया नहीं जा पा रही थी। लेकिन जारी के जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक ने मेरी आर्थिक मदद की। जिसके बाद मैं प्रतियोगिता में भाग ले पायी।

इधर असुंता के वापस रांची लौटने पर उसका भव्य स्वागत किया गया।

# डालसा ने दी पोक्सो एक्ट और डायन बिसाही की जानकारी

### लीगल लिटरेसी क्लास के तहत जागरूक किये जा रहे हैं लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के दिशा निर्देश अनुसार गुरुवार को किसको इंटर कॉलेज, किसको में उपस्थित छात्र- छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलएडी सीएस के अधिवक्ता इन्द्रानी कुजूर, पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव, पीएलबी सह छात्र उत्प्रेरक गौतम लेनीन, एवं जितेन्द्र राम उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किसको इंटर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पोक्सो एक्ट, डायन बिसाही, चाइल्ड लाइन एवं डालसा के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। चाइल्ड लाइन संबंधित 1098 नंबर कैसे काम करता है इसका बच्चों के बीच डेमो देकर प्रस्तुतीकरण किया गया। इंटर कॉलेज के बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य ओवैसी अब्दुल्ला ने किया।




कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

# सर्पदंश पीड़ित को तुरंत लायें अस्पताल, झाड़ फूंक के चक्कर में मत पड़ें : आलोक कुमार

- चैनपुर पुलिस ने राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय चैनपुर में जोहार कोप के तहत स्कूली छात्राओं के बीच सामाजिक बुराइयों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें चैनपुर थाना से एसआई आलोक कुमार ने जोहार कोप के तहत सामुदायिक पुलिसिंग के रूप में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अंधविश्वास, नशापान, डायन बिसाही बाल विवाह, मानव तस्करी जैसे कुरीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया। आप सभी लोग अपने शिक्षित होने का फायदा उठायें। बुरी संगत में न रहे एवं अपने गांव घरों में लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करे। वहीं अभी बरसात का मौसम है बारिश के साथ साथ वज्रपात भी होती है। इसलिए आप वज्रपात होने पर हमेशा सुरक्षित स्थानों पर रहे पेड़ के नीचे न रहे।



# शिव भक्तों का जत्था देवघर व बासुकीनाथ के लिए रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती से शिव भक्तों का एक जत्था हर हर महादेव, जय भोलेनाथ के जयकारों के साथ देवघर बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व सभी भक्तों ने भंडरा के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में मत्था टेका और परिवार सहित क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। बाबाधाम के अलावा शिव भक्त बासुकीनाथ सहित अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना करेंगे। जत्थे में आजसू प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, अनित कुमार कुंदन, प्रदीप सिंह, अमित गुप्ता, दिलीप गुप्ता, बलराज साहू, गोबिंद साहू, हरि उरांव, अरबिंद साहू शामिल थे।

### डॉ शशि बने रांची विवि रसायन विज्ञान विभाग के हेड



**लोहरदगा।** बलदेव साहू कॉलेज लोहरदगा के रसायन विज्ञान विभाग के एचओडी सह इग्नू के को-ऑर्डिनेटर डॉ शशि कुमार गुप्ता को रांची विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग का हेड बनाया गया है। शशि गुप्ता को विभाग का हेड बनाए जाने पर बीएस कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थियों के अलावा शहर के लोगो ने बधाई दी है।

### आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो नयाटोली के समरुद्दीन अंसारी का पुत्र फैज आलम (18) फेसबुक में आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर गिरफ्तार किया गया है। उसका फैज उलआउद्दीन के नाम से आईडी बना हुआ है। उसने 31 जुलाई को आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इससे क्षेत्र में शांति सौहार्द बिगड़ने की संभावना को लेकर वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर कैरो थाना में, कांड संख्या 34/23 धारा 153 अ, 295 अ भादवी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की करवाई में जुट गयी है।

### कर्मियों-जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को दी विदाई

**घाघरा।** बीडीओ विष्णुदेव कच्छप को प्रखंड कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को माला पहनाकर विदाई दी। इस क्रम में प्रखंड कार्यालय परिसर से कर्मी और जनप्रतिनिधि जुलूस की शक्ल में पटाख फोड़ते हुए मुख्य पथ तक पैदल लाये। इस क्रम में बीडीओ विष्णु देव कच्छप और उनकी धर्मपत्नी भावुक होकर खुद को रोने से रोक नहीं सके। साथ ही कई कर्मी और जनप्रतिनिधि की भी आंखें नम हो गयी। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिवा देवी, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, कृष्णा कुमार लोहरा, भगवान भगत, अमित ठाकुर, आशीष सोनी आदि थे।

### डुमरी पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान



**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने गुरुवार को नशीले व मादक पदार्थ के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा महुआ जब्त कर पुलिस ने नष्ट किया। डुमरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया। जिसमें थाना प्रभारी रवि कुमार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के जैरागी बस्ती में कई लोगों के घर में छापा मारकर अवैध शराब बरामद किया गया। जिसे तत्काल नष्ट किया गया। पुलिस को देख जावा महुआ का शराब बनाकर बेचने वालों में हड़कंप मच गया। लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। डुमरी पुलिस भी क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए गांव के विभिन्न घरों में तलाशी ली।

## छह जुआरियों को पुलिस ने दबोचा ₹42720 बरामद, सभी गये जेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारीब के निर्देश पर गुमला पुलिस की टीम ने अवैध रूप से जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। गुमला शहरी क्षेत्र के लक्ष्मण नगर स्थित धनंजय गिरी के घर के पास सेनवार पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से 42720 बरामद हुआ है। गुरुवार की दोपहर गुमला थाना में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी मनोज कुमार ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में धनंजय गिरी, समलेश शर्मा, जितेंद्र सिंह, रोहित केसरी, मकसूदन दास और शैलेश उरांव सभी लक्ष्मण नगर निवासी शामिल है।

### लापता युवक का शव बरामद

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला नवा टोली से लापता युवक का शव तीन दिनों के बाद बदला नदी पुल के समीप से सेन्हा थाना पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला नदी पर पूल के समीप से लापता युवक के शव को देख ग्रामीणों ने सेन्हा थाना पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी अभिनव कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पहचान कराया। शव की पहचान बदला नवा टोली के स्व शिवदयाल उरांव के पुत्र मोहन (40) के रुप में हुई है।

## बारिश ने खोली प्रशासन की पोल सड़क पर जलभराव से लोग परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड में बुधवार को इंद्र देव मेहरबान हुए और जमकर बरसे। इसी के साथ ही सरकार के दावों की पोल खुलती नजर आई। सड़कों पर पानी जमा होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के पूर्व नालों की सफाई का काम पूरा करना था लेकिन प्रखंड बस्ती के मुख्य पथ के नाले साफ नहीं हुए। जिसके चलते मुख्य पथ व बाजार टाड की सड़कें एक बार फिर जलमग्न हो गई। बारिश के कारण सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। जगह-जगह पानी का जमावड़ा लग गया। लोग सड़कों पर परेशान होते नजर आए. कई जगहों पर नालों की सफाई नहीं होने से पानी सड़कों पर बहने लगा। लोगों ने प्रशासन को जम कर कोसे। इस बारिश ने प्रशासन के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन नालियों को साफ कराने में कोई ठोस पहल नहीं कर सके। जिससे बारिश से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा।

# एमबी डीएवी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीसरे वर्षगांठ पर लगाये गये पौधे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीबीएसई द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर कहा गया की ऑक्सीजन दुनिया के सभी जीवों के लिए बहुत जरूरी है, जबकि कार्बन-डाइऑक्साइड हमारे लिए हानिकारक है।

पेड़ ही सूर्य की रोशनी पर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया करके हवा से खुद कार्बन-डाइऑक्साइड लेकर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हमारे देश में वृक्षों का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व भी बहुत अधिक है। विवाहित महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती है। इसके अलावा पीपल के पेड़ को बोधी वृक्ष कहा जाता है, क्योंकि भगवान गौतम बुद्ध को पीपल के पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी वजह से हमारे साधु-संत भी पीपल के पेड़ के नीचे ही साधना करते हैं। आम के पेड़ की लकड़ी का प्रयोग हवन के लिए किया जाता है। भारत में पूजा-पाठ, विवाह, त्योहार या मुख्य अवसरों पर पेड़ों का बहुत उपयोग किया जाता है।




कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी।

**खास बातें :** इन सभी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति की सुंदरता व उपादेयता से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सीबीएसई द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय संसद के सदस्यों, चारों सदनों के प्रतिनिधि विद्यार्थी तथा कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के कक्षा मॉनिटर विशेष रुप से सम्मिलित हुए। प्राचार्य श्री झा ने बच्चों को पेड़ों के महत्व, उपादेयता व सौंदर्य से अवगत करवाते हुए बच्चों के हृदय में प्रकृति के प्रति प्रेम जागृत किया। मौके पर सर्वप्रथम आम के वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा भी तरह-तरह के फलदायी व शोभावर्धक पौधा लगाया गया।

# राज्य सरकार की नाकामियों से युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगार : अमन यादव

- स्थानीय व नियोजन नीति के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समीप भाजयुमो ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** स्थानीय व नियोजन नीति के विरोध एवं राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर गुरूवार को जिला भाजयुमो के द्वारा उपायुक्त कार्यालय गुमला के धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में गुमला भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा हेमंत सोरेन की नाकामियों के बारे में बतलाया गया।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित भाजयुमो के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव ने कहा कि सरकार के नकामियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। जबकि सरकार ने हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की घोषणा की थी। साथ ही स्थानीय नीति है और नियोजन नीति भी सरकार अब तक सही तरीके से बना नहीं पायी है।

सिर्फ युवाओं का वोट लेने के लिए झूठ का सहारा लिया गया और आज युवा अपने आवाज उठा रहे हैं तो सरकार दमनकारी नीति से आवाज को दबाने का काम कर रही है। वहीं भाजपा गुमला जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा की यह धरना सिर्फ सांकेतिक है लेकिन अगर जरूरत पड़े तो सड़क से सदन तक आंदोलन करके इस निक्कमी सरकार को उखाड़ फेकने का भी काम करेंगे। जिला भाजयुमो अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी जी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।




धरना को संबोधित करते भाजयुमो नेता व शामिल कार्यकर्ता।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**गढ़वा।** राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह ने किया। मौके पर सीएस ने कहा कि एमओ, सीएचओ रेबीज के बारे में जानकारी दी जा रही है। ताकि जंगली जानवर और कुत्तों के काटने पर लोगों का समुचित इलाज हो सके। जिला महामारी नियंत्रक डा. संतोष मिश्रा ने कहा कि जंगली जानवरों तथा कुत्तों के द्वारा फैलने वाले असाय रोग के बचाव के बारे में जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि जानवर के काटने पर जख्म को साबुन से 15 मिनट तक धोना चाहिए। रेबीज के संक्रमण को 2030 तक समाप्त करने के लिए प्राानमंत्री के आवाहन पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में सर्प दंश की घटनाओं पर भी विशेष रूप से जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में आरसीएच पदाकािरी डॉ संया टोप्पो, डॉ दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### डॉ अमित कुमार को मिला उपाधीक्षक का प्रभार

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार को गढ़वा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक का अतिरिक्तप्रभार दिया गया है। गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह के निर्देश पर उक्त प्रभार दिया गया है। बताते चलें कि सिविल सर्जन के पद पर डॉ अवधेश सिंह की प्रतिनियुक्ति के बाद उपाधीक्षक का पद खाली था। उक्त पद खाली होने के कारण फिलहाल डॉ अमित कुमार को उपाधीक्षक का प्रभार दिया गया है।

### आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के सीदे गांव निवासी नईमुदीन अंसारी की पत्नी हजराना खातून ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। जिसके बाद उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हरजाना और उसके प्रेमी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ उसके बाद वह कीटनाशक खा ली।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव रोड स्थित मेराल थाना क्षेत्र के दलेली गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी गांव निवासी कमलेश राम की पत्नी नीतू कुमारी घायल हो गई। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नीतू कुमारी अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने भाई सूरज कुमार के साथ बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव स्थित मायका जा रही थी।

### प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों को अंग दान के लिए दिलायी गयी शपथ

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय पत्थलगड़ा में गुरुवार को अंगदान प्रतिज्ञा को लेकर प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों ने प्रतिज्ञा लिया कि मैं अपने ऐसे अंगो और ऊतकों को जिनका उपयोग मेरी मृत्यु के पश्चात किसी को नया जीवन देने के लिए किया जा सकता है दान करूंगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी शपथ लिया के देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और ऊतकों की कमी को देखते हुए हम सब यह प्रतिज्ञा कर रहे हैं कि अपने परिवार एवं मित्रों और देशवासियों को भी अपने एवं उत्तक दान करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करूंगा।

### युवक-युवती ने किया सरेंडर, युवक को जेल

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा निवासी एक महिला ने अपनी बेटी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। महिला ने थाने में आवेदन देकर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में युवक पर कार्रवाई की मांग करते हुए बेटी की जान बचा कर उसे सकुशल वापस लाने की गुहार लगाई थी। मामले को लेकर तिलैया थाना में कांड संख्या 186/23 दर्ज किया गया था। इधर पुलिस के दबिश के कारण बुधवार को दोनों ने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया। तिलैया पुलिस ने लड़के को जेल भेज दिया एवं लड़की से पूछताछ की जा रही है।

# हथियारबंद अपराधियों ने हंटरगंज के जिया फ्यूल सर्विस पेट्रोल पंप पर की लूटपाट

## दो मोटरसाइकिल से आये पांच अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** हंटरगंज के डुमरी कला गांव स्थित जिया फ्यूल सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधियों ने पेट्रोल पंप के नोजल कर्मियों के साथ भी मारपीट किया। रात करीब 2:00 बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचे और पेट्रोल पंप के कर्मियों को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद नोजल मैन का मोबाइल फोन छीन लिया। अपराधियों ने नोजल मैन के पास से ?39610 छीन लिया। दूसरे नोजल पर तैनात नोजल मैन से हथियार के बल पर जब अपराधियों ने पैसा लूटना चाहा और नोजल मैंने जब पैसा नहीं होने की बात कहा तो उसके साथ जमकर मारपीट किया। भुक्तभोगी नोजल मैन शालिग्राम सिंह, पप्पू यादव और संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान 2 अपाचे बाइक से 5 अपराधी पेट्रोल पंप पर आ धमके और घटना को अंजाम दिया। जब पेट्रोल पंप कर्मी शोर मचाने लगे तो आसपास के लोग जाग गए। लोगों को जागते हुए देख वहां से सभी अपराधी हंटरगंज की ओर फरार हो गए। मोटरसाइकिल से फरार हो रहे हैं अपराधियों के सहयोग के लिए पीछे से एक ब्रेजा कार भी पहुंचा। ब्रेजा कार अपराधियों को पीछा कर रहे पेट्रोल पंप कर्मियों के मोटरसाइकिल को आगे नहीं बढ़ने दिया। ब्रेजा कार से खुद को खतरा में देख नोजल कर्मी आगे नहीं बढे। इसके बाद सभी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे, एसआई नितेश दुबे सशस्त्र बल के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचे और मामले की जानकारी लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। इस संबंध में भुक्तभोगी नोजल कर्मी शालिग्राम सिंह ने घटना से संबंधित आवेदन थाने में दिया है।

## एक नजर में

### अंगदान महोत्सव का किया गया आयोजन, प्रखंड कर्मियों ने ली शपथ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत अंचल कार्यालय परिसर में अंगदान आयोजन को लेकर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के निगरानी में सभी प्रखंड कर्मी बृहस्पतिवार को शपथ लिया है। जिसमें लोगों ने अंगदान करने की शपथ लिया है। और गांव में भी जन जन तक प्रचार प्रसार करना है मौके पर उपस्थित पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश वर्मा जनसेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह रामदेव ठाकुर मनोज मिश्रा बीपीओ रामकुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी शालिनी कुमारी पार्वती देवी प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार जेएसएलपीएस से बीपीएम अभिषेक कुमार एफटीसी अनिल प्रजापति दिलीप कुमार अरुण कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अमरजीत सिन्हा अभय कुमार सिन्हा सतीश कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विदाई समारोह का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यालय कोडरमा के सभागार में गुरुवार को जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डोमचांच प्रमुख एवं अभिकरण कार्यालय के पधाधिकारी व कर्मी की उपस्थिति में जिला परिवहन पदाधिकारी सह निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन भगीरथ प्रसाद के स्थानांतरण के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि डीटीओ कोडरमा ही डीआरडीए के प्रभार में थे।

## डॉ नीरा यादव डोमचांच, ढोढाकोला, सपही, फगुनी पथ का मामला फिर उठाया विधानसभा में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढोढाकोला, सपही, फगुनी की जर्जर सड़क से संबंधित मामले को विधायक डॉ. नीरा यादव कभी विधानसभा समिति तो कभी विधानसभा सत्र में लगातार आवाज बुलंदियों के साथ उठाती नजर आ रही है।

उन्होंने पुनः चौड़ीकरण के साथ उक्त पथ के अधूरे निर्माण का मामला अभी चल रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र में उठाया गया है। इनके द्वारा उठाए सवाल पर पथ-निर्माण विभाग के अवर सचिव ने जवाब में बताया कि अभी फिलहाल पूर्व में क्षतिग्रस्त पथ



जिसकी चौड़ाई 375 मीटर सड़क एवं लंबाई 1050 किमी सड़क वन आच्छादित क्षेत्र है एवं शेष 4 किमी पथ में 7 मीटर चौड़ाई की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसका निर्माण किया जाएगा और इसकी निविदा प्रक्रियाधीन है। जल्द ही लोगों के सुगमता के लिए यह बनकर तैयार होगा और आगे वन आच्छादित क्षेत्र में इसकी चौड़ीकरण के लिए वन भूमि अपयोजन हेतू कार्यवाई प्रक्रियाधीन है, इसकी प्रयास जारी है। गौरतलब हो कि तत्कालिन स्थानीय मंत्री डॉ. नीरा यादव के पहल पर ग्रामीण विकास विभाग की इस जर्जर पथ को पथ निर्माण विभाग में 2018 में ही ट्रांसफर किया गया था एवं इसके नव निर्माण सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के लिए पथ निर्माण विभाग ने लगभग 44 करोड़ की लागत से 2018 में निविदा निकाली गई थी और 08 मार्च 2019 को शिलान्यास व भूमिपूजन किया गया था।

## आई फ्लू की चपेट में चतरा, सदर अस्पताल में हर दिन आ रहे 25 मरीज




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में इन दिनों आई फ्लू का प्रकोप बढ़ गया है। यह बीमारी घर घर तक पहुंच चुकी है। इसका अंदाजा महज इसी से लगा सकते है कि उपचार के लिए सदर अस्पताल आने वाले मरीजों में 100 में 25 मरीज आई फ्लू से प्रभावित है। इस बीमारी से प्रभावित लोगों की आंखें लाल होने के साथ साथ उसमें चुभन और आंख से पानी आने की समस्या अधिक देखी जाती है। जिसका सदर अस्पताल में सफल उपचार किए जाने के साथ साथ इससे बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार ने बताया कि इस बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे बचने के लिए उन्होंने लोगों को कुछ सावधानी बरतने के सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए लोग साफ सफाई पर अत्यधिक ध्यान दें। अगर कोई व्यक्ति आई फ्लू से ग्रसित है तो उससे दूरी बनाकर रखें। हो सके तो चश्मे का उपयोग करें। साफ व स्वच्छ कपड़ा पहने और आई ड्रॉप के साथ मेडिसीन लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी मौसमी है जो एक सप्ताह के अंदर खुद ब खुद ठीक हो जाती है।

## हाथियों का आतंक दूसरे दिन भी जारी, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत के झलकड़ीह एवं घरौंजा पंचायत के मुसौवा, करमाटांड़ जंगल से भटक कर आए 15 हाथियों के झुंड ने उत्पात मचा रखा है। इस दौरान बुधवार को हाथियों का झुंड मकतपुर स्थित तुलसीसिंगा पलाश जंगल पहुंच गया। वहां से जैसे ही वन विभाग की टीम उसे भगाया तो हाथी भागकर घरौंजा पंचायत के करमाटांड़ गांव पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया, कई घरों को भी क्षतिग्रस्त किया। वहीं नव

### स्कूल, कच्चा-पक्का मकान, फसल को कर रहे हैं क्षतिग्रस्त



सृजित प्रा. विद्यालय के खिड़की दरवाजा तोड़ कर भवन में घुस कर रखे मध्यान भोजन का अनाज व सब्जी को चट कर गया। वहीं स्कूल के समीप लक्ष्मण यादव के घर का दीवार तोड़ कर अनाज चट कर गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम मुसौवा में भी एक घर को तोड़ दिया। वन विभाग को पुनः सूचना दी गयी और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आधी रात को हाथियों के झुंड को भगाया गया। इस दौरान हाथियों का झुंड कटिया के झलकड़ीह पहुंचा गये एवं यहां भी हाथियों के झुंड ने एक घर के खिड़की तोड़ दिया और कई एकड़ में लगे फसल को रौंद दिया और घर में रखे अनाज को भी नष्ट कर दिया। वहीं बद्री महतो, महेश यादव आदि की फसल को रौंद दिया, जबकि बहादुर यादव की बांस के झोपड़ी को नष्ट कर दिया। वहीं पूर्व मुखिया हिंद किशोर राम ने बताया कि हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत है, जिससे उनकी पूरी रात जागते बीत रही है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उपायुक्त मेधा भारद्वाज को दिया गया है। इधर जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने बताया कि वन विभाग का प्रयास कारगर नहीं है। सरकार को इसका स्थाई समाधान ढूंढना चाहिए। वहीं कटिया पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने वन विभाग से नुकसान का भरपाई करने व अभिलंब वन विभाग के द्वारा कटिया पंचायत में सोलर लाइट की व्यवस्था करने की मांग की है।

## बैगा बिरहोर परिवार के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देश पर हंटरगंज के चकला और पिपरा गांव में बिरहोर, बैगा परिवार के बीच विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलबी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने संयुक्त रूप से चलाया। इस दौरान बिरहोर और बैगा परिवार को सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उन्हें उत्प्रेरित किया गया। साथ ही बैगा बिरहोर परिवार को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए भी उन्हें उत्प्रेरित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा कई समस्याओं को भी रखा गया। समस्याओं को संबंधित पदाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन पीएलबी के द्वारा दिया गया।

वही उरैली पंचायत सचिवालय में आयोजित अंगदान शपथ कार्यक्रम में हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने अंगदान के महत्व से लोगों को अवगत कराने का काम किया। साथ ही किसी को नया जीवन देने के लिए अंगदान करना आवश्यक बताया। मृत्यु के पश्चात अंगदान करना एक महान कार्य करने के बराबर होने की बात बताया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 3,17,452 लाभार्थियों का बना आयुष्मान कार्ड

**कोडरमा।** जिले में 570423 अतिथि का कार्ड आयुष्मान बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। आयुष्मान कार्ड उन्ही लोगों का बन सकता है जो झारखंड राज्य के राशन कार्ड (लाल, पीला, हरा) धारक हैं। इस योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में जाकर कराया जा सकता है। अभी तक लक्ष्य में 3,17,452 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। शेष बचे 2,52,971 लोगों का आयुष्मान कार्ड विभिन्न शिविर या प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से बनाया जा रहा है।

## नये सिविल सर्जन ने ग्रहण किया पदभार, प्राथमिकताएं बतायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के नये सिविल सर्जन के रूप में डॉ. अनिल कुमार ने गुरुवार को निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि कोडरमा उनके लिए नया नही है, इसके पूर्व वे सीएचसी चंदवारा और कोडरमा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रह चुके हैं, ऐसे में यहां के चिकित्सा व्यवस्था और जिलेवासियों की आकांक्षाओं से भलीभांति परिचित



है। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। सदर अस्पताल आने वाले सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुलभ तरीके से मिले, इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में अवस्थित सीएचसी, पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में जो कमियां हैं, उसे दुरुस्त किया जाएगा, ताकि केंद्र आने वाले मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। मौके पर एसीएमओ डॉ. पी मिश्रा, डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ. शरद कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### उन्नत नस्ल के 42 सौ आम के पौधों को किया गया वितरण

**सतगावां (कोडरमा)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने आम बागवानी के लाभुकों के बीच 4200 उन्नत नस्ल के आम का पौधा वितरण किया गया। इसी क्रम में बीडीओ बैद्यनाथ उरांव के द्वारा गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अम्वाबाद पंचायत के ग्राम महथाडीह कुल 5 एकड़ भूमि पर पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि हम सबों के जीवन में पर्यावरण का अहम योगदान है।

## दक्षिण दिशा की ओर नहीं बनाना चाहिए घर का दरवाजा : जीयर स्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा है कि अलग-अलग कर्मों के अनुसार अलग-अलग दण्ड भोगना पड़ता है। जीव जैसा अपराध व कर्म करता है, उसके अनुसार उस तरीके दण्ड का प्रावधान किया जाता है। यदि हमारे द्वारा उपचार हो जाए, अपराध हो जाए तो समय रहते उसका प्रायश्चित कर लें। अन्यथा बाद में उस पाप का, अपराध का दण्ड भोगना पड़ता है। अगर उस व्यक्ति ने मार्जन नहीं किया तो वह नरक में जाता है। श्री स्वामी जी श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा में आयोजित चातुर्मास्यव्रत सह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में चल रहे प्रवचन में बोल रहे थे। जीयर स्वामी



जीयर स्वामी।

ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार दक्षिण दिशा की ओर घर का दरवाजा नहीं बनाना चाहिए। क्योंकि दक्षिण दिशा की ओर ही नरक है। प्रायः लोग दक्षिण दिशा की ओर मुख्य दरवाजा नहीं रखते हैं। जिनके पास जमीन कम है। मजबूरी है कि दरवाजा दक्षिण की ओर ही रखेंगे। वह परमात्मा का नाम लेकर ही आते जाते हैं।

## गढ़वा की टेबल टेनिस टीम साहेबगंज रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** साहेबगंज में चार अगस्त से आयोजित झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 28 सदस्यीय टीम गुरुवार को चोपन-रांची एक्सप्रेस से रवाना हो गई। 28 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, अशोक कुमार दुबे, सचिव आनंद सिन्हा, सदस्य अजय ठाकुर व पंकज सोनी ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। मौके पर संरक्षक श्री पांडेय ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है, उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है। आप प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ-साथ चैम्पियन बनकर आए। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दें, तो आपको



खिलाड़ियों को रवाना करते संघ के पदाधिकारी।

जीत से कोई रोक नहीं सकता है। अभिभावक और संघ आपके बेहतर के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। उनका सपना है भारतीय टीम में गढ़वा के खिलाड़ी शामिल हों। अध्यक्ष ने कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करे, संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार है। टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेश कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, हिमांशु पाल, उज्वला कुमार, रिशु तिवारी, सक्षम राज, प्रवीण मिश्रा, अनुप कुमार, आशा रानी, मयंक राज, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी, अनुष्का शर्मा, अनिका सिंह को शामिल किया गया है। बालक टीम का कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे एवं मैनेजर नागेन्द्र चौधरी जबकि बालिका टीम का कोच माया एवं मैनेजर संदीप मिश्रा को बनाया गया है।

## कुंदा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल पुलिस ने शिवकुमार तुरी हत्या मामले में बड़ी खुलासा की है। मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ज्ञात हो की कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत करिलगड़वा निवाशी शिवकुमार तुरी का शव संदेहास्पद स्थिति में 28 जुलाई को गाँव के समीप जंगल परसाटॉड से कुन्दा पुलिस बरामद की थी। पुलीस मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी थी। वही मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोढास गाँव निवाशी 26 वर्षीय कारू गंझु उर्फ अनिल गंझु पिता कोला गंझु व गारो गाँव निवाशी 22वर्षीय जानकी कुमार पिता सुदामा गंझु को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त हत्याकांड मामले में अपनी संलिप्तता होने की बात स्वीकार की है, वही मृतक से छीना हुआ एक लाख पंचानबे हजार रुपया, मृतक का सैमसंग स्मार्टफोन फोन,व हत्या में प्रयुक्त कारू गंझु का सफेद अपाची मोटरसाइकिल बरामद की है।

# चंदवा में चारपाई पर स्वास्थ्य व्यवस्था

- सड़क-पुल के अभाव में समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाए बोदा पंचायत समिति के ससुर, गयी जान
- बोदा पंचायत के लुकुईया के तेतरियाटांड़ से प्रखंड मुख्यालय तक नही है पहुंच पथ
- वर्षों से सड़क और पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं ग्रामीण, लेकिन अबतक नही बनी सड़क व पूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


खाट पर अस्पताल ले जाते ग्रामीण।

**चंदवा।** एक ओर केंद्र व राज्य सरकार विकास की किरण व सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और धरातल पर उतारने को लेकर बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। चंदवा प्रखंड में कई गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कई गांव ऐसे भी हैं जहां आज भी स्वास्थ्य व्यवस्था चारपाई पर है, सड़क के अभाव में मरीज को अस्पताल लाने के लिए खाट का सहारा भी लेना पड़ता है। ताजा मामला प्रखण्ड के बोदा पंचायत अंतर्गत लुकुईया तेतरिया का है जहां सिमोन तोपनो (65वर्ष) पिता स्व. गेब्रियल तोपनो की मौत सड़क खराब होने व सिताही नदी पर पूल के अभाव में सही समय पर अस्पताल नही पहुंच पाने के कारण हो गयी। सिमोन तोपनो बोदा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुशीला तोपनो के ससुर थे। उनकी तबियत बुधवार को अचानक खराब हो गयी थी। तबियत खराब होने के बाद परिजनों ने आनन-फानन में वाहन की व्यवस्था तो कर ली लेकिन सड़क खराब होने व सिताही नदी पर पूल नही होने के कारण वाहन गांव तक नही पहुंच सकी। जिसके बाद परिजन व ग्रामीण सिमोन तोपनो को खाट पर लिटा कर लगभग 1 किलो मीटर पैदल चलते हुए लुकुईया लेकर पहुंचे, जहां से निजी वाहन की सहायता से सिमोन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। लेकिन जब तक परिजन सिमोन को लेकर अस्पताल पहुंचते काफी देर हो चुकी थी, डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचते ही सिमोन को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को गांव ले गए व अंतिम संस्कार कर दिया।

## प्रशासन से कई बार लगाई गुहार पर नहीं बना सड़क व पुल: सुशीला तोपनो

घटना के बाद पंचायत समिति सदस्य सुशीला तोपनो ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा विगत कई वर्षों से सिताही नदी पर पूल निर्माण व लुकुईया से तेतरियाटांड तक सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। बावजूद इसके अब तक न हीं पुल का निर्माण और ना ही सड़क बनी। अगर आज सड़क व पूल बनी होती तो सिमोन समय पर अस्पताल पहुंच जाते व उसकी जान बच जाती।

### प्रखंड उप प्रमुख ने ट्वीट कर प्रशासन को कराया अवगत

इधर गंभीर रूप से बीमार सिमोन तोपनो को चारपाई पर लिटा कर अस्पताल लाने का वीडियो वायरल होने व मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने ट्वीट कर झारखंड सरकार और जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया साथ ही उन्होंने जल्द सड़क व पुल निर्माण करने की भी मांग की है।

# लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश, महुआडांड़ में धान रोपानी का कार्य शुरू


धान रोपते किसान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** मानसून की बारिश नहीं होने से महुआडांड़ के परेशान किसानों को मंगलवार से बुधवार तक रूक-रूक कर हुई झमाझम बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई। धान बीज बुआई कर चुके किसान पानी नहीं बरसने से बेहद चिंतित थे। देर से ही सही हुई बारिश ने किसानों की थोड़ी चिंता दूर कर दी हैं, किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। इस साल मानसून शुरू होने से लेकर अब तक बारिश रुकी हुई थी। किसान खरीफ सीजन की फसल धान एवं मकई और बदाम लगाकर बेहद चिंतित थे। किसान के सामने फसल खराब होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन दो दिन तक हुई बारिश ने किसानों की सारी चिंताओं को दूर कर दिया। महुआडांड़ के धान खेत में पानी लबालब हैं, कल जो खेत सूखे थे, वह झरने का रूप ले चुके है। गुरुवार को मौसम खुलने के बाद धान रोपाई के कार्यों में तेजी आ गई। वही गुरुवार सप्ताहिक बाजार होने के बाद भी बाजार में ग्रामीणों की भीड़ नजर नही आई, खाद दुकान में भारी भीड़ नजर आई महुआडांड़ ज्यादातर किसान पूरे साल में एक बार केवल धान खेती करते है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश खूब होने पर उन्हें धान की फसल लगाने में काफी मदद मिली। खेतों में बारिश का पानी भर जाने पर धान रोपाई शुरू कर दी गई, किसानों का कहना है कि 15 अगस्त तक महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में सभी किसान धान रोपाई कर लेते थे, लेकिन पिछले 3-4 साल से क्षेत्र में बारिश पिछड़ गई है, और किसान पुराने समय पर चल रहे है, इसी कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। इस बार जिस तरह से बारिश का क्रम चला, धान फसल के लिए यह काफी नही है, बदाम और मकई के लिए बेहतर है, उम्मीद है, अगर बाद में और बारिश हो तो धान की फसल अच्छी होगी।

## बिजली की चपेट में आकर पशु की मौत

- पशुपालक ने मुआवजा को लेकर लगाई गुहार

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग किनारे गुरुवार को बिजली पोल में आ रहे करेंट के चपेट में आकर एक दुधारू पशुधन की मौत हो गयी।पशुपालक उपेंद्र यादव ने बताया कि दुधारू पशु के मौत होने से उन्हें करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। कुछ दिन पूर्व से गाय ने बच्चे को जन्म दिया था, जिसके बाद दूध भी दे रही थी जो हमारे आय का मुख्य स्त्रोत था। इसी गाय से मेरी आमदनी 1 हजार रुपये रोजाना होती थी। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की गुहार लगाई है, ताकि उसके परिवार का भरण पोषण सही ढंग से चल सके।

# शिक्षक परिवार चंदवा ने विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर बीईईओ व 6 शिक्षकों को दी विदाई

- सेवानिवृत्त होने के बावजूद भी समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहें यही हमारी कामना: विजय कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विदाई समारोह में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** शिक्षक परिवार चंदवा के द्वारा गुरुवार को प्रखंड संसाधन केंद्र स्थित प्रशाल कक्ष परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रसाद यादव व सेवानिवृत्त हुए 6 शिक्षक रमेश गंझू, विश्वरंजन घटक, भुनेश्वर साहू, धनपत दयाल, अनीमा कुजूर, दौरथिया कुजूर को भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम शिक्षिकाओं के द्वारा स्वागत गीत के साथ सेवानिवृत्त बीईईओ, शिक्षकों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात शिक्षक परिवार के लोगों के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके शिक्षक परिवार के लोगों ने सेवानिवृत्त हुए बीईईओ व शिक्षकों को उपहार, प्रतीक चिन्ह आदि भेंट प्रदान किया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत बीईईओ राम प्रसाद यादव ने अल्प समय में ही चंदवा प्रखंड में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के प्रति ईमानदारी पूर्वक कार्य किये हैं, इनका मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा की चर्चा हमेशा होती है। आगे कहा कि सेवा में आने वाले का सेवानिवृत होना एक परम्परा है। सेवानिवृत्त होने के बावजूद भी समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहें यही हमारी कामना है। वहीं सेवा निवृत्त हुए 5 शिक्षकों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। सेवाकाल में रहते हैं तो वह बच्चों को शिक्षा देते रहते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभव के आधार पर समाज को नई दिशा देने का काम लगातार करते हैं। विदाई समारोह का संचालन शिक्षक विजय कुमार व बेलाल अहमद ने किया। मौके पर चंदवा प्रखंड के पूर्व बीईईओ जवाहर प्रसाद, सुनील केसरी, जयशंकर प्रसाद, समाजसेवी रवि डे, केदारनाथ महतो, प्रवेश राम, फौदार राम, चंद्रमन राम, गोविंदा पप्पू, मनीष पांडेय, नीरज कुमार, जगदीश उरांव, राधिका कुमारी, मो. इम्तियाज, संजय पासवान, प्रतिमा देवी, विभा कुमारी, सुनीता देवी, धर्मप्रकाश अग्रवाल, प्रतीक सिन्हा, विकाश कुमार समेत काफी संख्या में शिक्षक व विभागीय कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष बने इसराफिल


इसराफिल अंसारी

**बालूमाथ।** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के द्वारा बालूमाथ निवासी इसराफिल अंसारी को मोमिन कॉन्फ्रेंस का लातेहार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इसराफिल अंसारी ने बताया की झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी के द्वारा उन्हें दायित्व देते हुए मोमिन कॉन्फ्रेंस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसराइल अंसारी ने आगे बताया की उनके द्वारा जल्द ही विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर कमेटी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के और उत्थान के लिए वह काम करेंगे। वहीं इसराफिल अंसारी को मोमिन कांफ्रेंस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर युवा मोर्चा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद, मो. इकबाल, शमशाद आलम, असगर अली, अनवर अंसारी, अख्तर अंसारी, आशिक अंसारी, जावेद अंसारी, मुमताज आलम, फरीद आलम समेत कई लोगो ने बधाई दिया है।

### प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर का हुआ आयोजन


शिविर का उद्घाटन करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का उद्घाटन बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, शिक्षा विभाग के सीआरपी प्रकाश यादव, संजिव कुमार, डॉ. धनन्जय कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। वहीं 26 दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, स्लीपर-शू, बैसाखी, ईयररिंग, वाकर, एल्बो क्लच, ब्लाइंड स्टिक सहित अन्य उपकरण दिव्यांगो के बीच बांटे गये। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए प्रकाश यादव ने बताया कि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत तीन वर्ष से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को उक्त किट उपलब्ध कराया गया। शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा विद्यार्थियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच भी किया गया। मौके पर डॉ. महाराणा कुमार, गौतम पांडेय, रंजन कुमार, शिक्षा विभाग से अविनाश राम, अशोक कुमार सिंह, प्रेम जिवनधर लकड़ा,मोहन प्रसाद यादव, अजय कुमार उरांव, जयप्रकाश कुमार, जगदीश उरांव सहित कई शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### सीआरपीएफ ने नदी में फंसे ग्रामीणों को नदी पार करने में की मदद



**लातेहार।** गुरुवार को ई-218 बटा0 केरिपु बल की टुकडी संदीप सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व में बारेसाढ़ थानान्तर्गत ओपस डयुटी कर वापिस आ रहे थे। इस दौरान कई दिनों से लगातार बारिश होने के कारण रास्ते में पडने वाली बूढ़ा नदी काफी उफान पर थी। ई-218 बटा. केरिपु बल की टुकड़ी ने पाया की कुछ स्थानीय लोग नदी पार करने में वहां फंस गये थे तथा उनके लिये नदी पार करना काफी मुशकिल था। जिदके बाद ई/218 बटा० केरिपु बल की टुकड़ी ने नदी में स्वयं चैन बनाकर एवं जांबाजी के साथ एक-एक करके स्थानीय लोगों को नदी पार करवाने में सहायता की। इस मौके पर संदीप सहायक कमांडेन्ट ई/218 बटा केरिपु बल ने स्थानीय लोगो को अवगत किया कि आज कल भारी बारिश का मौसम चल रहा है जिस कारण सभी नदी-नाले उफान पर हैं ऐसे में नदी-नालों के आस-पास जाना या बिना सोचे-समझे नदी-नाले पार करना खतरनाक हो सकता है। संदीप सहायक कमांडेन्ट ने बताया की किसी भी आपातकाल स्थिति में सीआरपीएफ सदैव आपके साथ है।

### महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीबाद ग्राम में गुरुवार को जहर खाकर एक महिला ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी 24 वर्ष पति नरेश उरांव ग्राम बारीबाद थाना बारियातू निवासी का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ था। जिसके बाद आवेश में आकर महिला ने घर में रखा कीटनाशक दवा खा लिया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## साई नर्सिंग होम में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**चंदवा।** एनएच-75 किनारे देवनद के समीप स्थित साईं नर्सिंग होम परिसर में गुरुवार को निःशुल्क वदंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. मनीष कुमार एवं महिला दंत चिकित्सक डॉक्टर प्रिया सिंह ने मरीजों का उपचार किया साथ ही आवश्यक परामर्श भी दिया। मौके पर नर्सिंग होम के संचालक रोहित कुमार मौजूद थे,वडॉ मनीष कुमार ने बताया कि नर्सिंग होम में लोगों को बेहतर दंत चिकित्सा की सुविधा दी जा रही है। शिविर में करीब 55 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। नर्सिंग होम के संचालक श्री कुमार ने कहा कि यहां सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन दंत चिकित्सक भी अपनी सेवा दे रहे हैं। निश्चित रूप से चंदवा वासियों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर साइन नर्सिंग होम के मेडिकल स्टाफ समेत कई लोग मौजूद थे।

## पीसीसी पथ पर जल जमाव से राहगीर परेशान


सड़क में हुआ जलजमाव।

- ग्रामीणों ने कहा संवेदक के लापरवाही के कारण हो रहा है जलजमाव

**बेतला।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पथ पीडब्ल्यूडी पथ अखरा से चौपाल होते हुए पोखरी कला भाया, बेतला मार्ग में पीसीसी पथ का निमार्ण कार्य वर्तमान में कराया गया है। नये पीसीसी सड़क पर जल जमाव हो जाना साफ दशार्ता है कि गुणवत्तायुक्त काम नहीं हुआ है। लेवल में ढलाई नहीं किया गया है। बता दें कि पोखरी कलां में सड़क निर्माण कार्य में पीसीसी सड़क ढलाई एक लेबल में नहीं किये जाने से सड़क पर हल्की बारिश में ही जल जमाव हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहांगीर मियां के घर से लेकर सुबेदार मियां के घर तक हल्की बारिश में भी सड़क पर जल जमाव हो जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ आम-अवाम राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों में पोखरी कलां निवासी अब्दुल मोतलिब, पीर मोहम्मद, कुतबुद्दीन अंसारी, अलिजामा अंसारी आदि ने बताया कि हमलोगों के घर के पास सड़क पर जल जमाव हो जाने से काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। संवेदक के द्वारा सही ढंग से सड़क की ढलाई नहीं किये जाने से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को गंदे पानी का छिट्टा पड़ते रहता है।

# समस्या: लगातार बारिश के कारण उजड़ा गरीब का आशियाना, मदद की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ध्वस्त मकान का जायजा लेते अजय सोनी।

- वास्तविक हकदारों को आज तक नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ
- सांसद प्रतिनिधि ने ध्वस्त मकान का लिया जायजा, पीड़ित परिवार को दिया आश्वासन

**बरवाडीह।** पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने गरीबों पर कहर बरसाना शुरू कर दिया हैं। मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर निवासी अनूप कुमार गुप्ता, पिता स्वर्गीय शंकर साव के मिट्टी से बने आशियाने को बारिश ने मिट्टी में मिला दिया। ध्वस्त हो गया है। हालाकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। परन्तु घर के अंदर रखे राशन व अन्य साम्रगी पानी में भीगकर खराब हो गई। अब परिवार के पास रहने को ठिकाना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते हुए गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी और मण्डल महामंत्री मुन्ना गुप्ता ने स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात की और गिरे हुए घर का जायजा लिया। अजय सोनी ने बताया कि अनूप गुप्ता बेरोजगार है और आर्थिक तंगी के कारण घर बनाने में अक्षम हैं। किसी तरह से मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करता है। परिवार की माली हालत भी ठीक नहीं है। आज भी परिवार गरीबी हालत में जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे में घर का निर्माण करा पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि मामले से माननीय चतरा सांसद महोदय और जिले के उपायुक्त को अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### पीएम आवास की राह देख रहें है कई परिवार

एक तरफ तो सरकार पीएम आवास को लेकर लाखों करोड़ों का बजट खर्च कर रही है। लेकिन देखा जाए तो वास्तविक हकदारों को आज तक आवास का लाभ नहीं मिला हैं। गांव-गांव में ऐसे सैकडों परिवार हैं, जो झोपडी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र व प्रदेश सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

## पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक में हक व अधिकार पर हुई चर्चा

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को पंचायती राज जन प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पंचायती राज्य परिषद के उपाध्यक्ष रविंद्रनाथ तिवारी मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज में मिले उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री तिवारी ने मुखिया को संबोधित करते हुए पंचायत के आर्थिक स्त्रोतों को मजबूत बनाने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किन किन स्त्रोतों से पंचायत को सशक्त बनाने के लिए संसाधन जुटाए जा सकते हैं साथ ही किस प्रकार प्रशासन के साथ मिलकर पंचायत के कार्यों को सुगमता पूर्वक कराया जा सकता है। मौकेवपर पुष्पा देवी, ललिता देवी, फुलजेंसिया टोप्पो, जतरू कुमार मुंडा, सुष्मिता कुमारी, मीना देवी, तरन्नुम बानो, रोशन उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने हेमंत सोरेन के युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

# राज्य में जो सरकार बैठी है वह बिल्कुल गूंगी और बहरी है: हरेकृष्णा सिंह

- हमारे राज्य में ना ही स्थानीय नीति है, ना ही नियोजन नीति है, जिसका खामियाजा हम नौजवान लगातार भुगत रहे हैं : निशांत कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ज्ञापन सौंपते भाजयुमों के लोग।

**लातेहार।** समाहरणालय के समीप भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा के अध्यक्षता में हेमंत सोरेन का युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं मंच संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह ने किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि आज जो राज्य में जो सरकार बैठी है वह बिल्कुल गूंगी और बहरी सरकार है राज्य में लगातार भ्रष्टाचार चोरी डकैती बलात्कार जैसे घटना आए दिन देखने को मिलता है

### धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोग

मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह, भाजपा जिला मंत्री ध्रुव पांडे, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति मुकेश पांडे, आशुतोष सिंह चेरो, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार, भाजपा बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ निक्कू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला मंत्री अजय प्रसाद, जिला आईटी सेल प्रभारी अजय सोनी, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, राजीव रंजन पांडे, विकास सिंह, रविंद्र सिंह, रंजीत कुमार, बिट्टू कुमार, विकास कुमार, सहायक सिंह, हेमंत कश्यप, पारस जायसवाल, दीपक निषाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## हमारे राज्य में ना ही स्थानीय नीति है, ना ही नियोजन नीति है, जिसका खामियाजा हम नौजवान लगातार भुगत रहे हैं: निशांत कुमार


धरना देते भाजयुमों।

धरना को संबोधित करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार ने कहा कि हमारे राज्य में ना ही स्थानीय नीति है, ना ही नियोजन नीति है। जिसका खामियाजा हम नौजवान लगातार भुगत रहे हैं। हाल ही में वर्तमान में चल रही हेमंत सोरेन की सरकार ने शिक्षक नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। इस परीक्षा में झारखंड टेट उत्तीर्ण उम्मीदवार ही भाग ले सकते हैं। परंतु यह दुर्भाग्य है कि झारखंड में 2016 के बाद टेट की परीक्षा का आयोजन ही नहीं हुआ है। 2016 से अभी तक लगभग ढाई लाख झारखंडी आदिवासी मूलवासी युवा बीएड एवं डीएलएड की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। इनमें बहुतायत युवा सीटेट की परीक्षा अपनी मेधा के बल पर उत्तीर्ण कर चुके हैं। एनसीटीई के गाइडलाइन के अनुसार यह सभी झारखंडी युवा शिक्षक बनने के योग्य हैं पर यह दुर्भाग्य है कि वर्तमान सरकार इन सारे झारखंडी युवाओं को अयोग्य करार देते हुए शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से वंचित कर रही है। वर्षों से इस नियुक्ति के आशा में दिन रात पढ़ाई करने वाले राज्य के नौजवानों की जिंदगी में अंधेरा छा गया है। कार्यक्रम के उपरांत महामहिम राज्यपाल के नाम डीडीसी आलोश शिकारी कच्छप को ज्ञापन सौंपा है।

युवाओं के लिए और यहां के मूल वासियों के लिए अभी तक स्थानीय नीति नहीं बना सकी है ना नियोजन नीति बना सकी है।

स्पीड न्यूज

## पत्रकारों की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन को लेकर गुरुवार को होटल रुकमणि इनमें जेजेए से जुड़े पत्रकारों की प्रखण्ड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेजेए जिला महासचिव विनय सिन्हा ने किया। इस दौरान पत्रकारों की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में चर्चा किया गया। ततपश्चात टंडवा में जिला स्तरीय जेजेए पत्रकारों का कार्यशाला एवं टंडवा प्रखण्ड कमिटी के गठन किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर आगामी बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किए जाने की निर्णय लिया गया। इस मौके पर जेजेए से जुड़े सभी पत्रकार साथी मौजूद थें।

## चिकित्सकों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**कोडरमा।** झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (झासा) के चिकित्सकों ने नव पदस्थापित उपायुक्त मेघा भारद्वाज को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर संगठन के प्रतिनिधि मंडल में झासा के राज्य उपाध्यक्ष सह दन्त चिकित्सक डॉ. शरद कुमार, डीटीओ डॉ.रमण कुमार, उपाधीक्षक डॉ.मनोज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजयुमो ने समाहरणालय के समक्ष दिया धरना

**गढ़वा।** भाजयुमो के तत्वावधान में गुरूवार को जिला मुख्यालय में समाहरणाल के समक्ष महाारना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित धरना को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलायक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगने का काम किया है। अब तक नियोजन नीति, स्थानीय नीति बनाने में हेमंत सरकार फेल साबित हो चुकी है। भाजपा जिलायक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के कारण गढ़वा जिले से युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**चतरा।** चतरा परिसदन भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बैठक हुई अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने किया मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय शहजादा अनवर और विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं चतरा प्रभारी विनोद कुशवाहा जी का शुभागमन चतरा परिसदन भवन मैं हुआ सभी प्रखंड के सम्मानित प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के सभी नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए संगठनात्मक विचार विमर्श हुआ।

## आरकेवीएस में निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** अमृत भारत स्टेशन स्कीम (एबीएसएस) धनबाद रेल मंडल के तत्वाधान में शहर के आरकेवीएस के सभागार में आरकेपीएस के कक्षा 7वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग में 44 और निबंध प्रतियोगिता में 49 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का विषय देश और रेलवे में क्या अच्छा हो रहा है था। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मौके पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने भारतीय रेलवे व देश में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

## समीक्षा बैठक संपन्न उपायुक्त ने दिये दिशा-निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों का प्रतिनियोजन, छात्रों का नामांकन, समग्र शिक्षा के रूआर कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक व प्रखंड, शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय से संबंधित कार्यों का निष्पादन ससमय करें।

# एक्सपायरी दवाओं में लगी आग, मची अफरातफरी









खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहरी परिसर में गुरुवार को उस वक्त अफरातफरी का माहौल हो गया। जब लोगों ने देखा कि सलाइन और सिरप के बोतलों में आग लग गई है और वह काफी आवाज के साथ फट रहे हैं।इसके साथ ही वहां भारी मात्रा में टेबलेट और कैप्सूल भी जल रहे थे ।लोग हादसे के भय से वहां जाने से कतरा रहे थे ।इन दवाओं के जलवे का सिलसिला काफी देर तक चला बाद में जब शिकारीपाड़ा के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ देवानंद मिश्रा मौके पर पहुंचे तो उन्होंने जानकारी दी कि यह सभी दवा वर्षों एक्सपायर हो चुके हैं। एक निष्प्रयोजन कमिटी बनाकर यह निर्णय लिया गया था कि सभी एक्सपायरी दवाओं को एक गड्ढा खोदकर उसमें डाल दिया जाएगा और ऊपर से मिट्टी ढक दी जाएगी।इसी को लेकर काफी मात्रा में दवा को एक गड्ढे में डाला गया था लेकिन मिट्टी डालने के पहले ही किसी असामाजिक तत्व ने उसमें आग लगा दी।उन्होंने कहा कि दवा को तो नष्ट करना ही था पर उसे गड्ढे में डालना था हमलोग यह पता लगा रहे हैं कि आग लगाने की करतूत किसने की है। इधर घटना की जानकारी पाकर शिकारीपाड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी।इस पूरे मामले पर दुमका के सिविल सर्जन डॉक्टर बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि सारी जानकारी मुझे प्राप्त हुई है। वह सारी दवाएं एक्सपायरी है ।जिसे नष्ट करना ही था। उन्होंने कहा कि आग लगाना गलत है। हमलोग इसके दोषियों के पता कर रहे हैं। साथ ही मैंने अपने उस अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा को इस मामले में एफआईआर करने का निर्देश दिया है।

## सिविल सर्जन ने कहा- होगा एफआइआर, नपेंगे दोषी कर्मी



# 2024 के लिए सीएन के सर्वे में बड़ा खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** देश में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति जोरों पर हो रही है। अलग-अलग दल के नेता हर दिन अलग-अलग तरह के बयान दे रहे हैं। हर पार्टियां अपनी-अपनी जीत की तैयारी में अभी से ही लग गई है। सबसे चर्चा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं जिन्होंने विपक्षी एकता मुहिम की शुरूआत की। दो बैठक भी हो चुकी है। तीसरी बैठक मुंबई में होने वाली है। नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ बिहार में सरकार बनाकर मुख्यमंत्री हैं और अगर आज लोकसभा का चुनाव हो जाए तो बिहार में आरजेडी का क्या होगा? इंडिया टीवी सीएनएक्स के सर्वे में बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल, इंडिया टीवी-सीएनएक्स के सर्वे का प्रसारण 28 जुलाई को किया गया था। इसमें बताया गया था कि बिहार की 40 सीटों में से किस पार्टी के खाते में कितनी सीटें जाएंगी। आरजेडी के लिए खुशखबरी है। 2019 के मुकाबले आरजेडी को फायदा होने वाला है। सर्वे के अनुसार आरजेडी को सात सीट मिल रही है।

बता दें कि 2019 में आरजेडी को एक सीट भी नहीं आई थी। वहीं अन्य पार्टियों पर नजर डालें तो सर्वे के अनुसार बीजेपी को 20 सीट, जेडीयू को 7, और कांग्रेस को दो सीटें मिल सकती हैं। वहीं एलजेपी (आर) को 2 सीट, आरएलजेपी को एक सीट और हम को एक सीट मिल सकती है। यानी 24 सीटें एनडीए को जबकि 16 सीटें महागठबंधन को जाती दिख रही हैं। बता दें कि बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। 2019 में बीजेपी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था। 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार ये दोनों अलग हो गए हैं। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि किसे कितना फायदा होता है और किसे नुकसान होता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू को 16 सीट मिली थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो सबसे अधिक 17 सीट मिली थी। इसके अलावा लोजपा को छह सीट और कांग्रेस को एक सीट मिली थी।

## किशोर ने दिया बड़ा बयान



**समस्तीपुर।** जन सुराज के संयोजक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों लगातार राजनीतिक पार्टियों पर हमला बोल रहे हैं। वहीं, गुरुवार को उन्होंने कहा कि आप जिस विषय के ऊपर वोट करते हैं वो आपको देर ही सही, लेकिन मिलता जरूर है। देखिए लालू यादव का लड़का तेजस्वी यादव 10वीं पास नहीं है और उसको उट बनना है। इसकी चिंता लालू यादव को है और वहीं, एमए करके आपका लड़का चपरासी नहीं बन पा रहा है घर में बैठा हुआ है और आपको उसकी चिंता नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि आप जाति का झंडा उठाए हैं, आपको धर्म की चिंता है। आपको यहां से पाकिस्तान दिख रहा है, लेकिन आपको अपने बच्चों की गरीबी, बेरोजगारी और लाचारी नहीं दिख रही है। आपने बोया बबूल है तो आम कहां से खाएंगे। मैं गांवों-प्रखंडों में जाकर हाथ जोड़कर लोगों को समझा रहा हूं कि आप अपना न सही अपने बच्चों के भविष्य के लिए सोचिए। आप अगर अपने बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं करेंगे तो कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा।

# बदमाशों ने किशोर की गोली मारकर की हत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर थाना के अकबरपुर गांव में गुरुवार को हथियारबंद बदमाशों ने धनरोपनी के लिए खेत में पानी पटा रहे किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 15 वर्षीय रामबाबू राय के पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार पिंटू कुमार खेत में धनरोपनी के लिए पानी पटा रहा था। इस दौरान गांव के कुछ बदमाशों ने उसे खेत से बुलाया और दो गोली मार दी। घटना के कुछ देर बाद परिजनों को उसे गोली मारने की सूचना मिली। स्थानीय लोग उसे जख्मी हालत में वारिसनगर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर स्थिति में समस्तीपुर सदर अस्पताल में रेफर कर दिया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मृतक के पिता राम बाबू राय का कहना था कि उसके पुत्र को राम जपित राय के दो पुत्र, बिंदेश्वर राय के एक पुत्र और रामभरोस के लड़कों ने मिलकर उसे गोली मारकर हत्या की है. किसी के साथ कोई विवाद नहीं है। सुबह 9 बजे तक उसका पुत्र खेत में पानी पटा रहा था। इसके बाद काम करने गए तभी उसको बुलाकर बदमाशों ने गोली मार दी। वहीं, घटना की सूचना पर जांच के लिए अस्पताल पहुंचे सदर डीएसपी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के पिता के अनुसार गोलीमार कर हत्या की गई है, लेकिन वह जिनको आरोपित कह रहे हैं, वही उसे इलाज के लिए वारिसनगर अस्पताल लाए थे, वहां की पुलिस को सूचना मिली तो उसे यहां इलाज के लिए लाया गया है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। काफी नजदीक से गोली मारी गई है। एक उसके बाएं हाथ पर तो दूसरा उसके पेट में गोली लगी है। घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। तकनीकी सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### स्कूली बच्चों को थाना प्रभारी ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

# सामाजिक कुरीतियों को लेकर जागरूक किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मसलिया /निज संवाददाता।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मसलिया थाना की और से प्रखंड क्षेत्र के कालीपाथर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा, डायन कुप्रथा एवं साइबर अपराध से संबंधित बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें थाना प्रभारी श्री मुंडा ने विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के सभी नियमों को बताया। कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट सहित ट्रैफिक के सभी नियमों को अनुपालन करना अनिवार्य है।

साथ ही कहा डायन जैसे कुप्रथा के बारे में बताया कि ये अंधविश्वास है। लोगो को इससे बाहर आना जरूरी है। लोगो को आज काला जादू, जनगुरु, झारफुक जैसे अंधविश्वास न पर विश्वास न करते हुए इलाज कराना चाहिए। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी। वही बच्चों को कहा कि आप सभी अपने अपने परिवार एवं आसपास के लोगो को जागरूक कर जानकारी दे।

## आरसीपी सिंह का आया क्लियर कट स्टेटमेंट

**नालंदा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों केंद्र में राजनीति को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। हाल ही में मंत्री और उत्तर प्रदेश के जेडीयू प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा था कि नीतीश कुमार आगामी लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश से लड़ सकते हैं। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों की जनता मांग कर रही है। फूलपुर की जनता की मांग है कि नीतीश कुमार लोकसभा का चुनाव लड़ें। इस बयान के बाद से सियासत तेज हो गई है। नीतीश कुमार के कभी साथी रही आरसीपी सिंह ने क्लियर कट स्टेटमेंट दिया है।

# छिनतई के 3 अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

### दो अपराधियों को ग्रामीणों के सहयोग से दबोचा, एक को गिरफ्तार करने में हुई सफल









खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** छिनतई के मामले का महज 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए सरैयाहाट पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। घटना को नकाबपोश अपराधियों ने जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चरका पाथर मोड़ के समीप रोशन शर्मा नामक युवक से छिनतई की घटना को बीते मंगलवार की शाम को अंजाम दिया था। रौशन से कुल 165000 रुपये की छिनतई कर अपराधी जब स्कॉर्पियो से भागने लगे तो रोशन ने ड्राइवर की तरफ स्कॉर्पियो के खिड़की में लटक गया और स्कार्पियो की चाबी छीन ली। जिसे देखते हुए दो अपराधी स्कॉर्पियो से उतरकर भागने लगा। जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ जमकर पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्कॉर्पियो की चाभी छीनने के बाद चालक द्वारा रोशन को 80 हजार रुपये वापस किया गया। उस वक्त रौशन को लगा कि उसे सारा रकम वापस कर दिया गया तो उसने चालक को चाभी वापस कर दिया। जिसके बाद स्कॉर्पियो से तीन अपराधी भाग निकले। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक एसआईटी टीम का गठन किया। एसआईटी में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को जगह-जगह छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। स्कॉर्पियो से भाग रहे अपराधियों का पीछा पुलिस द्वारा किया गया। जिसमें गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के डांडे स्थित एक लाइन होटल के पास छापेमारी की गई। जहां एक अपराधी को स्कॉर्पियो के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। उसके पास से छिनतई के 5 हजार रुपये भी पुलिस बरामद की। घटना में जिस स्कॉर्पियो का उपयोग किया गया था उसे भी पुलिस जप्त कर लिया गया। इसकी जानकारी समाहरणालय स्थित एसपी सभाकक्ष में प्रेस वार्ता में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के नाम सुनील रंजन उर्फ सुनील कुमार, राहुल कुमार साह तथा सनी कुमार है। तीनों बिहार के भागलपुर जिला का रहने वाला है। सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस जगह-जगह लगातार छापेमारी कर रही है।

## एक नजर में

## नीतीश को किसी भी सीट से हराने वाले बीजेपी के बयान पर जेडीयू ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की

**पटना।** यूपी के फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से सीएम नीतीश कुमार के चुनाव लड़ने की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है। इस पर अब नीतीश के मंत्रियों ने भी कहा है कि नीतीश कुमार जहां से चुनाव लड़ेंगे वहां से जीत निश्चित है। बिहार सरकार के जेडीयू कोटे के मंत्री और नीतीश कुमार के बेहद करीबी बिजेंद्र यादव ने गुरुवार को कहा कि नीतीश कुमार अगर फूलपुर से चुनाव लड़ेंगे तो जीत पक्की है। वहीं, उन्होंने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी जिस तरह से कह रही है कि नीतीश कुमार को किसी भी सीट पर हरा देंगे तो इसका क्या मतलब है। क्या हम लोग राजनीति से संन्यास ले लें, कोई नहीं जीतेगा सिर्फ मोदी ही जीतेंगे। बिजेंद्र यादव ने कहा नीतीश कुमार राष्ट्रीय नेता हैं और मांग करने का कार्यकताओं का हक है। यूपी की जनता ने मांग की है तो आगे तय किया जाएगा कि नीतीश कुमार यूपी या बिहार से चुनाव लड़ेंगे।

## लोकाई व सलईडीह से 114 बोरा ब्लूस्टोन जब्त, एक मोटरसाइकिल बरामद

**कोडरमा।** वन प्रक्षेत्र अंतर्गत लोकाई में गुरुवार को वन विभाग की टीम ने ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई की है। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू के नेतृत्व में वन विभाग की पुलिस और कर्मियों ने संयुक्त रूप से अवैध उत्खनन को लेकर कार्रवाई किया। जिसमें 8 बोरा ब्लूस्टोन जब्त किया गया है। इस दौरान अवैध उत्खनन वाले स्थान से एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। वन विभाग के द्वारा जब्त किए गए ब्लूस्टोन और मोटरसाइकिल को वन विभाग के कार्यालय में रखा गया है। फिलहाल इस अवैध उत्खनन के मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं वन विभाग अवैध उत्खनन से जुड़े लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी में है। इधर इंदरवा के पास स्थित सलईडीह में भी छापेमारी की गयी, जहां राजेंद्र यादव पिता डेगन यादव के पुराने घर से 104 बोरा ब्लू स्टोन बरामद किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स की टीम ने छापेमारी की है।

## पेज 1 का शेष

### नकल रुकेगी, स्थानीय को...

**क्या है प्रावधान :** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) विधेयक 2023 में कुछ मामूली संशोधन के साथ ध्वनिमत से पारित की गयी। पहली बार कदाचार करने पर 3 साल की जगह 1 साल की सजा और दूसरी बार कदाचार करते पकड़े जाने पर 7 साल की जगह 3 साल की सजा होगी। बिल पर सीएम की सफाई पर विरोध करते हुए विपक्षी दल भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। बिल के सपोर्ट में सत्तापक्ष के विधायक भी वेल में आये। सदन का माहौल गरमा गया। इसके बाद विपक्षी विधायक वॉक आउट कर गये। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत प्रावधान के आलोक में झारखंड राज्य खाद्य आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन 2020-22 की प्रति सभा पटल पर रखा। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार 4 अगस्त को 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।

### जन-जन के नायक...

मूसलाधार बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग जुटकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। वह हमेशा भू माफिया के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि जब सभी अपराधी पकड़े जायेंगे और उन्हें कड़ी सजा मिलेगी तभी सुभाष मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि मानी जायेगी। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि सुभाष मुंडा एक उभरता युवक था। इस कारण ही उन्हें इतनी कम उम्र में ही राज्य कमेटी का सदस्य बनाया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश मुंडा ने जबकि संचालन सुखनाथ लोहरा ने किया। मौके पर सुभाष के पिता ललित मुंडा, मां छोटन देवी, पत्नी कृति मुंडा, पुत्र बिरासत मुंडा के साथ केडी सिंह, निर्मला भगत, झामुमो के नंद किशोर मेहता, मुस्ताक आलम, कलाम आजाद, कांग्रेस के अजयनाथ शाहदेव, साथ ही दयामनी बरला, मधु मंसूरी, अजय कच्छप, अमर उरांव, कुशल उरांव, संगम उरांव, सोमनाथ उरांव, चिंतामणि गोप, कृष्णा गोप, कुंदरसी मुंडा, शिवशंकर उरांव, हेमंत गाड़ी, सुशांत उरांव, बिनोद तिर्की सहित कई पार्टी के लोग सहित रांची जिला के कई प्रखंडों के हजारों ग्रामीण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

### रोक हटी, ज्ञानवापी परिसर...

एएसआई टीम कल से फिर से सर्वेक्षण शुरू करेगी। अदालत ने कहा कि एएसआई का प्रस्तावित सर्वे न केवल न्यायहित में जरूरी है बल्कि यह पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए भी लाभकारी है। साथ ही विचारण अदालत को नतीजे पर पहुंचने में मददगार है। कोर्ट ने जिला जज वाराणसी के आदेश को उचित करार दिया है और अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने प्रबध समिति अंजुमन इंतजामिया वाराणसी बनाम राखी सिंह व आठ अन्य की याचिका पर दिया है। **मस्जिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट गयी :** वहीं नयी दिल्ली में अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने एएसआइ सर्वेक्षण की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया।.अधिवक्ता निजाम पाशा ने तत्काल सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश अनुच्छेद 370 मुद्दे पर दलीलें सुनने वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं।

### पाक आतंकमुक्त माहौल...

उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भारत से बातचीत के ऑफर पर कहा कि आतंक पर कार्रवाई होने के बाद ही बातचीत करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि बातचीत के लिए शांति जरूरी है। आंतकमुक्त माहौल बनाना जरूरी है। पाकिस्तान में जारी गंभीर आर्थिक संकट के बीच शहबाज शरीफ एक अगस्त को भारत के साथ बातचीत की पेशकश की थी। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। हम अपने पड़ोसी देश से बात करने को तैयार हैं। पाकिस्तान को 1965, 1971 के बाद 1999 के कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमें तीनों में ही मुंह की खानी पड़ी थी। हाल के वर्षों में रिश्तों में कड़वाहट इस कदर बढ़ चुकी है कि दोनों देशों के बीच हर तरह की वार्ता बंद है। इस दौरान पाकिस्तान की खस्ता आर्थिक हालत का भी जिक्र किया।

### युवा सचेत रहें और...

प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सौम्या सिन्हा बर्मा ने लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पीसीओडी और डाइबिटीज के साथ साथ अधिकांश लड़कियां सर्वाइकल कैंसर से भी पीड़ित हो रही हैं। इसका मुख्य कारण जंक फूड और तैलीय पदार्थ के सेवन करना है। ऐसे में जिनके परिवार में डाइबिटीज रहा है, उन लड़कियों को सचेत रहने की जरूरत है उन्होंने लड़कियों से अपील की कि अगर शरीर में कोई परिवर्तन दिखे, दे तुरंत विशेषज्ञ से मिले। संस्था के सचिव पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि आस्था फाऊंडेशन लगातार इस तरह के कार्यक्रम राज्य भर में चला रहा है। जागरुक रहने की सबसे ज्यादा युवाओं को जरूरत है। डाइबिटीज जैसे साइलेंट किलर से बचाने की इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को अंग्रेजी विभाग के हेड डा विष्णु चंद्र महतो और एन एस एस हेड पुनम निगम ने भी संबोधित किया। अंत में युवाओं ने बहुत सारे प्रश्न किये, जिसे वहां उपस्थित डाक्टरों ने समाधान किया। कार्यक्रम में रांची विवि के कई प्राध्यापक और कर्मचारी भी शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग फिच ने घटायी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को एएए से घटाकर एए कर दिया है। विशेषज्ञ क्रेडिट रेटिंग में गिरावट को अमेरिका के लिए झटका मान रहे हैं। इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिल सकता है। एएए या ट्रिपल-ए रेटिंग उच्चतम रेटिंग है। ऋण चुकाने की क्षमता के आधार पर एजेंसी या किसी देश को रेटिंग दिया जाता है। रेटिंग से परोक्ष रूप से पता चलता है कि देश या कंपनी की आर्थिक स्थिति कैसी है।

## 16 अगस्त से दोबारा खुलेगा अमृत उद्यान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध अमृत उद्यान इस साल दूसरी बार 16 अगस्त से आम जनता के लिए खुलेगा। एक अधिकारी ने कहा कियह पहली बार है कि उद्यान को एक साल में दूसरी बार खोला जा रहा है। उद्यान उत्सव-1 के तहत इस साल 29 जनवरी से 31 मार्च तक अमृत उद्यान खोला गया था और 10 लाख से अधिक लोग उद्यान में आए थे।

## हरियाणा हिंसा में 176 लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में कुल 176 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 78 को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। राज्य सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टी वी एस एन प्रसाद ने यह भी कहा कि नूंह में 46, गुरुग्राम में 23, फरीदाबाद में तीन, रेवाड़ी में तीन और पलवल में 18 प्राथमिकी समेत कुल 93 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## यूपी : हिजबुल का आतंकी गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े एक आतंकी को मुरादाबाद से गुरुवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मुरादाबाद निवासी अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहीउद्दीन के रूप में हुई है। एटीएस को सहयोगी एजेंसी से इनपुट मिला था कि अहमद रजा नाम का शख्स सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन औक पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर्स के संपर्क में है। उसने पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान जाकर आतंकी कमांडों ट्रेनिंग लेकर वापस आकर भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए प्लान बना रहा है। साथ ही पूछताछ में सामने आए जम्मू-कश्मीर के फिरदौस की गिरफ्तारी के लिए एटीएस टीम जुट गई है।

## दिल्ली में बवानिया गिरोह का शूटर धराया

**नयी दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के रोहिणी से नीरज बवानिया गिरोह के एक कथित शूटर को गिरफ्तार किया गया जिसपर हत्या के दो मामलों में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान रोहतक निवासी नरेन्द्र के रूप में की गयी है। नरेन्द्र पर हत्या के दो मामलों में शामिल होने का आरोप है।

## हिंसा से डरे प्रवासी मजदूरों का पलायन

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार या तो डर से अपने गृहनगर जा रहे हैं या काम की तलाश में पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। इस सांप्रदायिक हिंसा में अब तक छह लोगों की जान चली गई है। मौजूदा स्थिति और कर्फ्यू के कारण पिछले कुछ दिनों से घर के अंदर रहने को मजबूर श्रमिकों और बच्चों सहित उनके परिवारों ने कहा कि वे खाने को मोहताज हैं। उत्तर प्रदेश के श्रमिक सरताज ने कहा कि वह भी घर वापस जाना चाहते हैं, लेकिन उनके पास वापस जाने या परिवार के लिए भोजन उपलब्ध कराने के पैसे नहीं हैं।

# अब दुश्मन के विमानों को नष्ट करके ही दम लेगा आकाश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने आकाश एनजी मिसाइल प्रणाली का पहला रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर (आरएफ सीकर) डीआरडीओ को सौंप दिया। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ सीकर उत्पादन की क्षमता वाली वैश्विक कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। यह रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश एनजी को सफलतापूर्वक किसी भी दुश्मन के विमान पर तब तक लॉक कर सकता है, जब तक वह नष्ट न हो जाए।डीआरडीओ ने 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया था, लेकिन

## एनजी मिसाइल प्रणाली का पहला आरएफ सीकर डीआरडीओ को सौंपा

### वैश्विक कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हुआ बीडीएल

23 जुलाई को ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किये गए परीक्षण में स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर लगाया गया था। आरएफ सीकर ने आकाश-एनजी को उच्च गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्य पर सफलतापूर्वक लॉक करने में मदद की और लक्ष्य के नष्ट होने तक लगातार उसका मार्गदर्शन किया। आकाश-एनजी हथियार प्रणाली को उच्च युद्धाभ्यास क्षमता और कम रडार क्रॉस-सेक्शन (आरसीएस) वाले उन्नत लड़ाकू विमानों को रोकने के लिए विकसित किया गया है। इसे पहली बार इस साल गणतंत्र दिवस से एक




दिन पहले 25 जनवरी को लॉन्च किया गया था। डीआरडीओ की हैदराबाद में स्थित रिसर्च सेंटर इमारत ने स्वदेशी रूप से आरएफ सीकर विकसित किया है, जिसका निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड ने किया है।

इसके साथ ही बीडीएल आरएफ उत्पादन की क्षमता रखने वाली दुनियाभर की कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गया है। पहला आरएफ सीकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत को सौंपा गया। इस मौके पर बीडीएल के सीएमडी कमोडोर ए माधवराव (सेवानिवृत्त) भी मौजूद थे।

डीआरडीओ के मुताबिक आरएफ साधक आकाश-एनजी को लक्ष्य पर लॉक करने में मदद करता है और इस प्रकार दुश्मन के लड़ाकू विमानों के लिए आने वाली मिसाइलों से बचना मुश्किल हो जाता है।

रक्षा मंत्रालय ने भी स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी-फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और मिसाइल से युक्त संपूर्ण हथियार प्रणाली के कामकाज को मान्य किया है। आकाश-एनजी सतह से हवा में मार करने वाली पुरानी आकाश मिसाइलों का उन्नत संस्करण है।

# आठ सालों तक लगातार 6.7 फीसदी रहेगी जीडीपी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत अगर अगले सात साल तक औसतन 6.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि करता है तो उसकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2031 तक 6,700 अरब डॉलर की हो जाएगी जो फिलहाल 3,400 अरब डॉलर की है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अपनी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है।वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।एसएंडपी ग्लोबल ने लुक फॉरवड:इंडियाज मनी शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। हालांकि उसने कहा है कि वैश्विक सुस्ती

**▸▸ भारत 2031 तक बन सकता है 6,700 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था : एसएंडपी**

और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में बढ़ोतरी के विलंबित प्रभाव से वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में धीमी पड़कर छह प्रतिशत रह सकती है। साख तय करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के वैश्विक मुख्य अर्थशास्त्री पॉल ग्रुएनवाल्ड, क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) राजीव बिस्वास ने मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है।

# लोकसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पास

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित हो गया। बिल के पारित होते ही विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। बाद में सदन को 4 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले दिल्ली सेवा बिल पर लंबी चर्चा हुई। दोपहर के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को इस मुद्दे पर जवाब देने का मौका दिया। चर्चा के बाद बिल पारित कर दिया गया। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार को यह अध्यादेश सदन में लाने और कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने मणिपुर के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरते हुए कहा कि विपक्षी दलों को मणिपुर की चिंता नहीं है। सभी राज्य के अधिकारों की बात कर रहे हैं, लेकिन कौन सा राज्य दिल्ली राज्य नहीं, एक संघ शासित प्रदेश है। और संसद दिल्ली के लिए कानून बना सकता है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सेवाएं हमेशा केंद्र सरकार के पास रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी व्याख्या दी है। उन्होंने कहा कि 1993 से

### हमेशा केंद्र सरकार के पास रही हैं सेवाएं : अमित शाह



2015 तक किसी भी मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर केन्द्र से लड़ाई नहीं की। कोई लड़ाई नहीं हुई क्योंकि जो भी सरकार बनी उनका लक्ष्य जनता की सेवा करना था। अमित शाह ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर सेवा करने की जरूरत है तो लड़ने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन अगर उन्हें सत्ता चाहिए तो वे जरुर लड़ेंगे।

**आप सांसद निलंबित :** गुरुवार को आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू को लोकसभा से पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। सुशील कुमार ने चेयर की ओर पेपर फेंके थे। इसे लेकर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद पटेल ने उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर अध्यक्ष ने पहले सदन की सहमति ली और फिर निलंबन का फैसला सुनाया।

# चाइनीज लैपटॉप, टैबलेट व कंप्यूटर के आयात पर रोक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन को बड़ा झटका दिया । केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए चाइनीज लैपटॉप और टैबलेट के आयात पर रोक लगा दी है। सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर (यूएसएफएफ) कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर सुरक्षा कारणों से और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत को देखते हुए रोक लगा दिया है। इससे चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से इन वस्तुओं का आयात घटेगा। आयात अंकुश तत्काल प्रभाव से लागू है। किसी उत्पाद के आयात को अंकुश की श्रेणी में डालने का मतलब है कि उनके आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य होगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन अंकुश को लगाने के पीछे वैसे तो कई कारण हैं लेकिन प्रमुख कारण हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारी ने कहा कि देश में इंटरनेट की पैठ अब ज्यादा व्यापक रूप से बनती जा रही है और इसे देखते हुए भारतीय नागरिकों को ऐसे परिवेश

## सरकार ने सुरक्षा कारणों से लगाया प्रतिबंध



की जरूरत है, जहां उनका डेटा ऐसी मशीनों या उपकरणों के समक्ष न पहुंचे, जिनसे उन्हें सुरक्षा संबंधी जोखिम हों।उन्होंने कहा कि कुछ उपकरणों में सुरक्षा संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं और इनसे संवेदनशील और व्यक्तिगत जानकारी जोखिम में पड़ सकती है। हमने ऐसी कुछ वस्तुओं पर कार्रवाई की है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने गुरुवार को जारी अधिसूचना में कहा कि शोध एवं विकास, परीक्षण, बेंचमार्किंग, मूल्यांकन, मरम्मत तथा उत्पाद विकास के उद्देश्य से प्रति खेप अब 20 वस्तुओं तक आयात लाइसेंस की छूट रहेगी। अधिसूचना में कहा गया कि लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात को तत्काल प्रभाव से

**▸▸ आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की अनुमति अनिवार्य**

अंकुश की श्रेणी में डाल दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अनुपालन के तहत उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया कि एक लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, ई-कॉमर्स पोर्टल के जरिये खरीदे गए, डाक या कूरियर से मंगाए जाने वाले उत्पाद पर आयात लाइसेंस की अनिवार्यता की छूट रहेगी। ऐसे मामलों में लागू शुल्क का भुगतान कर आयात किया जा सकता है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का चीन से 65 प्रतिशत आयात सिर्फ तीन उत्पाद समूहों इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और जैविक रसायन तक सीमित है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत अपनी दैनिक जरूरतों तथा औद्योगिक उत्पादों मसलन मोबाइल फोन, लैपटॉप, कलपुर्जे,

### इन सामानों पर भी लगा अंकुश

माइक्रो कंप्यूटर, बड़े कंप्यूटर और कुछ डाटा प्रोसेसिंग मशीनों को भी आयात अंकुश की श्रेणी में रखा गया है। इसमें कहा गया कि वैध लाइसेंस होने पर इन उत्पादों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, ये अंकुश बैगेज नियम के तहत लागू नहीं होंगे।

सौर सेल मॉड्यूल और आईसी के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर है। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारतीय बाजार में बिकने वाले प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड में एचसीएल, सैमसंग, डेल, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, एसर, एप्पल, लेनोवो और एचपी शामिल हैं। भारत ने 2022-23 में लैपटॉप सहित 5.33 अरब डॉलर मूल्य के पर्सनल कंप्यूटर का आयात किया है। 2021-22 में यह आंकड़ा 7.37 अरब डॉलर रहा था।

## समाज को जोड़ता है साहित्य : राष्ट्रपति

**भोपाल।** भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेष के साथ ही लोक और जनजातीय कला महोत्सव उत्कर्ष का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्घाटन करते हुए कहा कि समाज और लोगों को साहित्य जोड़ता है। रवींद्र भवन में आयोजित समारोह में देशभर के अलग-अलग हिस्सों से जनजातीय वर्ग के कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज से जोड़ता है और लोगों को भी एक-दूसरे से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि वही साहित्य और कलाएं सार्थक हैं जो मैं और मेरा से ऊपर उठकर रची और प्रस्तुत की गईं। सभी भारतीय भाषाओं की प्रमुख कृतियों का अन्य भाषाओं में अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य ने मानवता को आईना दिखाया है, बचाया भी है और आगे भी बढ़ाया है। साहित्य और कला ने संवेदना और करुणा को, यानी मनुष्य की मानवता को सुरक्षित रखा है। मानवता की रक्षा के इस परम पवित्र अभियान में भागीदार बनने के लिए लेखक एवं कलाकार प्रशंसा के पात्र हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों को ताकत दी। देश के कोने-कोने में अनेक लेखकों ने स्वतंत्रता एवं पुर्नजागरण के आदर्शों को अभिव्यक्ति दी। पुनर्जागरण और स्वतंत्रता संग्राम के काल में लिखे गए उपन्यास, कहानियां, कविताएं और नाटक आज भी लोकप्रिय हैं।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी हाहाकार

**एजेंसी**

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी हाहाकार मच गया।सेंसेक्स 542.10 अंक का गोता लगाकर 65,240.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 144.90 अंक की गिरावट लेकर 19,381.65 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कम्पनियों में लिवाली का जोर रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 0.14

**▸▸ सेंसेक्स 542 अंक लुढ़का निफ्टी 19,381 पर आया**

प्रतिशत चढ़कर 29,967.64 अंक और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 34,841.48 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3715 कम्पनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1770 में बिकवाली जबकि 1790 में लिवाली हुई वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ।बीएसई में पावर, यूटिलटीज और हेल्थ केयर समूह की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 16 समूहों में बिकवाली हुई। कमोडिटीज 0.19, सीडी 0.34, ऊर्जा 0.85, एफ एम सी जी 0.55, वित्तीय



सेवाएं 0.94, इंडस्ट्रीयल 0.30, आईटी 0.17, दूरसंचार 0.34, ऑटो 0.40, बैंकिंग 1.06, कैपिटल गुड्स 0.65, धातु 1.15, तेल एवं गैस 0.92, रियल्टी 1.85 और टेक समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत लुढ़क गए। ब्रिटेन का एफटीसई 0.78, जर्मनी का डैक्स 0.65, जापान का निक्केई 1.68 और हांकांग का हैंगसेंग 1.68 प्रतिशत गिर गया।

### मार्केट कैप एक लाख करोड़ घटा

कारोबार में आई जोरदार गिरावट के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन घट कर 302.32 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को इन कंपनियों का मार्केट कैप 303.33 लाख करोड़ रुपये था। गुरुवार के कारोबार से निवेशकों को करीब 1.01 लाख करोड़ रुपये का चूना लग गया।

## विदेशी छात्रों के लिए स्टडी इन इंडिया पोर्टल शुरू

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को स्टडी इन इंडिया पोर्टल की शुरूआत की। इस पोर्टल के जरिये देश में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को मदद मिलेगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस पोर्टल की शुरूआत की। जयशंकर ने कहा कि इस पोर्टल की शुरूआत का उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों का स्वागत करके भारत को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाना है। इससे हमें शिक्षा क्षेत्र में ब्रांड इंडिया की एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज कराने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं पोर्टल के एकीकृत दृष्टिकोण पर ध्यान देता हूं जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए पंजीकरण से लेकर वीजा अनुमोदन तक आवेदन प्रक्रियाओं को आसान बनाता है।

# रूसी ड्रोन के हमले से यूक्रेन के बंदरगाह पर भारी नुकसान

**एजेंसी**

**कीव।** यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध में करीब डेढ़ साल बाद भी दोनों तरफ से हमले जारी हैं।

ताजा हमले में रूस ने बुधवार को यूक्रेन के बंदरगाह पर हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे आतंकी हमला बताया।

यूक्रेन के साथ खाद्यान्न निर्यात समझौता रद्द करने के बाद रूस उसके निर्यात ढांचे को बर्बाद करने में लगा है। रोमानिया सीमा के नजदीक यूक्रेन की डानुबे नदी के तट पर बने बंदरगाह पर रूस ने

### राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले को बताया आतंकी करतूत

ड्रोन हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाया। इस हमले में इजमेल बंदरगाह का भवन नष्ट हो गया और वहां से जहाजों में खाद्यान्न का लदान रुक गया है। हमले में बंदरगाह भवन के आसपास के भवनों को भी नुकसान हुआ है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी आतंकियों ने एक बार फिर से बंदरगाह, खाद्यान्न और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को निशाना बनाया है।

# बिग बॉस ओटीटी 2 के पहले फाइनलिस्ट बने मल्हान

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी-2 जल्द ही दर्शकों को अलविदा कहने वाला है। शो का फिनाले डेढ़ हफ्ते में होगा। अब इस शो का नया हफ्ता शुरू हो गया है। सोमवार और मंगलवार को इस घर में कंटेस्टेंट्स के परिवार वाले उनसे मिलने आए। ऐसे में बुधवार को हमने शो में काफी कुछ घटित होते देखा। शो का पहला फाइनलिस्ट भी अब चुन लिया गया है।

इस सप्ताह की शुरूआत में सभी के लिए एक विशेष पारिवारिक सप्ताह आयोजित किया गया था। इसमें सभी प्रतियोगियों ने अपने-अपने परिवार से मुलाकात की। इस बार घर वालों के लिए एक टास्क भी रखा गया। परिवार के सदस्यों को अपने पसंदीदा प्रतियोगी को एक स्टार देना था। इस टास्क में दो प्रतियोगियों के पास सबसे ज्यादा सितारे हैं। पूजा और अभिषेक मल्हान के पास अन्य



गृहणियों की तुलना में अधिक सितारे थे। इसके बाद बिग बॉस ने दोनों के बीच एक और टास्क कराया।

मल्हान इस टास्क के विजेता बने और पहले फाइनलिस्ट बने। अभिषेक मल्हान शो बिग बॉस ओटीटी-2 के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। इस जीत के बाद अब मल्हान भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कई लोग उन्हें बिग बॉस ओटीटी 2 का विनर भी बता रहे हैं। शो का फिनाले 12 या 13 अगस्त को होगा।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर का ट्रेलर हुआ रिलीज। इस ट्रेलर को देखकर रजनीकांत के फैंस काफी खुश हैं। रजनीकांत के लुक से लेकर उनके स्टाइल तक हर चीज की तारीफ होती नजर आ रही है। ट्रेलर से साफ है कि रजनीकांत के इस नाम का जादू और उनका समग्र मजबूत प्रक्षेपण उनके प्रशंसकों को जेलर में अनुभव होगा। जेलर में रजनीकांत एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में तमन्ना भाटिया और बाहुबली में शिवगामी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री राम्या कृष्णन भी हैं।

ट्रेलर की शुरूआत तेज-तर्रार एक्शन से होती है। फिल्म की कहानी एक जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जेल में एक कुख्यात गैंग का बड़ा गैंगस्टर कैद



है। गिरोह के सदस्य उसे जेलर (रजनीकांत) की जेल से छुड़ाने की योजना बनाते हैं, लेकिन ईमानदार जेलर मुथुवेल यानी रजनीकांत बेहद सख्त हैं। उनका एक और पक्ष बेहद डरावना है, लेकिन इसके बारे में उनके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं जानता। इसमें रजनीकांत का एक्शन देखकर दर्शक दंग रह जाते हैं। जेलर10 अगस्त को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# बड़ी कंपनियों में सफलता के मन्त्र



**प्रशांत झा**

**यह मंत्र आपको देगा इंटरव्यू में सफलता...। सच्चे मन से अपने काम पर फोकस करें...। नर्वस हुए तो अपना पक्ष क्लीयर जरूर कर दें...।**



करियर और जॉब के लिए लिखित परीक्षा का सामना तो आसानी से हो जाता है, लेकिन इंटरव्यू में ठंडे पसीने चलने लगते हैं। यानी उम्मीदवार इंटरव्यू में जाने से पहले ही नर्वस हो जाता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं किसी भी संस्थान में एडमिशन या नौकरी के लिए जब इंटरव्यू होता है तो उसे कैसे फेस करना चाहिए और किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। जबकि ऐसे भी अवसर आते हैं जब नर्वस दिखने के बाद भी कुछ लोगों की जॉब लग जाती है।

## कमजोरी का जिक्र न करें

हर व्यक्ति में कुछ न कुछ कमियां या कमजोरी होती है, खुद इसका जिक्र नहीं करना चाहिए। नहीं तो साक्षात्कार में आपकी इसे सबसे बड़ी गलती को लेकर ही सवाल शुरू हो सकते हैं। इसी तरह कमजोरियों की चर्चा भी न करें। नहीं तो आपसे सवाल पूछ सकते हैं कि आपने अपनी सबसे बड़ी कमजारियों को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उटाए।

## साक्षात्कार पर करें फोकस

अपने साक्षात्कार में हुई बातों के अलावा वेतन की बातचीत भी जरूर कर लेना चाहिए। लेकिन, एक्सपर्ट कहते हैं कि बतौर कैंडिडेट आप अपनी तरफ से वेतन का जिक्र न हीं करें तो अच्छा है। वेतन पर फोकस करके आगे की बात करेंगे तो इसमें खतरा है। आपका फोकस केवल साक्षात्कार पर होना चाहिए। जब आपसे वेतन की चर्चा हुई तो आप इस पर बात आगे बढ़ा सकते हैं। क्योंकि कंपनी को ऐसे कर्मचारी की जरूरत होती है कंपनी की वैल्यू को समझे और परफार्मेंस भी अच्छा थे। आप वेतन का खुद जिक्र करके ये न बताएं कि मेरा मकसद सिर्फ अच्छी सैलरी पाना ही है। आप अपने काम को ज्यादा से ज्यादा और अच्छे से अच्छे कैसे कर सकते हैं, इसके बारे में बताना चाहिए। आपका काम अच्छा होगा तो कंपनी खुद ही आपका वेतन बढ़ा देगी। जब इंटरव्यू के बाद नेगोशिएशन की बात होती है तो आप अपना पक्ष रख देना चाहिए।

## नकारात्मक सोच से नुकसान

यदि इंटरव्यू में सीधे सवाल कम पूछे जाएंगे। ऐसा भी हो सकता है कि इंटरव्यू पैनल का कोई सदस्य आपको पसंद नहीं कर रहा हो और वो तेड़े सवाल पूछने लगे। ऐसी स्थिति में आपकी निगेटिव लैंग्वेज से आपको बचना चाहिए। आप उनसे बात करते हुए सही तरीके से जवाब दें। ऐसा भी होता है कि आपको परखने या टेंपरामेंट को जानने की कोशिश की जा रही हो। याद रखें जो इंटरव्यू में बैठा है उन्हीं में से कोई आपका बॉस हो सकता है।

संभलकर बोलें

इंटरव्यू में विवादास्पद जवाबों से बचना चाहिए। आप उन्हीं बातों का जिक्र करें जिसका आपको नॉलेज हो। आप अपनी चुनौतियों का सामना करते हुए कंपनी को आगे ले जा सकते हैं, उन मुद्दों का जिक्र करें। आपका पूरा फोकस जॉब हासिल करने पर होना चाहिए। आपको अपने लंबे करियर की सोचकर जवाब देना चाहिए। क्योंकि कंपनी को परफेक्ट कैंडिडेट की जरूरत है और आपको नौकरी की जरूरत है। ऐसी स्थिति में आपको समझदारी से बातें करना चाहिए। आपकी बातों और विचारों से ही इंटरव्यू पैनल में बैठे लोग आप पर भरोसा कर सकते हैं।

## प्रभाव न डालें

इंटरव्यू के कक्ष में अपने एम्प्लॉयर या इंटरव्यू पैनल पर किसी तरह से प्रभावित करने की कोशिश नहीं करें। आपको खुद की क्वालिटी की बातें करना चाहिए। हर सवाल का जवाब कुछ अलग अंदाज में देने का प्रयास करें। प्रजेंटेशन और कन्वर्सेशन पर गौर करना चाहिए। एक-एक शब्द आपको सफलता की ओर बढ़ाते चलेगा।

## नर्वसनेस से दूर रहें

यदि साक्षात्कार में जरूरत से ज्यादा परेशान लग रहे हैं तो कोई कंपनी आपको हायर करने से बचेगी। क्योंकि इस केस में ईमानदारी ही सर्वोत्तम नीति होती है। पहले तो नर्वसनेस को दूर करें, किसी के सामने जाहिर नहीं होना चाहिए। नर्वस दिखने पर कंपनी आपको कमजोर और डरा हुआ व्यक्ति समझेगी और आपको रिजेक्ट कर सकती है। यदि कंपनी के लोग समझ गए हैं कि आप नर्वस हो रहे हैं तो उसके बदले में उन्हें कोई रीजन बता दें जिससे वे आप पर भरोसा कर सकें।

# यूपीएससी में सफलता के टिप्स



**अनल कुमार**

उपरोक्त वर्णित युक्तियों के अलावा, निम्नलिखित बातो को ध्यान में रखें:

अपनी दैनिक जिम्मेदारियों के अनुरूप वर्तमान तैयारी की समयावधि को 6 से 8 घंटे कर के अपनी अध्ययन क्षमता को बढ़ाएं।

अगले चरण में पर्यावरण जैसे अधिक रोचक और आसान विषयों की ओर बढ़ने से पहले, इस चरण के अंततक सभी कठिन विषयों को पूरा करने का प्रयास करें।

क्योंकि, आप इस चरण में कठिन विषयों को उठा रहे हैं, इसलिये विषयों के बारे में जितना संभव हो उतनाविवरण प्राप्त करना सुनिश्चित करें ताकि आप सभी महत्वपूर्ण विषयों पर स्पष्टता व समझ प्राप्त कर सकें।

अनुशंसित पुस्तकों के अतिरिक्त आप एनसीईआरटी और अन्य प्रामाणिक ऑनलाइन स्त्रोतों से नोट्स बनानेके लिए सहायता ले सकते हैं।

महत्वपूर्ण बिंदुओं, घटनाओं, तिथियों, सूत्रों, आदि के लिए नोट्स बनाना सुनिश्चित करें, और ध्यान रहे कि

**इन्हें याद भी किया जाना चाहिए।**

पिछले कुछ वर्षों के प्रश्नों को हल करने के अभ्यास शुरू करें, इस प्रयास से आप यह जांचने मे सक्षम होंगे कि

आप अपनी तैयारी प्रक्रिया के किस स्तर पर कहां पहुंचे हैं। अभ्यास से ही आप प्रश्नों के और उत्तर लेखन कौशल विकसित करने में सफल हो सकते हैं।

**तीसरा चरण : नवंबर से दिसंबर**

एक बार फिर से अपनी तैयारी की योजना व स्तर देखें, और पता लगाएं कि आपने सभी विषयों को कवरकिया है या नहीं। जैसा कि आप इस चरण में कठिन विषयों को लक्षित कर रहे हैं, इसलिये समय से इनका अध्ययन समाप्तकरें और आगे बाकी के विषयों में मजबूत पकड़ बनाने के लिये अनुशंसित पुस्तकों के साथ एनसीईआरटीबुक्स की मदद लें।अब पर्यावरण जैसे सरल विषयों के साथ-साथ अपने वैकल्पिक विषय का अध्ययन भी शुरू कर दें। **वैकल्पिक**

विषय के लिये एनसीईआरटी के साथ अपने वैकल्पिक विषय से संबंधित किताब से तैयारी शुरू करें।

इसके साथ-साथ, जो भी आपने अध्ययन किया है उसे संशोधित करना जारी रखें, और यह भी ध्यान रखें किइस चरण में अन्य सभी शेष विषयों को कवर किया जाना चाहिये। जैसा कि ऊपर बताया गया है कि करेंट अफेयर्स के महत्व को नजरअंदाज न करें, क्योंकि पर्यावरण, तकनीकी जैसे विषयों के लिये समसामयिकी को कवर करना अनिवार्य है। समसामयिक मामलों के अपडेट सिविल सेवा

परीक्षा परीक्षा के सभी तीन चरणों (प्रारंभिक, मुख्य एवं साक्षात्कार) में एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

**चौथा चरण : जनवरी से फरवरी**

अधिकांश विषयों को पूरा करने के बाद, इस चरण में अब अपने वैकल्पिक विषय पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। यदि आपके पास कोई विषय शेष है, तो कृपया इसे इस चरण में लें और फरवरी के अंत तक संपूर्ण पाठ्यक्रमपूरा कर लें। इसी चरण में अपने रुचि के वैकल्पिक विषय को चुनने के साथ ही इसका अध्ययन शुरू करें, इसप्रकार से आपके भीतर सिविल सेवा परीक्षा के लिए उत्साह बना रहता है।

अब, परीक्षा के लिये बचे 2 से 3 महीने के समय में अपने सभी विषयों/टापिकों को अच्छी तरह दोहराएं औरजांचें, इन दो महीनों में अपने नोट्स पर अच्छी तरह से केन्द्रित करें, और अपने नोट्स में महत्वपूर्ण बिन्दुओं वजानकारियों को हाइलाइट करें व एक सुनियोजित स्टडी प्रारंभ करें।




**पांचवा चरण : मार्च से जून (मिशन प्रेलिम्स)**

प्रीलिम परीक्षा (जून) तक अपना पूर्ण ध्यान प्रीमिम्स परीक्षा में रखें।

जैसा कि आप पहले से ही अपने अधिकांश ;जीएस (सामान्य अध्ययन) प्रथम प्रश्न पत्र;के पाठ्यक्रम कोकवर कर चुके हैं, इसलिए प्राथमिक तैयारी के लिए त्वरित संशोधन व रिविजन के लिए यही समय है। साथ हीसिविल सर्विसेज एप्टीट्यूड टेस्ट (सीसैट) द्वितीय प्रश्न पत्र पर भी फोकस पर भी होना चाहिए,एनसीईआरटी की पुस्तको से गणित के प्रश्नों को हल करना शुरू करें, और जितना संभव हो सके पिछले सालके प्रश्न पत्रों को संपूर्ण हल करें।प्रीलिम्स के लिए टेस्ट सीरीज देने और इस जैसे अन्य अभ्यासीय प्रयास करने का यह सबसे अच्छा समय है।बहुत सी सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग लगभग 40 से 50 टेस्ट पेपर के साथ टेस्ट सीरीज कोर्स प्रदान करती हैं,

जिसमें जीएस पेपर और सीसैट पेपर दोनों का पाठ्यक्रम शामिल होता है। कुछ शिक्षण संस्थान स्पष्टीकरण केलिए उत्तर भी प्रदान करते हैं जो आपकी तैयारी प्रक्रिया व जानकारी के स्तर का आकलन करने में आपकीसहायता करेंगे। अपने सभी विषयों को पढ़ें और फिर दोबारा पढ़ें।

विशेष रूप से तिथियां / घटनाएं / नाम / आदि अच्छी तरह से अखबारों व अन्य प्रासंगिक स्त्रोतों से अपडेटरखें। मौजूदा मामलों से अवगत रहने और समझने के लिये आकाशवाणी समाचार, राज्य सभा, लोक सभा,भारतीय इयर बुक, आर्थिक सर्वेक्षण, योजना पत्रिका और अन्य करेंट अफेयर पत्रिकाएं पढ़ें जो कई आईएएसअकादमियां प्रदान करती हैं।

**यूपीएससी आईएएस परीक्षा के आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज।**

छठवां चरण : अक्टूबर से जुलाई (मिशन मेन्स)मेन्स परीक्षा की विशेष तैयारीः सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा अधिकतर जून के महीने में के पहले सप्ताह मेंआयोजित होती है, और मुख्य परीक्षा अक्टूबर के महीने में या उसके आसपास निर्धारित होती है। इन दोनोपरीक्षा के मध्य तकरीबन 3 महीने के समय का अन्तर होता है। तैयारी के चरण की इस अवधि में अपनी तैयारी के स्तर को और बढ़ाएं तथा दिन में 9-10 घंटे तक का समयअध्ययन के लिये नियोजित करें। याद रखें कि अब आपके पास मुख्य परीक्षा के लिए केवल 3 महीने शेष हैं।इस बात का विशेष ध्यान रहे कि अध्ययन के लिये कोई विषय छूट न गया हो, लेकिन अगर ऐसा कुछ है, तोएक महीने ही है उसे समाप्त करें और अपने सभी विषयों के लिए तीसरे चरण के संशोधन व रिवीजन में ध्यान केन्द्रित करें। तैयारी के इस चरण में अपने वैकल्पिक विषय पर विशेष ध्यान दें, तथा निबंध लेखन का नियमित आधार पर**अभ्यास करें।** यदि आप विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने का अभ्यास करें, तो सिविल सेवा परीक्षा में ये प्रयास आपकोअच्छे अंक अर्जित करने में मददगार साबित होगा। किसी विषय को प्रभावी ढंग से तैयार करने के लिए उससे जुड़ी केस स्टडीज को यथासंभव हल करें और उनकाविशलेषण कर उसमें अपनी समझ विकसित करें। मुख्य परीक्षा के लिये कई टेस्ट सीरीज उपलब्ध हैं जो लगभग हर आईएएस अकादमी प्रदान कराती है। इस प्रकार के टेस्ट देने तथा उनके द्वारा दिये गये उत्तरों के स्पष्टीकरण से आपकी तैयारी प्रक्रिया व स्तर में तेजीसे सुधार आएगा। इस प्रकार से अपने लेखन कौशल को बढ़ाने और विषयों पर अपनी राय तैयार करने के लिए सही दृष्टिकोण का विकास भी होगा।

उत्तर लेखन के महत्व को नजरअंदाज न करें, और इसका परिश्रम से अभ्यास किया जाना चाहि उत्तर लिखने कीनियमित आदत आपको मुख्य परीक्षा में सफलता दिलाने में मदद करेगी। सुनिश्चित करें कि आपका उद्देश्य उत्तर पुस्तिका को केवल पूरा भरना नहीं होना चाहिये, बल्कि अपना पूरा फोकस एक अच्छा उत्तर कैसे लिखा जाए? इस पर केंद्रित होना चाहिये।

इस लेख में दिए गये सुझावों की मदद से आप इस परीक्षा की तैयारी उचित तरीके से करने में सफल हों, और अगले वर्ष यूपीएससी आईएएस परीक्षा पास करने के अपने इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु हिंदी माध्यम के लिये पुस्तक सूची और श्रोत हिंदी माध्यम के जेपीएससीअभ्यर्थी अक्सर यह जानना चाहते हैं कि हम सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान क्या पढें और क्या ना पढें। **(- लेखक करियर काउंसलर और प्रतियोगिता विषयों के जानकार हैं।)**

# जॉब एलर्ट

## भारतीय डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के 30041 पदों पर भर्ती

विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का चयन बिना परीक्षा के किया जाएगा। 10वीं पास अभ्यर्थी भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 3 अगस्त गुरुवार से शुरू होंगे। वहीं, आवेदन की आखिरी तारीख 23 अगस्त रखी गई है । हालांकि अभ्यर्थी फॉर्म में संसोधन 24 से 26 अगस्त तक कर सकेंगे।

**भर्ती डिटेल्स**

अभ्यर्थियों का चयन 10वीं के मेरिट के आधार पर किया जाएगा। भर्ती के जरिए ग्रामीण डाक सेवक, ब्रांच पोस्ट मास्टर, असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद शामिल हैं।

**आवेदन शुल्क**

सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपए रखा गया है। जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडी और महिलाओं के लिए आवेदन निशुल्क रखा गया है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

**आयु सीमा**

न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष तक रखी गई है। आयु की गणना 23 अगस्त 2023 को आधार मानकर की जाएगी। हालांकि, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमों के मुताबिक छूट भी दी जाएगी।

**कौन कर सकता है आवेदन**

इंडिया पोस्ट जीडीएस भर्ती 2023 के लिए एजुकेशन क्लॉलिफिकेशन 10वीं कक्षा पास रखी गई है। साथ ही अभ्यर्थियों को स्थानीय भाषा का ज्ञान एवं कंप्यूटर और साइकिल चलाने का ज्ञान भी होना चाहिए।

**चयन प्रक्रिया**

अभ्यर्थियों को 10वीं के अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। बाद में मेडिकल टेस्ट कराया जाएगा और फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।



**आवेदन के दौरान इन डॉक्यूमेंट्स की पड़ेगी जरूरत**

आधार कार्ड।

10वीं कक्षा की मार्कशीट।

मूल निवास प्रमाण पत्र।

पासपोर्ट साइज फोटो और सिग्नेचर

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी

जाति प्रमाण पत्र

पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट (यदि है तो)

## आईबीपीएस पीओ 3049 पदों पर भर्ती

अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह है कि आवेदन नोटिफिकेशन पढ़ने के बाद ही करें। बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) ने 1 अगस्त को प्रोबेशनरी ऑफिसर/मैनेजमेंट ट्रेनी (सीआरपी पीओ/एमटी-ककक) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट ्ररुस्र२.ल्ल के जरिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी का फॉर्म एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा।

प्रीलिम्स परीक्षा के लिए कॉल लेटर सितंबर 2023 को जारी किए जाएंगे। वहीं, प्रोबेशनरी ऑफिसर/मैनेजमेंट ट्रेनी के पद के लिए प्रीलिम्स ऑनलाइन परीक्षा सितंबर/अक्टूबर 2023 में होगी। जबकि रिजल्ट अक्टूबर 2023 में घोषित किया जाएगा। वहीं, मेंस एग्जाम नवंबर में आयोजित किया जाएगा। मेंस एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड परीक्षा से 10 दिन पहले जारी किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को जीडी और इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। फाइनल रिजल्ट प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू के बाद जारी किया जाएगा। हालांकि, प्रीलिम्स में नहीं पास होने वालों को अगली चरण की परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

**आयु सीमा**

भर्ती के लिए आयु 20 वर्ष से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि आयु सीमा में अभ्यर्थियों नियमों के मुताबिक छूट भी दी जाएगी।

**आवेदन शुल्क**

ओबीसी और जनरल वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 850 रुपए है। जबकि अन्य के लिए आवेदन शुल्क 175 रुपए रखा गया है।

**आवेदन की योग्यता**

भर्ती के लिए भारत सरकार की तरफ से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री, या केंद्र सरकार की तरफ से मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष योग्यता वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि अभ्यर्थी के पास एक वैध मार्क-शीट / डिग्री प्रमाणपत्र होना चाहिए। क्योंकि रजिस्ट्रेशन के दौरान इसकी जानकारी मांगी जाएगी।

**ऐसे करें आईबीपीएस पीओ भर्ती के लिए आवेदन**

- सबसे पहले अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।

- इसके बाद रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।

- पर्सनल डिटेल्स दर्ज कर-के सबमिट करें।

- इसके बाद फॉर्म भरें और डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

- फीस भरें और फाइनल सबमिट करें।

- इसके बाद आईबीपीएस पीओ फॉर्म की एक प्रति डाउनलोड कर अपने पास रख लें।

# आईआईटी रूड़की 176 साल का गौरवमयी इतिहास




देश का सबसे पुराना इंजीनियरिंग संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आइआइटी)175 साल पूरे कर 176 वें साल में प्रवेश कर रहा है। यह प्रौद्योगिकी संस्थान 176 साल का गौरवमयी इतिहास समेटे हुए है। यह 1847 में ह्यथामसन कालेज आफ सिविल इंजीनियरिंगह्न के तौर पर स्थापित हुआ था। देश को आजादी मिलने के बाद इस कालेज को 1948 में रुड़की विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था।

**24 से अधिक संकायों का संचालन कर रहा है संस्थान**

9 नवंबर 2000 को उत्तराखंड राज्य बनने के बाद 2001 में इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) में तब्दील कर दिया गया। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हरिद्वार से कानपुर तक निकलने वाली उत्तरी गंग नहर का निर्माण जब शुरू हुआ तो तब लेफ्टिनेंट गवर्नर जेम्स थामसन ने कालेज की स्थापना की थी ताकि गंग नहर के निर्माण में इंजीनियरों और सर्वेक्षकों की मदद की जा सके। अपनी स्थापना से लेकर आज तक 175 वर्षों में इस संस्थान ने देश को तकनीकी मानव संसाधन और जानकारी देने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की देश के आइआइटी संस्थानों में पांचवें स्थान पर आता है। वहीं यह संस्थान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में 369वें स्थान पर है।

24 से अधिक संकायों का संचालन कर रहा है संस्थान

176 साल पूर्व जब इस संस्थान की स्थापना की गई थी तब इसमें केवल सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े गिने-चुने संकाय ही थे और आज यह संस्थान 24 से ज्यादा संकायों का संचालन कर रहा है। इनमें प्रमुख रूप से अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी,डिजाइन विभाग,जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन,बी आर्क, नैनो प्रौद्योगिकी, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन,परिवहन प्रणालियां, विद्युत अभियंत्रण, इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, रासायनिक अभियांत्रिकी, कंप्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी , भूकम्प अभियांत्रिकी, कागज प्रौद्योगिकी, पालिमर एवं प्रोसेस अभियांत्रिकी भौतिकी विभाग, जल विज्ञान विभाग, जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा,प्रबंधन विभाग, गणित विभाग,यान्त्रिकी एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी आदि शामिल हैं।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर केके पंत ने छात्रों से कहा कि संस्थान में छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा एवं गणित सभी क्षेत्रों में समान अवसर दिए जा रहे हैं। एनआइआरएफ रैंकिंग-2023 में आइआइटी रुड़की को भारत में वास्तुकला एवं नियोजन के शीर्ष संस्थानों के रूप में स्थान मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के कार्यान्वयन में भी संस्थान सबसे आगे है।

# ये है फजी यूनिवर्सिटी




यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन ने 20 यूनिवर्सिटी को फर्जी घोषित कर दिया है। इनमें दिल्ली के आठ विश्वविद्यालय भी शामिल है। यूजीसी ने कहा कि इन संस्थानों को छात्रों को कोई भी डिग्री देने का अधिकार नहीं है। दिल्ली के अलावा कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल में भी फर्जी विश्वविद्यालय हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि यूजीसी के संज्ञान में यह आया है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत डिग्री प्रदान कर रहे हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों की ओर से प्रदान की गई डिग्री की न तो मान्यता होगी और न ही उच्च शिक्षा या रोजगार प्रयोजन के लिए मान्य होगी। इन विश्वविद्यालयों को कोई डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं है।

**दिल्ली में आठ फेक यूनिवर्सिटी**

दिल्ली में आठ फर्जी विश्वविद्यालय हैं। इनमें अखिल भारतीय सार्वजनिक और शारीरिक स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, व्यावसायिक विश्वविद्यालय, एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी, कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज, संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय, भारतीय विज्ञान एवं इंजीनियरिंग संस्थान, स्व-रोजगार के लिए विश्वकर्मा मुक्त विश्वविद्यालय और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय शामिल हैं।

**यूपी में चार फर्जी विश्वविद्यालय**

उत्तर प्रदेश में चार फर्जी विश्वविद्यालय हैं। इनमें गांधी हिंदी विद्यापीठ, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कॉम्प्लेक्स होम्योपैथी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस विश्वविद्यालय (मुक्त विश्वविद्यालय) और भारतीय शिक्षा परिषद शामिल हैं। इसके अलावा कर्नाटक, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल में भी फर्जी विश्वविद्यालय हैं।

**इन राज्यों में भी फर्जी विश्वविद्यालय**

आंध्र प्रदेश में क्राइस्ट न्यू टेस्टामेंट डीम्ड यूनिवर्सिटी, बाइबिल ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया को फेक घोषित किया गया है। पश्चिम बंगाल में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च को फर्जी घोषित किया है। वहीं, कर्नाटक की बदगानवी सरकार वर्ल्ड ओपन यूनिवर्सिटी एजुकेशन सोसाइटी, केरल की सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी को फर्जी घोषित किया गया है।

महाराष्ट्र की राजा अरबी यूनिवर्सिटी, पुडुचेरी की श्री बोधि एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

पिछले साल यूजीसी ने 21 विश्वविद्यालयों की एक लिस्ट जारी की थी जिसमें इन यूनिवर्सिटीज को फर्जी बताया गया था। इस साल भी कई विश्वविद्यालयों का नाम इस लिस्ट में है।

यूजीसी के अनुसार, विश्वविद्यालय केवल तभी डिग्री देने के लिए अधिकृत हैं, जब वे केंद्रीय, राज्य/प्रांतीय अधिनियम के तहत स्थापित हों, या उन्हें डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता प्राप्त हो। इसके अलावा, संसद के एक अधिनियम द्वारा विशेष रूप से सशक्त संस्थानों को भी छात्रों को डिग्री प्रदान करने का विशेषाधिकार है।